RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 290
फरीदाबाद, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आखिरी वनडे में बारिश न पड़ने की दुआ करेगा भारत

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,681 | ▲ | 177 |
| निफ्टी | 18,618 | ▲ | 55.30 |
| सोना | 53,046 | ▲ | 243 /10 gm |
| चांदी | 62,800 | ▲ | 416 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 12.00°C


## क्विक न्यूज

### एयर इंडिया और विस्तारा का विलय मार्च 2024 तक



**हैदराबाद।** सिंगापुर एयरलाइंस की ओर से कहा गया है कि विस्तारा का एयर इंडिया में विलय करने का लक्ष्य मार्च 2024 तक रखा गया है। विस्तारा एयरलाइंस में टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस दोनों की पार्टनरशिप है। टाटा संस व सिंगापुर एयरलाइंस ने बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के मुताबिक, एयर इंडिया और विस्तारा का विलय मार्च 2024 तक किया जाएगा। सिंगापुर एयरलाइंस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस ने बातचीत के बाद यह निर्णय लिया है।

### बंगाल के पूर्व मंत्री मानव मुखर्जी का निधन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और माकपा के वरिष्ठ नेता मानव मुखर्जी का मंगलवार को यहां दिल का दौरा पड़ने की वजह से निधन हो गया। पार्टी ने बताया कि 67 वर्षीय मुखर्जी ने अस्पताल ले जाने के दौरान आखिरी सांस ली। वह वाम मोर्चा की सरकार में 1996 से 2011 तक मंत्री थे। उन्होंने पर्यटन, पर्यावरण और सूचना प्रौद्योगिकी समेत विभिन्न महकमों की जिम्मेदारी संभाली थी।

### कोर्ट ने रेप के दो आरोपियों को सुनाई मौत की सजा

**ओडिशा।** ओडिशा के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मंगलवार को आठ साल की बच्ची से रेप के दो आरोपियों को मौत की सजा सुनाई है। मामला 2014 का है। नाबालिग दुकान से चॉकलेट खरीद कर घर लौट रही थी तभी चार लोगों ने उसे किडनैप कर लिया। इसके बाद नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। बाद में दो आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

### सीमा पर दो पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए



**चंडीगढ़।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा दो पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया गया और अमृतसर व तरनतारन जिलों में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दो हेक्साकॉप्टर ड्रोन के जरिए करीब 10 किलोग्राम हेरोइन की तस्करी की जा रही थी जिसे बीएसएफ कर्मियों ने बरामद कर लिया।

### मरीज ने निगले 187 सिक्के गैस्ट्रोटॉमी सर्जरी के बाद निकाले

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बागलकोट में 58 साल के व्यक्ति के पेट से 187 सिक्के निकाले गए। रायचूर जिले के लिंगसुगुर शहर के रहने वाले दयमप्पा हरिजन को पेट दर्द होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था। जब डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी की तो पता चला की उसके पेट में हर जगह सिक्के हैं। इसके बाद गैस्ट्रोटॉमी सर्जरी से पेट से सिक्के निकाले गए।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

पहली बार हरियाणा दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# रोडवेज में ई-टिकटिंग, सीएम स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना की शुरुआत की

### सिरसा में 21 एकड़ भूमि पर बनेगा चिकित्सा महाविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को अपने पहले हरियाणा दौरे पर कुरुक्षेत्र पहुंची। राष्ट्रपति ने कुरुक्षेत्र में 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2022' का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने यहां हरियाणा सरकार की तीन योजनाओं की शुरुआत की। इसके बाद वह एनआइटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने पहुंचीं।

राष्ट्रपति ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। कुरुक्षेत्र के तट पर बनी सरस्वती नदी पर वेदों पुराणों को लिपि बंद किया गया था। कहा कि मैं अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस करती हूं कि श्रीकृष्ण की भूमि कुरुक्षेत्र से मुझे हरियाणा का अपना पहला सफर शुरू करने का अवसर मिला। महाभारत के उस क्षेत्र की तुलना स्वर्ग से की जाती है। जो लोग कुरुक्षेत्र में निवास करते हैं वह साक्षात स्वर्ग में निवास करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी गीता के बताए हुए मार्गदर्शन पर चलकर देश का भला किया है। गीता पर उन्होंने अपनी कई कविताएं भी लिखी हैं। राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना का शुभारंभ किया और सिरसा जिले में 21 एकड़ भूमि पर बनने वाले चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि मुझे गीता में कही हुई बातें याद दिलाती हैं कि लोगों के हित में काम करना चाहिए, जो यह दोनों योजनाएं कर रही हैं। इन दोनों योजनाओं के लिए राज्य सरकार की प्रशंसा करती हूं।

### फरीदाबाद सहित छह डिपो पर मिलेंगी ई-टिकट

**राष्ट्रपति** ने हरियाणा परिवहन में ई-टिकटिंग प्रणाली का शुभारंभ किया। इसके बाद छह डिपो चंडीगढ़, करनाल, फरीदाबाद, सोनीपत, भिवानी और सिरसा में ई-टिकटिंग के तहत बसों में टिकटें दी जाएंगी। हरियाणा रोडवेज के शेष 18 डिपो में जनवरी 2023 के अंत तक परियोजना को पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

# जिस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं वहां उद्योग नहीं फल-फूल सकते: राजनाथ

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है, वहां उद्योग और व्यवसाय कभी नहीं फल-फूल सकते।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस सीएसआर सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने यह भी कहा, सैनिकों का कल्याण, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, केवल सरकार का दायित्व नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सभी का कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण को प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी करार देते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान देने की अपील की।

सिंह ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है, वहां उद्योग और व्यवसाय कभी नहीं फल-फूल सकते। उन्होंने बड़े कॉर्पोरेट दानदाताओं के समर्थन की सराहना की जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों में कोष में पर्याप्त वृद्धि हुई है। सिंह ने सैनिकों तथा राष्ट्र की भलाई के लिए और भी अधिक योगदान देने के लिए समुदाय का आह्वान किया।

सुप्रीम कोर्ट से टकराव के बीच केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# कॉलेजियम के सुझाए दो जजों की बॉम्बे हाईकोर्ट में होगी नियुक्ति

### नियुक्ति की जानकारी कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट के जरिए दी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जजों** की नियुक्ति के लिए अपनाई जाने वाली कॉलेजियम प्रक्रिया को लेकर केंद्र और सुप्रीम कोर्ट के बीच टकराव बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच सामने आया है कि बॉम्बे हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा भेजे गए दो नामों को केंद्र ने मंजूरी दे दी है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट के जरिए ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के तहत बॉम्बे हाईकोर्ट के दो वरिष्ठ वकीलों संतोष गोविंदराव चपलगांवकर और मिलिंद मनोहर सथाये को एडिशनल जज के रूप में प्रमोट कर दिया गया है।

केंद्र ने यह कदम तब उठाया है जब सोमवार को कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी में देरी से जजों के प्रमोशन पेंडिंग होने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए केंद्र को फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को फटकार लगाते हुए कहा था कि कानून है उसे तो मानना ही होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि केंद्र के इस रवैये से न्यायिक प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हो रही है।



### मौलिक कर्तव्यों को लागू करने की मांग, जवाब दाखिल न करने पर एससी ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 51ए में निर्धारित मौलिक कर्तव्यों को लागू करने की मांग को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से जवाब दाखिल नहीं होने पर नाराजगी जताई है। वहीं केंद्र और राज्य सरकारों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने चार हफ्तों का समय दिया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने अगर तय समय में हलफनामा दाखिल नहीं किया तो 25 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछली बार केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल करने लिए समय की मांग की थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस मामले में कोई भी जवाब दाखिल नहीं किया। मामले में अभी तक सिर्फ यूपी और कर्नाटक ने जवाब दाखिल किया है। याचिकाकर्ता दुर्गा दत्त ने संविधान के अनुच्छेद 51ए में निर्धारित मौलिक कर्तव्यों को लागू करने की याचिका दायर की है। वहीं याचिका पर पहले पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि क्या कानून मंत्रालय की वेबसाइट पर मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने के लिए उठाए कदमों की जानकारी है।

### सौरभ कृपाल के नाम पर फिर विचार करने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सीनियर एडवोकेट सौरभ कृपाल को दिल्ली हाईकोर्ट के जज के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश पर आपत्ति जताई है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से उनके नाम पर फिर विचार करने के लिए कहा है। इसके अलावा, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए भेजे गए कई नाम भी एससी कॉलेजियम को वापस भेज दिए हैं। सौरभ समलैंगिक हैं और एलजीबीटीक्यू के अधिकारों के लिए मुखर रहे हैं। उन्होंने 'सेक्स एंड द सुप्रीम कोर्ट' किताब को एडिट भी किया है। वह भारत के पूर्व सीजेआई बीएन कृपाल के बेटे हैं। पिछले साल, भारत के तत्कालीन सीजेआई एनवी रमना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने सौरभ की पदोन्नति की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के एक बयान में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 नवंबर, 2021 को हुई बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट में जज के रूप में सौरभ की पदोन्नति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कृपाल का नाम बार-बार सरकार को भेजा गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी को लेकर दिया विवादित बयान

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'क्या रावण की तरह मोदी के सौ मुख हैं'

### खड़गे ने खुद को अछूत और प्रधानमंत्री मोदी को झूठों का सरदार बताया था

**एजेंसी।** अहमदाबाद



**गुजरात** चुनाव के लिए जारी प्रचार में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। अहमदाबाद में सोमवार को जनसभा के दौरान खड़गे ने कहा कि क्या रावण की तरह मोदी के सौ मुख हैं? मुझे समझ नहीं आता। रविवार को सूरत में जनसभा के दौरान खड़गे ने खुद को अछूत और प्रधानमंत्री मोदी को झूठों का सरदार बताया था।

बेहरामपुरा में जनसभा के दौरान खड़गे ने कहा, प्रधानमंत्री बोलते हैं कि कहीं और मत देखो। मोदी को देखकर वोट दो। कितनी बार तुम्हारी सूरत देखें? हमने कॉर्पोरेशन चुनाव में तुम्हारी सूरत देखी। एमएलए चुनाव में, एमपी इलेक्शन में सूरत देखी। हर जगह पर, क्या रावण की तरह आपके 100 मुख हैं। मुझे समझ नहीं आता।

कांग्रेस अध्यक्ष का बयान आने के बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि खड़गे गुजरात विधानसभा चुनाव का प्रेशर नहीं सह पा रहे हैं। इधर संबित पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रावण कहना घोर अपमान है। सबसे पहले कांग्रेस की चीफ रह चुकीं सोनिया गांधी ने मोदी को मौत का सौदागर कहकर संबोधित किया था। आखिर इन लोगों को क्या मिलता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम को रावण कहा है।

इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। ये सिर्फ मोदी जी का अपमान नहीं, बल्कि पूरे देश और गुजरात का अपमान है। ये सिर्फ खड़गे का बयान नहीं है, बल्कि सोनिया और राहुल का बयान है।

### सीएम की घोषणा, हर तहसील में हेलीपैड बनाएगी महाराष्ट्र सरकार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर तहसील में एक हेलीपैड बनाएगी और राज्य में रनवे विस्तार पर काम करेगी ताकि लोगों की चिकित्सा सहायता सही से मिले। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी के निदेशक मंडल की 81वीं बैठक में सीएम शिंदे ने यह घोषणा की। घोषणा करते हुए सीएम शिंदे ने अधिकारियों को रनवे और हवाई अड्डों के विस्तार का काम एक साथ करने का भी निर्देश दिया। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक दीपक कपूर ने बताया कि महाराष्ट्र में 15 हवाई अड्डे और 28 हवाई पट्टी हैं।

# डोभाल बोले, इस्लाम का मतलब शांति कट्टरता-आतंकवाद इससे बिल्कुल उलट

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**इस्लाम** में जिहाद का मतलब इंद्रियों और अहंकार के खिलाफ लड़ाई है, न कि निर्दोषों के खिलाफ। अतिवाद और कट्टरता, धर्म का बिगड़ा हुआ रूप हैं। इनके खिलाफ लड़ाई को धर्म विशेष के लिए टकराव के तौर पर नहीं देखना चाहिए।

एनएसए अजीत डोभाल इंडिया ने ये बात इस्लामिक कल्चरल सेंटर में कहीं। वे भारत और इंडोनेशिया में आपसी शांति और सामाजिक सद्भाव की संस्कृति को बढ़ावा देने में उलेमाओं की भूमिका पर बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों ही आतंकवाद और अलगाववाद के शिकार रहे हैं। काफी हद तक इन चुनौतियों पर काबू पा लिया है, लेकिन सीमा पार से हो रहा आतंकवाद और आईएसआईएस से प्रेरित घटनाएं मानवता के लिए खतरा हैं। उलेमाओं की ये चर्चा हिंसक चरमपंथ, आतंकवाद और कट्टरता के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करेगी।

एनएसए ने इस्लाम की तारीफ करते हुए कहा, इस्लाम कहता है कि जिहाद का सबसे उत्कृष्ट रूप 'जिहाद अफजल' है, यानी किसी का इंद्रियों या अहंकार के खिलाफ जिहाद- न कि निर्दोषों के खिलाफ। ऐसा लक्ष्य जिसके लिए अतिवाद, कट्टरता और धर्म गलत इस्तेमाल होता है। वो सही नहीं है, बल्कि धर्म का बिगड़ा रूप है, जिसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है।

### आंध्र प्रदेश सीएम की बहन को कार समेत क्रेन से खींचा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में तेलंगाना के सीएम का विरोध करने पर पुलिस ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की बहन को कार समेत उठा लिया। वाकया मंगलवार का है, जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन और शर्मिला रेड्डी केसीआर के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने शर्मिला की कार को क्रेन से खींच लिया। जिस समय पुलिस क्रेन कार को खींचकर ले जा रही थी, तब शर्मिला रेड्डी कार के अंदर मौजूद थीं। केसीआर के खिलाफ नारे लगा रही थीं।

### नक्सलियों ने की सुरक्षाबलों के शिविर पर गोलीबारी, एक जवान शहीद

**एजेंसी।** रायपुर



**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के शिविर के करीब गोलीबारी की। इस घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन का प्रधान आरक्षक शहीद हो गया।

शाम करीब पांच बजे जब जवान डब्बाकोंटा गांव में बने नए शिविर और पेंटापाड़ जंगल के मध्य सुरक्षा में तैनात थे तभी नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुलेमान घायल हो गया। जवान को सीआरपीएफ के अस्पताल में भेजा गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गुरु जंभेश्वर विवि में छात्रों ने किया हंगामा

**हिसार।** हरियाणा की हिसार स्थित गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी (जीजेयू) में आज यूथ फेस्टिवल के शुभारंभ होते ही ऑडिटोरियम में हंगामा हो गया। विरोध करने वालों में सचिन, नवदीप दलाल राष्ट्रीय सचिव एनएसयूआई, आकाश यादव, नीतीश जांगू शामिल है। युवाओं ने कुछ दिनों पहले एक छात्र सचिन के बाइक का चालान करवाने से नाराजगी जाहिर करते हुए मंच पर विरोध किया था।

पंजाब-हरियाणा समेत पांच राज्यों में एनआईए की रेड

# गैंगस्टर लॉरेंस के करीबी काला राणा का गुर्गा किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी



**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह एक साथ पांच राज्यों में गैंगस्टर के 20 ठिकानों पर रेड की है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब व राजस्थान में एनआईए की कार्रवाई चल रही है। एजेंसी गैंगस्टर के गठजोड़ का रिकॉर्ड खंगाल रही है। नजर लॉरेंस और उसके गुर्गों का पाकिस्तान और दूसरे देशों में बैठे आतंकियों से कनेक्शन पर है।

टीम ने यमुनानगर से लॉरेंस के करीबी काला राणा के गुर्गे सिमरनजीत बावा को हिरासत में लिया है। बावा कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर छूटकर आया था। उसके घर एनआईए ने सुबह पांच बजे रेड की। दरअसल, कई माह पंजाब पुलिस की कस्टडी में रहने के बाद कुछ दिन पहले एनआईए ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को पंजाब की बठिंडा सेंट्रल जेल से रिमांड पर लेकर एजेंसी दिल्ली पहुंची थी।

गुजरात में पहले फेज के चुनाव के लिए प्रचार थमा

# मोरबी, कच्छ सहित 89 सीटों पर वोटिंग कल, 788 उम्मीदवार मैदान में

**एजेंसी।** अहमदाबाद

### 19 जिलों में होने वाली वोटिंग में दो करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक दिसंबर (कल) को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया है। पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान होगा, इसके लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस दौरान मोरबी, कच्छ, राजकोट, पोरबंदर और जूनागढ़ जैसी सीटों पर वोटिंग होगी। 19 जिलों में होने वाली वोटिंग में दो करोड़ से ज्यादा वोटर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे।

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में एक और पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। 182 सीटों के लिए हो रहे इस चुनाव में एक दिसंबर को 89 सीटों पर और पांच दिसंबर को 93 सीटों पर वोटिंग होगी।

नतीजे आठ दिसंबर को यानी हिमाचल विधानसभा चुनाव के साथ ही आएंगे। राज्य में इस बार 4.6 लाख लोग पहली बार वोट करेंगे। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को खत्म हो रहा है। पहले चरण में बीजेपी और कांग्रेस सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी ने 88 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा है। बहुजन समाजवादी पार्टी ने भी 57 प्रत्याशियों टिकट दिया है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने सिर्फ छह प्रत्याशी मैदान में हैं।




चुनाव प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन जिलों में चार जनसभाओं को संबोधित किया। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भावनगर ने रोड शो किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मांडवी और गांधीधाम में प्रचार किया। इन क्षेत्रों में बीजेपी ने बीते 20 दिन में 160 से ज्यादा जनसभाएं, रैली और रोड शो किए हैं। अभी बीजेपी की ओर से भूपेन्द्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआरपाटिल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि राज्य में कोई बदलाव नहीं होगा।

बीजेपी के अलावा कांग्रेस और आप भी मैदान में हैं। हालांकि दोनों पार्टियों ने अब तक सीएम पद के लिए प्रत्याशी की नहीं की है। बात कांग्रेस की करें तो पार्टी में भरत सोलंकी, अर्जुन मोढवाडिया, शक्ति सिंह गोहिल मुख्यमंत्री पद के लिए रेस में सबसे आगे हैं।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेंट कॉलम्बस स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन, अभिनेत्री करिश्मा कपूर और मदालसा शाह: दोपहर 4 बजे
- जवाहर कॉलोनी एयरफोर्स रोड स्थित श्री राम मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन : सुबह 9 बजे, कथा शाम 3 बजे
- बाबा सूरदास की तपोस्थली बाबा सूरदास धर्मशाला तिलपत धाम में श्री मत् भगवत कथा: दोपहर 1 बजे
- बीपीटीपी स्थित पार्क फ्लोर दो में प्रदर्शन जारी: सुबह 10 बजे

# भ्रष्टाचार का परिणाम है करोड़ों रुपये से बनीं आरएमसी सड़कों के गड्ढे

## करोड़ों की आरएमसी सड़क पर पेचवर्क कराने को मजबूर हो रहे लोग

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम अधिकारी आरएमसी रोड की मजबूती और लंबी मियाद का दावा करते हुए वर्षों से इन सड़कों पर सरकार का करोड़ों अरबों रुपया पानी की तरह बहा रहे हैं। पिछले कुछ सालों में बन रही आरएमसी सड़कें निर्माण के कुछ समय बाद ही टूटनी शुरू हो जाती हैं। हालत यह है कि अब लोगों को आरएमसी सड़कों पर भी पेचवर्क करवाना पड़ रहा है।

आमतौर पर लैंटर की मियाद 50 साल मानी जाती है, लेकिन निगम आरएमसी रोड का ठेकेदारों से पांच साल रख-रखाव का एग्रीमेंट करता है, लेकिन ठेकेदार निगम अधिकारियों से मिलीभगत कर कम्पलीशन लेकर भुगतान ले लेते हैं। सड़क टूटने पर मरम्मत कराना तो दूर ठेकेदार उस तरफ देखते तक नहीं हैं। घटिया सामाग्री के इस्तेमाल के कारण अनेक आरएमसी रोड बनने के कुछ दिनों बाद ही टूटने लगती हैं। इन्हीं सड़कों में शामिल है सेक्टर 21सी मार्बल मार्केट की सड़क। एचएसवीपी द्वारा दो करोड़ रुपये से बनवाई सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही टूटने लगी। इस सड़क के जानलेवा गड्ढों पर सेक्टर 21 सी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पेचवर्क करवाया जा रहा है। सड़क के निर्माण में हुए घोटाले की विजिलेंस जांच तो हो चुकी है, लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हुई।


सेक्टर 21सी के निवासी खुद करवा रहे हैं सड़क का पेचवर्क।


करोड़ों रुपये से बनी गौंछी ड्रेन की आरएमसी रोड।

### करोड़ों खर्च करके भी जर्जर सड़क

**निगम** द्वारा सबसे ज्यादा बजट आरएमसी सड़कों पर खर्च होता है। सड़कों का निर्माण कम करने के बावजूद भुगतान ज्यादा किया जाता है। इस बात का खुलासा पहले ही पिछले दिनों कई घोटाले उजागर होने पर हो चुका है। आरएमसी रोड के निर्माण में तारकौल की सड़कों से करीब दस गुणा ज्यादा लागत आती है। इसके बावजूद निगम अधिकारी और ठेकेदारों द्वारा मिलीभगत कर आरएमसी सड़कें ही बनाई जा रही हैं। जिसके कारण नगर निगम की कंगाली भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में नगर निगम वेतन और पेंशन देने में भी असमर्थता जताने लगा है। जिसके कारण निगम कर्मचारियों को अब वेतन की मांग को लेकर धरने-प्रदर्शन तक करने पड़ते हैं। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा आए दिन कहीं न कहीं आरएमसी सड़कों का निर्माण करवा कर सरकारी खजाने पर लगातार बोझ डाला जा रहा है। सड़क निर्माण की आड़ में चल रहे गोरखधंधों पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। विभागों द्वारा मजबूती का दावा करके बनाने के बावजूद शहर में हाल ही बनी कई आरएमसी रोड बुरी तरह जर्जर हो चुकी हैं।

### लोग खुद करवा रहे मरम्मत

**सेक्टर 21सी** मार्बल मार्केट का आधा अधूरा निर्माण करने के बाद ठेकेदार ने कभी इस तरफ झांकने का प्रयास भी नहीं किया। जबकि सड़क के पांच साल तक रख रखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। जिसके कारण घटिया सामाग्री से बनी यह सड़क जगह जगह से टूटनी शुरू हो गई। इस सड़क पर कई जगह गहरे गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इन गड्ढों की वजह से आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिर कर घायल हो रहे हैं। पिछले दिनों आई तेज बरसात में इस सड़क पर पानी भर गया था। इस जर्जर सड़क पर जलभराव में गड्ढों में फंसकर गिरने से एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसे देखते हुए स्थानीय निवासियों द्वारा इस सड़क की मरम्मत के लिए लगातार प्रशासन से शिकायत भी की जा रही थी। लेकिन प्रशासन द्वारा न करवाने पर अब वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 21 सी भाग एक द्वारा इस सड़क के गड्ढों पर अपने खर्च से पेचवर्क करवाया जा रहा है। ताकि लोगों को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया जा सके।


थाना सारन के सामने स्थित आरएमसी रोड की हालत।

### कार्रवाई के अभाव में भ्रष्टाचार

**सेक्टर 21** सी रिहायशी एरिया और मार्बल मार्केट की डिवाइडिंग रोड का निर्माण वर्ष 2015 में एचएसवीपी ने कराया था। सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही एचएसवीपी ने अधूरे कामों के साथ यह सेक्टर नगर निगम के हैंडओवर कर दिया। उधर इस सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार ने न केवल कई तरह काम अधूरे छोड़े हुए थे बल्कि सड़क की चौड़ाई भी काफी कम रखी थी। सड़क के बीच डिवाइडर और दोनों तरफ टाइल्स बिछाने का काम भी आज तक नहीं हुआ। निर्माण के कुछ दिनों बाद ही सड़क पर दरारें आनी शुरू हो गई थीं। जिसके कारण सड़क जगह जगह से टूटनी शुरू हो गई थी। दो करोड़ रुपये की सड़क को जर्जर होते देख समाजिक कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने ई-मेल के माध्यम से इसकी शिकायत स्टेट विजिलेंस से की थी। वर्ष 2018 में विजिलेंस द्वारा इस सड़क निर्माण की गहनता के साथ जांच की थी। जिसके बाद विजिलेंस ने निर्माण में खामिया देखते हुए सरकार को कार्रवाई करने के लिए लिखा था। इसके बाद से मामला ठंडे बस्ते में है।

### प्रशासन ने आंखें मूंदीं



**वेलफेयर** एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट्स, सेक्टर 21सी के प्रधान जगदीश चौहान ने बताया कि इस सड़क पर बने गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही थी। पिछले दिनों एक व्यक्ति की जान तक चली गई। वे सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर लगातार शिकायत कर रहे थे। लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में लोगों की जान बचाने के लिए एसोसिएशन द्वारा पेचवर्क करवाया गया है।

**निवेश गुरु**

**हर** व्यक्ति अमीर बनना चाहता है। भविष्य की जरूरतों के लिए लोग छोटी-मोटी बचत तो कर लेते हैं, लेकिन बचत और निवेश का सही तरीका पता नहीं होने की वजह से वे अमीर नहीं बन पाते। अगर आप निवेश में अनुशासन बनाये रखें तो आप भी करोड़पति बन सकते हैं। इक्विटी म्युचुअल फंड में नियमित निवेश कर लंबी अवधि में अपने वित्तीय लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। म्युचुअल फंड से मिलने वाला रिटर्न हालांकि शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है, लेकिन लंबी अवधि में एसआईपी के जरिए किया गया निवेश अच्छा रिटर्न देने में कामयाब रहा है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### आरडब्ल्यूए ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फरीदाबाद।** रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर द्वारा कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें रिक्शे द्वारा घरों से कूड़ा उठाने की शुरुआत की गई। आरडब्ल्यूए एसी नगर के प्रधान दिनेश बंसवाल, उपप्रधान बशारत हुसैन, महासचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कपूर मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रधान दिनेश बंसवाल ने कहा कि देश के प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए यह सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह रिक्शा लोगों के घरों से कूड़ा उठाएगा और उसे नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर फेंकेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए मामूली सा सेवा शुल्क देना होगा, जिसमें रिक्शा चालक का वेतन का भुगतान किया जा सके। दिनेश बंसवाल ने कहा कि एसी नगर को स्वच्छ और साफ सुथरा रखना हमारी सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी स्वच्छता को लेकर जागरूक होंगे तभी हमारी कॉलोनी आर्दश कॉलोनी बन पाएगी इसलिए आज से ही हमें ना गन्दगी फैलाना है और ना ही किसी को गन्दगी फैलाने देना है।

**क्विक न्यूज**

### हथियार सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्राभारी सेठी मलिक की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम दयानन्द है। आरोपी फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-29 की सब्जी मंडी से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक बटनदार चाकू बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना खेडीपुल में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी अपने दोस्तों में हवाबाजी के लिए बटनदार चाकू एत्मादपुर के पुल से किसी अनजान व्यक्ति से 500 रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

## दो से चार दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सीटीएम** अमित मान ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव दो से चार दिसंबर तक धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियां जवाबदेही के साथ तय की गई।

सीटीएम अमित मान ने सेक्टर-12 कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महोत्सव स्थल पर साफ-सफाई, शोभा यात्रा मार्ग की सफाई, झंडियां, चूना, बिजली के तारों को टाइट करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्यों को समय पर पूरा करें।


सीटीएम अमित मान कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण करते अधिकारी।

सीटीएम अमित मान ने इसके साथ ही गीता जयंती महोत्सव स्थल पर बिजली की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है वह पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक जिला में भी जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही निकला है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करें और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि तीन दिन के इस महोत्सव के दौरान विभाग, सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी प्रदर्शनी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लगाएंगे। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 12 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में अपनी-अपनी बेहतर रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। दूसरे दिन श्रीमद्‌भागवदगीता पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वक्ता गीता पर अपने-अपने विचार रखेंगे।

# मॉडर्न डीपीएस में वार्षिक उत्सव का आयोजन

## छात्रों ने दर्शकों को अपने जीवन में प्रेम दया एवं परोपकार आदि दैवीय गुण अपनाने की सीख दी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मॉडर्न** दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर 89 ग्रेटर फरीदाबाद के भव्य प्रांगण में 25 नवंबर 2022 को मुख्य अतिथि डॉ. रीमा भट्ट स्पेशलिस्ट मैटरनल मेडिसन अमृता हॉस्पिटल के सानिध्य में कक्षा तीन एवं चार के छात्रों द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया।

तत्पश्चात अपने स्वागत भाषण में विद्यालय के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. उदय वर्मा ने डॉ. रीमा भट्ट के व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट सेवाओं के विषय में श्रोताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'The Selfish Giant' नामक लघु नाटिका थी। जिसके माध्यम से छात्रों ने दर्शकों को अपने जीवन में प्रेम, दया एवं परोपकार आदि दैवीय गुणों को अपनाने तथा स्वार्थ भावना का त्याग करने की सीख दी। छात्रों ने अपने अनुपम नृत्य से सबका मन मोह लिया।


सेक्टर 89 ग्रेटर फरीदाबाद स्थित मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव का दीप जलाकर शुभारंभ करते विद्यालय के निदेशक उदय वर्मा और अन्य।

इस कार्यक्रम में छात्रों की शत-प्रतिशत भागीदारी रही। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने भाषण में निदेशक प्राचार्य महोदय के नेतृत्व, विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकगण एवं छात्रों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। छात्रा अरिक्ता एवं सायरा के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रेडक्रॉस द्वारा किए कार्यों से अवगत कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतीय** रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा शाखा के सौजन्य से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सचिव बिजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में विद्यालय प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस पर प्रतिभागी सदस्यों को रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, रेडक्रॉस फ्लैग, फ्लैग मास्ट, रेडक्रॉस सदस्यता आदि के विषय में बताया गया।

रिसोर्स पर्सन पीसी गौड़ ने रेडक्रॉस फ्लैग एवं फ्लैग मास्ट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी की रेडक्रॉस फ्लैग शांति का प्रतीक है और यह झंडा सभी से सदैव शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करता है। रिसोर्स पर्सन मीनू कौशल ने रेडक्रॉस की सदस्यता, आजीवन सदस्यता और नामांकन के विषय में बताया। नेशनल सर्व मास्टर ट्रेनर और विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्रतिभागी सदस्यों और अध्यापकों से रेडक्रॉस द्वारा संचालित किए जा रहे प्रोजेक्ट जैसे नशा मुक्ति केंद्र, रैन बसेरों, सीनियर सिटीजन के लिए डोर टू डोर सहायता, रक्तदान, प्रोजेक्ट एचआईवी, टीबी उन्मूलन अभियान, टीबी रोगियों के लिए डाइट अभियान, अनीमिया मुक्त भारत सहित अन्य कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों के दायित्वों के विषय में भी चर्चा की तथा सदस्यों से आग्रह किया की रेडक्रॉस के मूल उद्देश्यों स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता के लिए समर्पित होकर जुड़े तथा मानवता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहें। जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक, अरविंद शर्मा एवं अन्य सहयोगियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का संचालन किया। शिविर में सम्मिलित सभी विद्यालय के सदस्यों ने प्रतिभागिता की।


सराय के सरकारी स्कूल में जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा।

# फायदेमंद होगी चिरआयु स्वास्थ्य योजना : कृष्णपाल गुर्जर

## गुर्जर ने हरियाणा चिर आयु योजना के तहत वितरित किए गोल्डन कार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में चिरआयु स्वास्थ्य योजना अंत्योदय परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिला फरीदाबाद में 141000 से अधिक परिवारों के 562000 से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इन सभी लोगों का साल में दो बार फ्री में स्वास्थ्य हेल्थ चेकअप किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर इलाज भी फ्री में किया जाएगा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मंगलवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल बीके में हरियाणा चिरआयु योजना के तहत गोल्डन कार्ड वितरण कार्य का शुभारंभ कर लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत के तहत आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में देश में फ्री में गरीबों की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का प्रदेश में विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय परिवारों को चिर आयु योजना के रूप में लाभान्वित करने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि चिर आयु योजना स्वास्थ्य सेवा के रूप में अंत्योदय परिवारों को स्वास्थ्य लाभ देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के ऐसे जरूरतमंद परिवारों को भी लाभ देने की शुरुआत की है, जिनका नाम वर्ष 2011 के सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना (एसईसीसी) डाटा में दर्ज नहीं था। ऐसे सभी व्यक्तियों के आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाये जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. रामभगत, डॉ. सुशील अहलावत, डॉ. राजेश श्योकंद, पीएमओ डॉ. सविता यादव, जिला नोडल अधिकारी डॉ. विशाल सक्सेना मौजूद रहे।


बीके अस्पताल में गोल्ड कार्ड वितरित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

नहीं सुनवाई होगी दीन फिर चुपचाप रो लेगा
वो अपने ज़ख़्म अपने आँसुओं से खुद ही धो लेगा
कुबेरों के समर्थन में खड़े हों जब बड़े तो फिर
ग़रीबों, वँचितों के हक़ में आख़िर कौन बोलेगा

# आयोग ने किया महिला संबंधित केसों का निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने फरीदाबाद एनआईटी 5 सी दास ग्रुप, रेडियो महारानी के बैठक कक्ष में प्रदेश के आधा दर्जन जिलों से सम्बंधित महिलाओं से सम्बंधित केसों की सुनवाई की।

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि आज पुलिस विभाग में विचाराधीन महिलाओं से संबंधित 35 केसों को हरियाणा के अलग-अलग जिलों से रजिस्टर्ड करके लाये थे। जिनमें पहले से कुछ मामले दर्ज थे। कुछ मुकदमे कोर्ट में चल रहे थे कुछ री-ओपन हुए थे। उसके बावजूद हमने यह बात भी कही की अगर किसी को भी अपना केस आज दर्ज करना है तो वो लिखित में एप्लीकेशन से सकता है। ऐसे करके हमारे पास 35 मामले और आये जिसमें हमने कुछ केसों को सुना और अगली बार के लिए समय दिया। हम पहले केस को खुद स्टडी करते हैं फिर केस से सम्बंधित थानों के अधिकारियों से बात करते हैं। उसके बाद हम प्रार्थी को बुलाते हैं। अलग-अलग तरह के केसों से सम्बंधित अधिकारियों से राय लेकर ही मामलों का निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014-15 में प्रदेश में महिला थाने खुलवाए ताकि महिलाएं अपनी बात को खुलकर कह सके। महिला आयोग का उद्देश्य है की महिलाओं से सम्बंधित केसों का निपटारा शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सके।


आयोग में आई शिकायतों का निपटारा करती हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया।

उन्होंने कहा कि हम समय-समय पर हर जिला में जाकर केसों के निपटारे का कार्यक्रम रखते हैं। इनमें जितने भी केस उस जगह के चौकी, थाने, महिला थाने में महिलाओं से सम्बंधित दर्ज होते हैं उनमें मामलों के लिए लोगों को बुलवाते हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों पार्टियों को समन करते हैं और थानों के अधिकारियों को बुलाते हैं। दोनों पार्टियों को आमने सामने बैठाकर दोनों पक्षों की बातों को सुनकर केस का निपटारा कराते हैं। यदि कोई एक पार्टी बुलाने के बाद भी नहीं आती तो दूसरी बार हम उनके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दे देते हैं। उन्होंने कहा कि आयोग का पहला उद्देश्य यही है कि दो पार्टियों को आमने-सामने बैठाकर उनकी सुलह कराई जाये। चाहे वो पति-पत्नी का मामला, जमीन का मामला चाहे किसी भी तरीके का मामला हो और इसके अलावा अपहरण या रेप के मामले में हम बिलकुल भी कोताही नहीं बरतते।

उन्होंने कहा कि हम प्रयास कर रहे है कि महिलाओं को न्याय के लिए धक्के न खाने पड़ें। जो महिलायें अपनी बात नहीं रख पाती हम पूरी कोशिश करते हैं कि हम उनकी बात सामने ला सकें। उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं से आह्वान किया कि महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं उनके मन में जो बात है। उन्होंने जो शिकायत रखी हैं वह खुलकर कहें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महिला थाने इसी लिए बनवाए थे कि महिलाएं अपनी बात बिना किसी डर के रख सकें।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2022 को सजनी पत्नि सोमवीर निवासी गांव जेसी नंगल, जिला अलीगड़ यू.पी. हाल किरायेदार सरकारी स्कूल के पीछे मस्जिद वाली गली गौंछी फरीदाबाद, घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फूट 2 इंच, उम्र 23 वर्ष। जिसने कुर्ता व आसमानी रंग का लेगी पहने हुए है। मुकदमा नं0 627 दिनांक 11.10.2022 थाना मुजेसर फरीदाबाद। अगर किसी को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरो पर सूचित करे। पुलिस चैकी संजय कालोनी सेक्टर 23 फरीदाबाद।

**प्रबंधक अफसर**- 9582200131, **मुदई**- 8750662814
**इंचार्ज चैकी**- 9582200162, 0129-2234020


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.11.2022 को तन्नु प्रिया पुत्री बैजू दास निवासी गांव वारिसपुर पट्टी, थाना भगवानपुर, जिला वैशाली बिहार हाल किरायेदार चाहतराम चन्दिला प्रतापगढ़ वाले का मकान मस्जिद वाली गली के पास जीवन नगर पार्ट 1 नजदीक लेबर चैक, सेक्टर 55 रोड, फरीदाबाद, अपने किराये के घर से गुम है। जिसका हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, कद करीब 5 फूट। जिसने ग्रे रंग का टॉप, नीले रंग की जीन्स पैरों मे गुलाबी रंग के जूते पहने हुए है। मुकदमा नं0 672 दिनांक 04.14.2022 थाना मुजेसर फरीदाबाद। अगर किसी को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरो पर सूचित करे। पुलिस चैकी संजय कालोनी सेक्टर 23 फरीदाबाद।

**संपर्क सूत्र**- 9582200162, 9718059922, 9315728803, 9540617870

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.10.2022 को कुसुमलता पत्नि मोहनस्वरूप निवासी गली नं0 3 नजदीक वीना कानवेन्ट स्कुल, धीरज नगर, फरीदाबाद, बिना बताए कहीं चली गयी है। जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, कद 5 फूट 4 इंच। जिसने लाल रंग का छापेदार सुट पैरों मे चप्पल पहने हुए है। मुकदमा नं0 699 दिनांक 20.11.2022 थाना पल्ला फरीदाबाद। अगर किसी को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरो पर सूचित करे।

**कंट्रोल रूम फरीदाबाद**-0129-2227200, **एस.एच.ओ पल्ला फरीदाबाद**- 9582200139, **एचसी अजीत सिंह**- 9467714832

# बीके : कार्ड में मरीज का नाम बदला, परिजन हलकान

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आए दिन पंजीकरण के दौरान गलत नाम डालने के मामले सामने आते हैं, आधार कार्ड देने के बावजूद मरीजों के नाम की स्पेलिंग में मिस्टेक होती है, लेकिन मंगलवार को एक अलग ही मामला उस वक्त सामने आया, जब मरीज आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम करने पहुंचा तो पता चला कि कागजों में उसका नाम गलत है। अस्पताल में पंजीकरण किसी और नाम से किया गया है। इसका पता चला तो चिकित्सकों से उसे नाम सही कराने को कहा गया, लेकिन उसे मंत्री के दौरे के दौरान कर्मचारी करीब पौने घंटे तक सीट पर नहीं मिले। जिसके बाद कर्मचारी ने आकर उसके कार्ड पर नाम बदला। कर्मचारी से इस विषय में बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उसकी ड्यूटी में यह नहीं हुआ। सोमवार की दोपहर को ड्यूटी के दौरान यहां से पर्ची बनी है। ऐसे में इसका जिम्मेदार कौन यह है, इस बारे में वह नहीं जानते।

**यह है पूरा मामला :** डबुआ कॉलोनी निवासी लक्ष्मण ने बताया कि उसके पिता गोकुल चंद को बीके अस्पताल में हृदय आरोग्य केन्द्र में सोमवार की दोपहर को लाया था। जिसकी जांच के बाद डॉक्टर ने उसे भर्ती कर लिया था, लेकिन आधार कार्ड देने के बाद भी उसका पंजीकरण कमरा नम्बर 40 से गोकुल चंद की बजाय संदीप आर्य 45 वर्ष नंगला, जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद कर दिया गया। जबकि पर्ची पर उसका नाम गोकुल चंद 74 वर्ष लिखा था। वहीं इस विषय में जब हार्टसेंटर में तैनात कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. ओमजीवन से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि गोकुल चंद को पहले दो स्टंड डाले गए थे। अब उन्हें सीओपीडी के कारण भर्ती किया गया है। सोमवार दोपहर से वह अस्पताल में भर्ती हैं। आयुष्मान योजना के तहत सीओपीडी के मरीज भर्ती नहीं किए जाते।


लक्ष्मण सिंह कागज दिखाते हुए।


हार्ट सेंटर के कार्ड की फोटो।

**कागजों में गड़बड़ :** डॉ. ओमजीवन ने बताया कि कागजों में गड़बड़ थी, जिन्हें ठीक करवाने के लिए मरीज के बेटे लक्ष्मण सिंह को कहा गया था। उसके बाद क्या हुआ, कुछ नहीं पता। वहीं लक्ष्मण सिंह ने आरोप लगाया कि बीके अस्पताल के कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। उनके पिता का नाम और उम्र दोनों ही बदल दिया है। ऐसे में किसी अन्य गंभीर मरीज के साथ यह हुआ, होता तो बड़ी मुश्किल हो सकती थी।

# जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मारा छापा

### टेक्नीशियन कर रहा था अल्ट्रासाउंड करके लिंग जांच, महिला समेत सात नामजद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिंग जांच करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी यूपी के पिलखुआ में महिलाओं को ले जाकर अल्ट्रासाउंड के माध्यम से लिंग जांच करने का काम करते थे। इस कार्य एक टेक्नीशियन पिछले दो माह से कर रहा था। आरोपी को टीम ने लिंग जांच करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी तरफ टीम ने पैसे लेने वाली एक महिला और पुरुष के अलावा रिपोर्ट तैयार करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कराया है। मौके पर मिली अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करवा दिया है।

**ये है पूरा मामला :** टीम के नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को शिकायत मिली कि कुछ लोग लिंग जांच करवा रहे हैं। जिस पर उन्होंने डॉ. मान सिंह को नोडल अधिकारी बनाकर डॉ. राम निवास, डॉ. ज्योति और नर्सिंग ऑफिसर इंचार्ज रौनक को भेजा। टीम ने नकली ग्राहक ममता को सम्पर्क के लिए भेजा। सुबह पांच बजे टीम ने हापुड पहुंच कर वहां के स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क करके पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री को संग लिया और पिलखुआ के चंडी मंदिर के पास से वैगानार गाड़ी में मोनू नाम का युवक महिला को अकेले बैठा कर जांच के लिए संस्कार अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ले गया। जहां अल्ट्रासाउंड कर महिला से दस हजार रुपये लिए गए। मोनू महिला को वापस उसी जगह लाया और उसने फोन पर पूछकर महिला को बताया कि गर्भ में लड़का है। युवक वहां से जाने की लगा कि टीम ने उसे दबोच लिया। जिसके बाद उसे अल्ट्रासाउंड सेंटर लाया गया। जहां जांच में पता चला कि वह टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड करता है। कागजों की जांच करने पर पता चला कि फर्जी ग्राहक ममता का अल्ट्रासाउंड बिना फार्म भरवाए और बिना आइडी के किया गया है। डॉ. मान सिंह ने बताया कि पैसों की रिकवरी में पांच सौ रुपये महिला कर्मचारी लक्ष्मी के पास से और साढ़े नौ हजार रुपये मोनू के पास से मिले। वहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर रोहित शर्मा के द्वारा बनाई गई रिपोर्ट पर टेक्नीशियन प्रवीन कुमार ने डॉ. पीके खरे के साइन किये थे। अल्ट्रासाउंड मशीन डॉ. पीके खरे के नाम से रजिस्टर्ड है। वहीं संस्कार अल्ट्रासाउंड सेंटर डॉ. धीरज के नाम रजिस्टर्ड है। प्रवीन ने बताया कि वह पिछले दो माह से यहां अल्ट्रासाउंड कर रहा है। मालिक और अल्ट्रालॉजिस्ट को वह अब तक नहीं मिला है। वह कभी नहीं आए। जिस पर टीम ने डॉ. धीरज, डॉ. पीके खरे, टेक्नीशियन प्रवीन कुमार, ऑपरेटर रोहित, लक्ष्मी, मोनू और मुकेश चौहान (जो ग्राहक लाने का काम करता है) के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।


सील की गई अल्ट्रासाउंड मशीन और रंगेहाथ पकड़े गए आरोपियों के संग फरीदाबाद और हापुड के स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य।

# जरूरतमंदों के नाम भी आयुष्मान कार्ड की लिस्ट से बाहर

### लिस्ट में कई तरह की त्रुटियों के कारण लोगों को रही परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कृष्ण कुमार।


प्रेम कपूर।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में मंगलवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने हरियाणा चिर आयु योजना के तहत गोल्डन कार्ड वितरण किए, लेकिन इस दौरान एक लाख 80 हजार रुपये से कम आयु वाले कुछ लोग यहां परेशान नजर आए। जिसमें कुछ के परिवार का नाम था, तो कुछ के नहीं। ऐसे में कार्ड न बन पाने के कारण वह परेशान नजर आए। उनका कहना था कि अधिक आय वाले लोगों के भी कार्ड बन रहे हैं तो उनके क्यों नहीं। मंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है। लेकिन इसका क्या फायदा, क्योंकि किसी के कार्ड बन रहे हैं, किसी के नहीं।

**केवल बच्चों के कार्ड :** कृष्ण कुमार ने बताया कि वह एनएच-तीन में डीएवी कॉलेज के निकट रहते हैं। उसके परिवार पहचान पत्र में उसकी आय एक लाख 20 हजार रुपये हैं। उसके परिवार में पत्नी पूनम के अलावा तीन बच्चे चंदन, चांदनी और आयुष शामिल हैं। उसने बताया कि वह आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आया है। यहां जांच के बाद पता चला कि उसके तीन बच्चों के नाम तो हैं, लेकिन उसका और उसकी पत्नी का नाम ही आयुष्मान भारत योजना में नहीं है। ऐसे में उसे अब यहां से सेक्टर-12 भेजा जा रहा है। आयुष, चंदन और चांदनी के कार्ड तो बन जाएंगे। लेकिन अपने और पत्नी के कार्ड के लिए उन्हें धक्के खाने को मजबूर होना पड़ेगा।

**40 हजार इनकम :** एनएच-एक में रहने वाले प्रेम कपूर ने बताया कि उनके परिवार में छह सदस्य हैं। परिवार पहचान पत्र में उनकी आय 40 हजार रुपये है, लेकिन उनका नाम भी आयुष्मान भारत योजना में नहीं है, ऐसे में उन्हें परिवार पहचान पत्र में लिखी आय की वैरीफिकेशन कराने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह कहां-कहां धक्के खाएंगे।

# खुलासा : 75 प्रतिशत लोगों को नहीं मिल रहा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** में प्रत्येक वर्ष 15 मिलियन युवा वर्कफोर्स के रूप में शामिल होते हैं जबकि उनमें से 75 प्रतिशत को रोजगार नहीं मिलता। सीआईएमई में 2019 में जो आंकड़े प्रस्तुत किये हैं उनके अनुसार 34 प्रतिशत युवा जिनकी आयु 20 से 24 वर्ष के बीच है बेरोजगार हैं जबकि आठ मीलियन युवा जॉब सीकर के रूप में प्रत्येक वर्ष बाजार में आते हैं।

देश में स्किल ट्रेनिंग लिये हुये वर्कफोर्स की संख्या 2.3 प्रतिशत ही हैं। ऐसे में डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सरकार व उद्योगों को एकजुट कर युवाओं का एक सुदृढ़ सैल बनाने का निर्णय लिया है। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा के अनुसार उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता जबकि स्किलिंग सेक्टर के प्रभावी योगदान से युवाओं के लिये रोजगार को सुनिश्चित किया जा सकता है। मल्होत्रा के अनुसार आवश्यकता इस बात की है कि शैक्षणिक ढांचे को रोजगारोन्मुखी बनाया जाये। आपने कहा कि रोजगार के लिये जॉब प्रोवाइडर्स की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। आपने इसके लिये स्किल डेवलपमैंट की प्रभावी नीति तैयार की जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने मांग की है कि इस संबंध में कॉलेजों में उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जानी चाहिए। यही नहीं ऐसी वर्कशाप आयोजित की जानी चाहिए जिनसे युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित किया जा सके। मल्होत्रा व डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के एडवाईजर एमपी रूंगटा के अनुसार उद्योगों व शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जानी आवश्यक है।

# ग्राम सरकार को विकास में सहयोग सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने कहा कि नवनिर्वाचित ग्राम सरकार को विकास के लिए राज्य की मनोहर सरकार पहले की तरह भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने निर्वाचित होने के बाद मिलने पहुंचे जिला पार्षदों, ग्राम सरपंचों, ब्लॉक सदस्यों एवं पंचों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। तिगांव क्षेत्र के अनेक जिला पार्षद, ग्राम सरपंच, ब्लॉक सदस्य और ग्राम पंच विधायक राजेश नागर से मिलने उनके निवास पर पहुंचे।

नागर ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्राम सरकार में भी पढ़े लिखे लोगों को चुनाव में उतारने की व्यवस्था की थी। जिसके बाद हमारे सभी निर्वाचित प्रतिनिधि पढ़े-लिखे आए हैं और युवा हैं। हमने सभी को बधाई दी है और मिलकर एक टीम की तरह काम करने की बात कही है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि हमने क्षेत्र का मिलकर विकास कराना है। हमारी एकजुटता से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और बेहतर विकास का स्वाद मिल सकेगा। एक सवाल के जवाब में विधायक राजेश नागर ने कहा कि अदालती मामलों के कारण चुनाव होने में देरी हुई। लेकिन रास्ता साफ होते ही मनोहर सरकार ने चुनावों की तैयारी की और चुनाव विभाग ने चुनाव कराए हैं। पूरी तरह से निष्पक्ष और निर्भीकता के चुनावी माहौल में सभी साथी जीतकर आए हैं। नागर ने कहा कि चुनाव खिंचने के कारण रुक गए विकास कार्यों के साथ साथ नए नए विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। हम अपने क्षेत्र को एक पूर्ण विकसित क्षेत्र बनवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक राजेश नागर ने सभी को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सरपंचों में विक्रम प्रताप सरपंच तिगांव, राजवीर महावतपुर, मनोहर जसाना, सुरेश त्यागी घुड़ासन बेला, राजकुमार भाटी शाहजहांपुर, अजब सिंह लहंडौला, धर्मसिंह रायपुर कलां, अजय शर्मा सदपुरा, कमल सिंह फज्जूपुर खादर, सूरजपाल भूरा चांदपुर, संजय ददसिया, केहर सिंह किडावली, सतीश इमामुद्दीनपुर, सुरेंद्र फत्तूपुरा, संदीप चौधरी बुखारपुर, मनोज नागर भैंसरावली, अजीत सिंह सिडौला, रूप सिंह नागर आदि मौजूद रहे।


नवनिर्वाचित जिला पार्षदों, ग्राम सरपंचों ब्लाक सदस्यों और पंचों का स्वागत कर मुलाकात करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

# सीएम विंडो और सरल पोर्टल की करें रोज समीक्षा : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं डेलीबेसिज सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सोशल मिडिया और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं। डीसी विक्रम ने कहा कि सभी विभागों के उनके विभाग से सम्बंधित अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम व सोशल मीडिया सहित अन्य ऑनलाइन आई शिकायतों के निवारण को गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त विक्रम सिंह मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए सीएम विन्डो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम और एस एमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा।

# मीडिया विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक दौरा

### संस्कृति, विरासत और व्यवहारिक ज्ञान के साथ भोपाल दौरे से लौटे विद्यार्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एमए (जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन) और एमएससी (एनिमेशन व मल्टीमीडिया) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए भोपाल का अकादमिक दौरा आयोजित किया।

विद्यार्थियों के साथ विभाग के शिक्षक रामरसपाल सिंह और राशिका रहे। अकादमिक दौरे का आयोजन विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मीडिया की कार्य प्रणाली को लेकर ज्ञानवर्धन तथा व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का दौरा किया, जहां विश्वविद्यालय के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. पी. शशिकला द्वारा विद्यार्थियों के लिए फैक्ट-चेकिंग पर मास्टर क्लास संचालित की गई तथा उन्हें फैक्ट-चेकिंग पर व्यावहारिक ज्ञान मिला। इस व्याख्यान के बाद उन्होंने जेफरी इमेज सर्च, यूट्यूब डेटा व्यूअर और गूगल रिवर्स इमेज सर्च जैसे सॉफ्टवेयर पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश तथा सभी शैक्षणिक विभागों के अध्यक्षों से मिलने और बातचीत करने का अवसर भी मिला।

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में न्यू मीडिया से संबंधित नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने दैनिक भास्कर के भोपाल कार्यालय का भी दौरा किया और न्यूज रूम के माहौल को जाना। विद्यार्थियों को समाचार पत्र के पाठक संख्या और प्रसार और साथ ही समाचार पत्र उद्योग में नए चलन के बारे में भी जानकारी मिली।


भोपाल में शैक्षणिक दौरे से लोटे जेसी बोस विश्व विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं।

### ग्राम स्तरीय बागवानी जागरुकता कैम्प का आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में गांव नचौली में मेरी फसल मेरा ब्योरा, मेरा पानी मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराने व जागरुक करने के लिए एक बागवानी जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कैंप में बागवानी अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से रूबरू कराया। बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सकें।

जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि जागरुकता कैम्प में किसानों से आह्वान किया गया कि किसान विभागीय योजनाओं को ज्यादा-से-ज्यादा अपनाए जिससे किसान बागवानी फसलें लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि विभागीय योजनओं जैसे मेरा पानी मेरी विरासत को अपनाकर धान की फसल को छोड़ कर बागवानी की फसलें अपनाये जिससे पानी की बचत हो सके।

# बदमाशों ने चाकू की नोक पर बुजुर्ग से लूटे 5.50 लाख रुपये

### गाजियाबाद निवासी बेटी से रुपये लेकर घर लौट रहा था बुजुर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मिर्जापुर** गांव के निकट मरमरी अपार्टमेंट में रहने वाले एक बुजुर्ग से आइएमटी के पास स्कूटी और कार सवार पांच बदमाशों ने चाकू की नोंक पर साढ़े पांच लाख रुपये लूट लिये और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मरमरी अपार्टमेंट निवासी 70 वर्षीय रमेश चंद ने शर्मा ने बताया कि वह शहर में सेल पर्चेज का बिजनेस भी करते हैं। एक फ्लैट की पेमेंट करने के लिए वह अपनी बेटी और दामाद के पास गाजियाबाद पहुंच गए। सोमवार को उन्होंने दामाद से 5 लाख 50 हजार रुपये लिए और उन्हें बैग में लेकर घर के लिए आने लगे। बदरपुर बॉर्डर से सिटी बस में सवार हो गए। सेक्टर-3 के मोड़ पर उतरकर और पैदल पैदल तिगांव पुल की ओर चल दिए। तभी एक स्कूटी सवार ने परिचित की तरह नमस्ते करते हुए कहा कि वह चक्की वाले का बेटा है, आओ में छोड़ देता हूं। उसकी बातों में आकर रमेश चंद शर्मा स्कूटी पर बैठ गए। आइएमटी के पास उसने स्कूटी को रोक लिया और टॉयलेट करने लगा। इसी दौरान उसने किसी को फोन किया। तब उसने कहा कि उसकी बहन का फोन आ गया है, इसलिए वह अभी घर नहीं जा रहा। इसी दौरान वहां पर एक कार आकर रूकी। कार में चार युवक बैठे थे। स्कूटी सवार ने उन्हें रोककर रमेश चंद को उसमें बैठा दिया। आरोप है कि कार में बैठने पर उन युवकों ने रमेश चंद शर्मा को चाकू दिखाते हुए उनसे रुपयों से भरा बैग और सोने की चेन को छीन ली। जिसके बाद उन्हें कार से उतारकर फरार हो गए। इस घटना से सहमे बुजुर्ग अपने घर पहुंचकर सदमे में पड़े रहे। रात को परिवार वालों के पूछने पर उन्होंने घटना के बारे में बताया। जिसके बाद परिवार वाले उन्हें मंगलवार को थाने में लेकर गए और शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार


अरविंद कुमार विश्वकर्मा को नियुक्त पत्र सौंपते भारतीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी। इसके अलावा राजेश इंद्रदेव ठाकुर को पश्चिम महाराष्ट्र के अध्यक्ष और नरेन्द्र राजेन्द्र सिंह राजपूत को पश्चिमी महाराष्ट्र का उपाध्यक्ष पद के नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे प्रवासियों के सगठन की एकता को बल मिलेगा दिल्ली एनसीआर के साथ भारत देश के अन्य राज्य में रह रहे प्रवासियों एवं सुरक्षा और सम्मान मिलेगा।

### शतरंज प्रतियोगिता में अरनब जैन ने जीता सिल्वर मेडल



**फरीदाबाद।** सीबीएसई नार्थ जोन की करनाल में तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर-14 में फरीदाबाद एमवीएन सेक्टर-17 के कक्षा आठवीं के अरनब जैन ने सिल्वर मेडल हासिल कर समाज व फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। अरनब के साथ इस टीम में ध्रुव शर्मा, जतिन अग्रवाल व गौरंग जिंदल शामिल थे। अब यह टीम सीबीएसई नेशनल में भाग लेगी। प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर तक हुई थी। अरनब जैन की इस शानदार जीत पर श्रीआत्मानन्द जैन सभा के प्रधान राजकुमार जैन, महासचिव सुशील कुमार जैन, उपाध्यक्ष राहुल जैन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, एलसी मेहता, सुधीर रांका, सुमित जैन, वीनित जैन, सीएस पीसी जैन, पदमा जैन सहित जीतो फरीदाबाद के अध्यक्ष प्रवीण रांका सहित समाज के अनेक लोगों ने बधाई दी है। जीतो फरीदाबाद के अध्यक्ष प्रवीण रांका ने कहा कि जीतो हमेशा ही समाज के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और करती रहेगी। उन्होंने अरनब की जीत पर उसके दादा राजेंद्र जैन, छोटे दादा प्रमोद जैन, ताऊ विवेक जैन, पिता विकास जैन सहित समस्त परिवार को बधाई दी है। अरनब के पिता विवेक जैन ने बताया कि एमबीएन-17 की यह टीम अब नेशनल में अब अपनी काबलियत दिखाएगी। उन्होंने अरनब व उसकी टीम की जीत के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी है।

### मोस्टवांटेड इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने एक 5000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सचिन है आरोपी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोसी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से उत्तर प्रदेश के कोसी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के साथी रोहित को क्राइम ब्रांच टीम ने 52.130 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाना धौज में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी रोहित आरोपी सचिन से गांजा खरीद कर लाता था। आरोपी को काबू करने के लिए पुलिस ने कई बार रेड की है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।


### इनकम वैरिफिकेशन कार्य को समय पर पूरा करें : एडीसी

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में परिवार पहचान पत्र इनकम वेरिफाई विषय पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहाकि जिला में परिवार पहचान पत्र में दर्ज पारिवारिक इनकम वैरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में गठित टीमों के साथ सोशल वर्कर भी लगे हुए हैं। इनकम वैरिफिकेशन का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसलिए टीम के लीडर व सोशल वर्कर आपसी तालमेल के साथ इस कार्य को करें। इस कार्य से सम्बंधित जिला की टीचरों को इनकम वेरीफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। अगर किसी स्तर पर कोई समस्या है तो तुरंत उनके संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का समाधान जल्द किया जा सके। एडीसी अपराजिता ने कहा कि परिवार पहचान पत्र अंतर्गत जिला निवासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। अब केवल परिवार पहचान पत्र नंबर लोगों को याद करने की आवश्यकता होगी, क्योंकि लोगों को सभी प्रकार की जानकारी डिजिटल तरीके से मिल जाएगी। परिवार पहचान पत्र में इनकम वेरिफिकेशन का कार्य सभी अधिकारी शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में सक्षम युवाओं का सहयोग भी लिया जा रहा है, ताकि कार्य तेजी से पूरा हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं बरतें।

### वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमित है। आरोपी नगला इक्लेव सारन का रहने वाला है। आरोपी प्राइवेट कम्पनी में काम करते हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से नगला इक्लेव से थाना सारन के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सारन के एरिया चाचा चौक से एक मोटरसाइकिल को अपने घूमने के लिए चोरी किया था। आरोपी के घर से मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### संगोष्ठी का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्ववित्तीय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा कैसे की जाए? इस विषय में जागरूक करना था। अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में इंस्पेक्टर सविता एवं एडवोकेट संगीता रावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आरंभ मधु सिंगला द्वारा किया गया। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ की संचालक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू माहेश्वरी ने पुष्प गुच्छ द्वारा अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। एडवोकेट संगीता रावत ने सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं अन्य प्रकार की हिंसा पर लागू धाराओं के प्रावधान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इंस्पेक्टर सविता ने आभासी माध्यम द्वारा छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों, कानूनों व विषम परिस्थितियों में सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और 1015 के बारे में बताया। इस व्याख्यान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 82 छात्राओं ने भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू माहेश्वरी एवं हिंदी सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह व्याख्यान सफल और सार्थक सिद्ध हुआ।

# जापान के निवेश को और अधिक बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत : राव इंद्रजीत

## जापान-इंडिया मित्रता की 70वीं वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम

## जापानी व्यंजन आउटलेट अजु नागोमी फैमिली डाइनिंग का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जापान-इंडिया मित्रता की 70वीं वर्षगांठ पर जापानी व्यंजन आउटलेट के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व मंत्री एवं मिशन के उप प्रमुख, जापान दूतावास कवाजू कुनिहिको।

**केंद्रीय** सांख्यिकीय तथा कारपोरेट कार्य राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि जापान के निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत है और आने वाले दिनों में हरियाणा सहित देशभर में जापानी कंपनियों का निवेश बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को जापान-इंडिया मित्रता की 70वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान मंत्री एवं मिशन के उप प्रमुख, जापान दूतावास कवाजू कुनिहिको और जापानी कॉरपोरेट जगत के अन्य राजनयिक और उद्योग जगत कि कई हस्तियां उपस्थित थीं। इस अवसर पर एक जापानी व्यंजन आउटलेट अजु नागोमी फैमिली डाइनिंग का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सुजुकी पहले गुरुग्राम में एक भारतीय कंपनी मारुति के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए आई थी। अब इसका विस्तार जारी है। अब तक हरियाणा में तीन प्लांट हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जापान ने कई प्रमुख सार्वजनिक-उपयोगिता परियोजनाओं का समर्थन करके भारत को अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद की। जापानी ऑटोमोटिव उद्योग ने भारत में गुणवत्ता बेंचमार्क स्थापित किया, जिसकी वजह से अन्य देशों को यहां विश्व स्तरीय कारें लांच करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जापान ने भारत के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को जापान सरकार से लगभग एक लाख करोड़ की वित्तीय सहायता मिली है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना का हिस्सा है। इसको जापान की जीका (जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। यह दिल्ली और मुंबई के बीच छह राज्यों के औद्योगिक पार्कों और बंदरगाहों को जोड़कर भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बनाता है। निप्पॉन कोई, ओरिएंटल कंसल्टेंट्स ग्लोबल, हिताची, मित्सुई एंड सीओ, सोजिट्ज, जेएफई इंजीनियरिंग और आईएचआई इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स जैसी जापानी कंपनियां इस प्राथमिक परियोजना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जापानी दूतावास में मंत्री और मिशन के उपप्रमुख कवाजू कुनिहिको ने इस अवसर पर कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि गुरुग्राम में जापान की चल रही 70वीं मित्रता वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में गुरुग्राम में रेस्तरां अजु नगोमि फैमिली डाइनिंग का उपहार मिला है। उन्हें यह भी उम्मीद है कि कई युवा भारतीय जापान की यात्रा करेंगे और जापानी काइजन और जापानी आतिथ्य इंडस्ट्री का संचालन करेंगे।

लोगों से लोगों का जुड़ाव दोनों देशों के बीच दोस्ती की कुंजी हैं। अजु ग्रुप ऑफ जापानीज होटल्स के निदेशक प्रकाश यादव ने कहा कि गुरुग्राम जैसी जगहों पर जापानी लोगों की बढ़ती उपस्थिति के लिए रेस्तरां और होटल जैसी अधिक जापानी सुविधाओं की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न जापानी कंपनियों के निदेशक व उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के नवनिर्वाचित जिला पार्षदों ने जिलाध्यक्ष से की मुलाकात



भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात करने पहुंचे नवनिर्वाचित भाजपा के पार्षद।

**गुरुग्राम।** जिला परिषद के चुनाव में नवनिर्वाचित भाजपा जिला पार्षदों ने मंगलवार को यहां गुरुकमल कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की। सभी पार्षदों ने जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ व संगठन में सभी शीर्ष नेतृत्व व कार्यकर्ताओं का आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिला परिषद के वार्ड-1 से ओमप्रकाश, वार्ड-2 से पुष्पा खटाना, वाड-5 से रितु यादव, वार्ड-7 से अंजू रानी यहां गुरुकमल कार्यालय में पहुंचे। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी पार्षदों को जीत की बधाई दी और उन्हें मिठाई खिलाई। उनका स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि बहुत खुशी हुई कि चार में से तीन महिलाएं जीतकर आई हैं। भाजपा में ही महिलाओं को बराबर सम्मान दिया जाता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन और जनता ने आप पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरे और जन सेवक के रूप में कार्य करें। जनता अपने प्रतिनिधि को काफी उम्मीदों के साथ चुनती है उन्हें इस बात की उम्मीद रहती है कि जैसे वह चुनकर भेज रहे हैं। वह उनकी आवाज और उनकी समस्याओं को उठाएंगे। आप सभी का यह कर्तव्य बनता है कि अपने- अपने क्षेत्र में हर वर्ग को साथ लेकर पूरे क्षेत्र में एक समान विकास के कार्य करें। सभी पार्षद अपने क्षेत्र को अपना परिवार मान कर काम करें। जिस तरह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी प्रधान सेवक और जन सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं, उसी तरह से भी आप सभी जन सेवक के रूप में अपने क्षेत्र में जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर और वफादार रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन मित्तल,सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, मानेसर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र यादव, भोंडसी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, डॉ. हनीश बजाज, अमर झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुंदरी खत्री, महामंत्री विधु कालरा, पायल चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा महेश यादव, हितेश भारद्वाज, नमन अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## आठ दिसंबर तक होंगे मतदाता सूची में नाम दर्ज

**गुरुग्राम।** जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए आठ दिसंबर तक विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में तीन व चार दिसंबर को सभी बूथों पर विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। आमजन इन बूथों पर जाकर अपने नए वोट बनवाने के साथ अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से भी लिंक करवा सकते हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिन व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में नही है और उनकी आयु एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक है, वे फार्म नंबर-6 भरकर नया वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए व्यक्ति को फार्म के साथ रंगीन फोटो, आयु व रिहायशी प्रमाण पत्र लगाना होगा। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं की वोट बनवाने के लिए तीन व चार दिसंबर को शनिवार व रविवार के दिन सुबह नौ से सायं पांच बजे तक विशेष अभियान के तहत कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभी बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाकर दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि नए वोट बनवाने के साथ लोग अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से भी लिंक करवा सकते हैं। इसके लिए बूथों पर आप्रेटरों व सीएससी केन्द्रों पर व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान अब तक जिन लोगों के फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र नहीं बने हैं, वे नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं।

## दिसंबर के पहले सप्ताह में उद्योगों की बिजली समस्याएं होंगी दूर



गुरुग्राम में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस का शुभारंभ करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला।

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार उद्योग और अन्य डेवलपर्स के लिए बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को हल करने की पूरी कोशिश करेगी, ताकि राज्य का आर्थिक विकास प्रभावित न हो। यह बात हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस को संबोधित करते हुए कही। बिजली मंत्री ने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि कैबिनेट की बैठक दिसंबर, 2022 के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें हरियाणा में बिजली की समस्या के समाधान के लिए सभी तरह के प्रबंध पूरे कर लिए जाएंगे। मंत्री ने रियल एस्टेट डेवलपर्स, बिल्डर्स को बिजली सेक्टर के सरकारी अधिकारियों के साथ इंटरफेस आयोजित करने और उन्हें उनकी समस्याओं से अवगत कराने का आश्वासन दिया, ताकि उनका समाधान बिना किसी रुकावट के हो। राज्य के आर्थिक विकास के लिए बिजली की आपूर्ति बनी रहे। रणजीत सिंह ने कहा कि बिजली क्षेत्र अच्छी तरह से विकसित है। इंडस्ट्री की सेवा के लिए काफी मजबूत और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी रखता है। अपनी सभी तरह की तैयारी के बावजूद विभिन्न कारणों से बिजली से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। यह उद्योग और सरकार की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे इसके प्रभावी समाधान के साथ इन मुश्किलों का हल करें। उन्होंने फिर दोहराया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में घोषित कैबिनेट बैठक के समापन के बाद राज्य के बिजली विभाग की उपलब्धता के अनुसार अधिकांश बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर राजस्थान के सवाई-माधोपुर के सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा सरकार सत्ता में आई है, शहरी बुनियादी ढांचे में बड़े सुधार हुए हैं। हालांकि बिजली और अन्य क्षेत्र में कुछ कमजोरियां मौजूद हैं, जिन पर नीति निर्माताओं को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सामान्य रूप से और विशेष रूप से गुरुग्राम राज्य के औद्योगिक विकास में अपना वर्चस्व बनाए रखेगा। नारेडको के चेयरमैन प्रवीण जैन ने राज्य में रियल एस्टेट डेवलपर्स को आमंत्रित करने और उन्हें आवश्यक समर्थन देने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका के लिए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की। साथ ही यह भी कहा कि राज्य के नीति निर्माताओं द्वारा कुछ नई पहलों को शुरू किए जाने की जरूरत है। नारेडको के उपाध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि अगर रियल एस्टेट सेक्टर का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 2030 तक 15 फीसदी तक पहुंचना है तो हर साल रियल एस्टेट सेक्टर को 25 फीसदी की दर से बढ़ना होगा। इससे भारत 2030 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम हो पाएगा। नारेडको के अध्यक्ष राजन बंदेलकर ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए कुछ और सुधार भी काफी महत्वपूर्ण हैं, ताकि हरियाणा सरकार इसमें अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस सेक्टर को आगे बढ़ाने में अपना पूरा योगदान दे सके।

# गुरुकमल में दो दिसंबर को मनाया जाएगा असम स्थापना दिवस

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के सदस्य नवीन गोयल ने दी जानकारी

## लोकगीतों के माध्यम से असम की संस्कृति का होगा प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नवीन गोयल।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत मुहिम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देशानुसार आगामी 2 दिसम्बर को शाम 6:30 बजे गुरुकमल जिला भाजपा कार्यालय में असम स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शिरकत करेंगे। यह जानकारी पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के सदस्य नवीन गोयल ने दी।

नवीन गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में असम एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष जुगल किशोर महंता, उपाध्यक्ष प्रशंत बरुआ, असोमिया वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पल्लब कुमार फुकन, सचिव त्रिदीप शर्मा की इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

कार्यक्रम में सत्रिया संस्कृति केंद्र गुरुग्राम के छात्रों द्वारा पारंपरिक सत्रिया प्रदर्श किया जाएगा। इसके अलावा प्रसिद्ध असमिया लोक गायक शरत राग द्वारा संगीत प्रस्तुति करने के बाद पारंपरिक रात्रिभोज भी होगा। गुरुग्राम में रह रहे हर एक असम के सम्मानित जन को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण है। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि हमारे सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूती देने के प्रयास सफल करें।

# प्रयोग फाउंडेशन के शिक्षा बैंक कार्यक्रम में पहुंचे फ्रेंकफर्ट के सांसद

पायनियर समाचार सेवा। पंचकूला/गुरुग्राम



प्रयोग फाउंडेशन के शिक्षा बैंक कार्यक्रम में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट के युवा सांसद राहुल कुमार कंबोज, साथ में अन्य मेहमान व संस्था के सदस्य।

**भारत** व जर्मनी में बहुत सी समानताएं हैं। दोनों देशों में कारोबारी सांझ को बढ़ावा देने के साथ-साथ एजुकेशन एक्सचेंज कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जाए। इस कार्य में हरियाणा सरकार के साथ-साथ सामाजिक संगठन अहम भूमिका निभा सकते हैं।

यह बात जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट के युवा सांसद राहुल कुमार कंबोज ने कही। वे मंगलवार को प्रयोग फाउंडेशन द्वारा पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में शिक्षा बैंक कार्यक्रम के तहत बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने पहुंचे थे। राहुल कुमार मूल रूप से हरियाणा के यमुनानगर जिला के रहने वाले हैं। जर्मनी में रहने के बावजूद हरियाणा से जुड़े हुए हैं। स्कूली बच्चों पाठय सामग्री वितरित करने के बाद राहुल कुमार ने कहा कि हरियाणा ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है। हरियाणा के सरकारी स्कूल अब बदलाव की तरफ बढ़ रहे हैं। इससे पहले राहुल कुमार का यहां पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल कैलाश चंद्र ने स्वागत किया। प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि शिक्षा बैंक कार्यक्रम के तहत अब तक 6500 के करीब बच्चों को पाठय सामग्री मुहैया करवाई जा चुकी है। प्रोजेक्ट स्माइल के तहत 3500 के करीब बच्चों के दांतों की जांच करवाई जा चुकी है।

# बागवानी में स्टैकिंग विधि का प्रयोग कर कमाएं अच्छा मुनाफा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## हरियाणा सरकार सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग पर दे रही 50 से 85 प्रतिशत तक अनुदान

**आधुनिक** युग में खेती में नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया जा रहा है। किसान बागवानी में स्टेकिंग विधि का प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। सब्जियों की खेती में स्टैंकिंग ऐसी विधि है, जिससे किसान लखपति बन सकते हैं।

किसानों का उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने आह्वान किया है कि हरियाणा सरकार द्वारा सब्जियों में बांस स्टेकिंग व लोह स्टेकिंग को प्रयोग करने के लिए सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत व एससी श्रेणी के किसान को 85 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को बागवानी पोर्टल पर ऑनलाइन आवदेन करना होगा। आधुनिक युग में खेती में नई-नई तकनीकें उभरकर सामने आ रही हैं। इससे किसानों को ढेरों फायदे पहुंच रहे हैं। सब्जियों की खेती में स्टैंकिंग ऐसी ही एक विधि का नाम है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नई-नई तकनीकों से खेती करने का सबसे बड़ा फायदा होता है कि इससे ढेर सारी जानकारियां मिलती हैं और दूसरी इनसे मुनाफा और फसलों की पैदावार भी अधिक होती है।

## बांस व लौह स्टेकिंग पर दिया जाता है अलग-अलग अनुदान

**जिला** बागवानी अधिकारी डॉ. नेहा यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बांस स्टैकिंग की लागत 62 हजार 500 रुपये प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 31250 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को 53125 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। वहीं लोहा स्टैकिंग लागत एक लाख 41 हजार रुपये प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 70500 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को एक लाख 19 हजार 850 रुपये का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एससी श्रेणी के किसान के लिए बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग पर अधिकतम अनुदान क्षेत्र एक एकड़ है।

# उद्योग विहार की समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त से मिले उद्योगपति

## यूनाइटेड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन की ओर से सौंपा गया मांग पत्र

## संपत्ति कर के मुद्दे पर बारीकी से काम करने का आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में उद्योग विहार की समस्याओं के समाधान के लिए निगमायुक्त को मांग पत्र सौंपते यूनाइटेड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**यूनाइटेड** इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को उद्योग विहार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा चीफ इंजीनियर नगर निगम से मुलाकात करके उन्हें मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में कहा गया कि उद्योग विहार/औद्योगिक क्षेत्रों में संपत्ति कर और उद्योग विहार व सिकंदरपुर क्षेत्र के अन्य दैनिक रखरखाव के मुद्दों के लिए एमसीजी द्वारा वाणिज्यिक दर के हिसाब से वसूली की जा रही है। यहां रिहायशी और व्यवसायिक से एक ही तरह का कर लिया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष चंदन मुंजाल, महासचिव राजेश यादव, एमिनेंट सदस्य अमित गोयल समेत अन्य उद्योगपतियों ने कहा कि अधिकांश उद्योगपतियों को वाणिज्यिक क्षेत्र की दरों पर वर्ग फुट में संपत्ति कर के साथ बिल भेजा जाता है। जबकि उद्योग विहार या कोई भी मान्यता प्राप्त औद्योगिक क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों आईटी/आईटीई के लिए हैं। कुल मिलाकर ऐसे क्षेत्रों के लिए लागू दरें औद्योगिक या आईटी जोन की हैं। इस मुद्दे पर भी पिछले एमसीजी आयुक्त के साथ चर्चा और सहमति हुई थी, जिसे बाद में सुधारा गया था। इसके बावजूद हाल के दिनों में कई लोगों को वाणिज्यिक संपत्ति दरों की बहुत अधिक कीमतों पर कर का भुगतान करने के लिए नोटिस प्राप्त हो रहे हैं। जो वास्तव में क्षेत्रवार लागू हैं। सर्वे करने वाले फील्ड स्टाफ भी प्रमाण दिखाने के बावजूद सहयोग नहीं करते हैं। यह नगर निगम गुरुग्राम या किसी तीसरे पक्ष के निचले कर्मचारियों की ओर से पूरी तरह से स्वीकार्य नहीं है।

निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा से उद्योगपतियों ने आग्रह किया कि वे उनकी चिंताओं को समझने और भारी संपत्ति कर, पार्क रखरखाव, पार्किंग की जगह जैसे मुद्दों का समाधान करें। सिकंदरपुर क्षेत्र में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने, पार्कों की बदहाली में सुधार और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एक माह में कराया जाए। टेम्परारी क्विक सॉल्यूशन डेस्क की स्थापना करके हर तीन महीने में एक बार जमीन पर सकारात्मक बुनियादी ढांचे के विकास में मदद मिलेगी। एमसीजी के काम करने के बारे में और भी बेहतर विश्वास पैदा होगा।

# गुरुग्राम में भव्य रूप से मनाया जाएगा तीन दिवसीय गीता महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## दो से चार दिसंबर तक सिविल लाइन्स स्वतंत्रता सेनानी भवन में होगा कार्यक्रम

**जिला** स्तर पर तीन दिवसीय गीता महोत्सव जनभागीदारी के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि तीन दिवसीय गीता महोत्सव कार्यक्रम दो दिसंबर से चार दिसंबर तक सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल परिसर में आयोजित होगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 गुरुग्राम में दो से चार दिसंबर तक गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों से लोगों को महोत्सव की जानकारी दी जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक गीता का संदेश पंहुचाया जा सके। उन्होंने बताया कि महोत्सव में तीनों दिनों विभिन्न विभागों तथा स्वयंसेवी और धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महोत्सव में तीनों दिन सुबह आयोजन स्थल पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन अध्यापकों, दूसरे दिन पुलिसकर्मियों व सरकारी विभागों, तीसरे दिन आमजन के लिए गीता पर आधारित सेमिनार आयोजित किया जाएगा। चार दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर नगर शोभा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में सामाजिक और धार्मिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

डीसी ने बताया कि गीता महोत्सव को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। महोत्सव में कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई स्टॉल लगाई जाएंगी। गीता को लेकर विश्वभर के महापुरुषों के विचारों को भी प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के साथ सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, राव तुलाराम, राजा नाहरसिंह, रोहनात के कुएं, अंबाला में आजादी की पहली लड़ाई को भी प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री व राज्यपाल का संदेश भी प्रदर्शित होगा।

# शास्त्रीय नृत्य कत्थक एवं भरतनाट्यम की रुचिकर कक्षाओं का देंगे प्रशिक्षण

**गुरुग्राम।** भारत में नृत्य प्राचीन काल से एक समृद्ध एवं जीवंत परम्परा रही है। ऐसे में प्रदेश के किशोरों व युवाओं में इस परंपरा को प्रचलित रखने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा शास्त्रीय नृत्य कथक एवं भरतनाट्यम की रुचि कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में इन रुचि कक्षाओं का आयोजन कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर के निकट कला कीर्ति भवन में किया जाएगा। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी अनुसार रुचि कक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं द्वारा आवेदन पांच दिसंबर तक विभाग की ई-मेल आईडी पर भिजवाए जा सकते हैं। रुचि कक्षाएं दो आयु वर्ग पांच से पंद्रह वर्ष व पंद्रह वर्ष से पचीस वर्ष में आयोजित की जाएंगी। रुचि कक्षा में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र व छात्रा को छात्रवृत्ति स्वरूप सौ रुपये दिए जाएंगे। वहीं अच्छा प्रदर्शन करने पर विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। रूचि कक्षाओं के विषय में अधिक जानकारी के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के दूरभाष नंबर 0172-27923896 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एक दुर्लभ जीत : यूपी से भारतीय छात्र ने रचा इतिहास, सैट में हासिल किया1600 का परफेक्ट स्कोर

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर



**उत्तर** प्रदेश के मुजफ्फरनगर से 16वर्षीय छात्र यशत्यागी ने 1600 के परफेक्ट स्कोर के साथ सैट परीक्षा में सफलता हासिलकर नया इतिहास रच दिया है। सैट परीक्षा यूएस के कॉलेज में प्रवेश के लिएली जाती है, जिसे बेहद चुनौतीपूर्ण और मुश्किल प्रतियोगिता के रूप में जानाजाता है। 175 देशों एवं क्षेत्रों से लगभग दो मिलियन छात्र हर साल सैटपरीक्षा देते हैं, जिसमें से कुछ ही छात्र तकरीबन परफेक्ट स्कोर हासिल करपाते हैं। परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद यश अब यूएस की कईप्रतिष्ठित युनिवर्सिटियों में से अपनी पसंद के कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं।

आकाश बायजूस से एक प्रवक्ता ने बताया ''हमें खुशी है कि छात्र और उनकेमाता-पिता आकाश बैजूज़ के पढ़ाने के तरीकों को पंसद कर रहे हैं। हमबच्चों को सशक्त बनाना चाहते हैं और उनकी लर्निंग की यात्रा में सकारात्मकबदलाव लाना चाहते हैं। हम अपनी छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने अन्यशौक पूरे करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। अकादमिक एवं शतरंज में यश कीउपलब्धियां इसकी पुष्टि करती हैं। हमें यश पर गर्व है और खुशी है कि हमउनकी सफलता की यात्रा में शामिल हुए हैं। उन्हें बहुत-बहुत बधाई औरउज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं!'' यश ने पढ़ाई में हमेशा से अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने 10वीं कक्षा में 97 फीसदी और 11वीं कक्षा की स्कूल परीक्षा में 99 फीसदी अंक हासिल किएहैं। अपनी क्षमता पर इतना भरोसा होने के बावजूद भी यश को उस समयअतिरिक्त अकादमिक सहयोग की जरूरत पड़ी, जब 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के चलते शैक्षणिक संस्थान बंद थे। उसी समय उन्हें बायजूस केबारे में पता चला। अपने परिवार के सहयोग से उन्होंने जेईई की तैयारी केलिए आकाश बायजूस क्लासेज में नाम लिखवा दिया। उनका मानना है किइस ऐड-टेक प्लेटफॉर्म पर पढ़ाने के आधुनिक तरीकों और कुशल मेंटर्स नेउन्हें न सिर्फ जेईई की तैयारी में मदद की, बल्कि उन्हें इतना आत्मविश्वास भीदिया कि वे अपने शतरंज के शौक और पढ़ाई के बीच अच्छा तालमेल बनापाते हैं। 12वीं कक्षा के छात्र इंटरस्टेट स्तर पर शतरंज में वर्तमान में स्वर्णपदक विजेता।

# अतिक्रमकारियों को आखिरी अल्टीमेटम, नपा करा रही मुनादी

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

### शहर के गुरुग्राम-अलवर हाईवे सहित मुख्य मार्गों से अवैध कब्जे हटाएगा प्रशासन

**स्थानीय** नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को शहरभर में मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को महावीर मार्ग, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड के आसपास सुलभ शौचालय की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए प्रशासन द्वारा मुनादी कराकर अवैध कब्जे हटाने के लिए लोगों को मंगलवार को आखिरी अल्टीमेटम दिया है। यानी शहर के मुख्य चौक, चौराहों, अंबेडकर भवन, महावीर मार्ग, बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर बुधवार को नगर पालिका प्रशासन की देखरेख में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी नगर पालिका सचिव सुनील रंगा ने दी। बता दें कि शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग सहित यहां के मुख्य मार्गों पर पिछले लंबे समय से पसरा अतिक्रमण न केवल प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है बल्कि आम नागरिकों को भी इससे खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार बढ़ते अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए लगातार एसडीएम फिरोजपुर झिरका को शिकायतें मिल रही थीं। इसके अलावा गत दिनों जिले के अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त आनंद कुमार शर्मा का फिरोजपुर झिरका आगमन पर शहर में अवैध रूप से मुख्य चौक चौराहों पर अतिक्रमण का मुद्दा रहा। जिस पर उन्होंने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के आदेश स्थानीय प्रशासन को दिए। नगर पालिका सचिव सुनील रंगा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर मुनादी करा दी गई है। पुलिस बल को लिख दिया है। बुधवार को नगर पालिका के सौजन्य से अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों को खदेड़ा जाएगा और सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त किया जाएगा।



शहर के चौक चौराहों पर लाउडस्पीकर लगाकर मुनादी कराते नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सचिव।

**क्या कहते हैं? उपमंडल नागरिक अधिकारी दीपक बाबूलाल कारवां :** उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका का कहना है कि सभी शहर वासियों से अपील है कि सभी अतिक्रमण अभियान में प्रशासन का सहयोग करें। ताकि शहर के मुख्य बाजारों में सही ढंग से आवाजाही बन सके। लोगों से अपील है कि कानून के दायरे में ही रहकर काम करें और कानून का पालन करें।

# हारे प्रत्याशियों के पक्ष ने सरपंची जीते पक्ष पर किया हमला, वाहन किए क्षतिग्रस्त

### फायरिंग की भी खबर, पांच चोटिल एक की हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**पंचायत** चुनाव परिणाम के 28 दिन बाद भी क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में अभी तनाव बरकरार है। ताजा मामला तावडू उपमंडल के ग्राम पंचायत गुढ़ी का है। सोमवार को इस ग्राम पंचायत में चुनाव हारे दो प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा जीते प्रत्याशी के समर्थकों पर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जबकि पांच लोग चोटिल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। वहीं फायरिंग की भी खबर है। झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने किसी तरह मामले को शांत कराया। गांव में फिलहाल तनाव का माहौल बना है।



हमले में क्षतिग्रस्त कार।

ग्राम पंचायत गुढ़ी के नवनिर्वाचित सरपंच जहीर अहमद के मुताबिक सोमवार सुबह उनका एक समर्थक गांव के रास्ते से गुजर रहा था, जहां पर चुनाव हारे दोनों प्रत्यासियों के समर्थक योजना बनाकर पहले से ही मौजूद थे। जिन्होंने उनके समर्थक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि वोट नहीं देने से गुस्साए हारे दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने उस पर हमला किया था। शोर-शराबे की आवाज सुनने पर उनके पक्ष के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन पर भी हमला कर दिया। नवनिर्वाचित सरपंच के मुताबिक इस दौरान हारे प्रत्याशियों की ओर से अवैध हथियारों से फायरिंग की गई। हमले के दौरान तीन वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव में झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो सभी हमलावर फरार हो गए। घायलों को तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया तो हारे प्रत्याशियों के समर्थकों ने दोबारा हमला कर दिया। जिसमें पांच लोग चोटिल हो गए, इनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। ग्राम पंचायत में दोबारा झगड़ा होने की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों को पुलिस ने खदेड़ दिया।

तावडू सदर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने फायरिंग की खबर से इनकार करते हुए कहा कि सोमवार को ग्राम पंचायत गुढ़ी में दो पक्षों में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस बल गांव में भेजा गया। फिलहाल गांव में शांति है। इस संबंध में अभी किसी भी पक्ष ने शिकायत नहीं दी है। शिकायत के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत नए सत्र के लिए आवेदन आमंत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### छात्र सरल हरियाणा पोर्टल पर आगामी 31 जनवरी 2023 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**हरियाणा** सरकार द्वारा डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु जाति तथा टपरीवास जाति के छात्रों को छात्रवृति प्रदान करने के लिए आगामी 31 जनवरी 2023 तक आवेदन पत्र मांगे गए हैं। इच्छुक छात्र पोर्टल पर अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।

उपायुक्त अजय कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत अनुसूचित जातिए विमुक्त जातिए घुमंतु, अर्ध घुमंतु जाति एवं टपरीवास जाति के 10वीं कक्षा में उतीर्ण छात्र के लिए शहरी क्षेत्र में 70 प्रतिशत अंक तथा ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। कक्षा 11वीं तथा सभी डिप्लोमा-सर्टिफिकेट कोर्सेज के प्रथम वर्ष में पढ़ने वाले छात्रों को आठ हजार रुपये की वार्षिक छात्रवृति प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण छात्रों के लिए शहरी क्षेत्र में 75 प्रतिशत अंक और ग्रामीण में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। कक्षा स्नातक के प्रथम वर्ष आर्ट्स में पढ़ने वाले को आठ हजार रुपये वार्षिक, कॉमर्स-साईंस तथा सभी डिप्लोमाध्सर्टिफिकेट कोर्सेज करने वाले छात्रों को आठ हजार रुपये वार्षिक छात्रवृति, इंजिनियरिंग तथा अन्य तकनीकी-व्यवसायिक कोर्सेज के छात्रों को नौ हजार रुपये वार्षिक व मेडिकल तथा अलाईड कोर्सेज के छात्रों को 10 हजार रुपये की राशि वार्षिक छात्रवृति के रूप में प्रदान की जाएगी।

# एडीजीपी पहुंचे नूंह, पिनगवां नए थाने की जल्द मिलेगी सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### जिले के थाना परिसर में जो वाहन खड़े हुए हैं। उन्हें जल्दी ही कंडम की कार्रवाई को पूरा कर नीलाम करना चाहिए

**नशा** तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से चौकस है। पुलिस विभाग ने पहले भी नशा तस्करों व अपराध की दुनिया में सक्रिय लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाया है। इतना ही नहीं नशा तस्करी से जुड़े लोगों की सूची तैयार की जा रही है। जल्दी ही उन पर भी सख्त एक्शन लिया जाएगा। यह बात साउथ रेंज एडीजीपी एम माता रवि करण ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

एडीजीपी साउथ रेंज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिनगवां कस्बे में जल्दी ही नया थाना भवन बनाया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत में पिनगवां ने तकरीबन सवा एकड़ भूमि दी है। उन्होंने बताया कि इस जमीन की पुलिस विभाग के नाम जल्दी ही रजिस्ट्री कराई जाएगी और थाना भवन बनाने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

एडीजीपी साउथ रेंज मंगलवार को पिनगवां थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पिनगवां कस्बे में बनने वाले नए थाना भवन परिसर की जगह का भी निरीक्षण किया। एम माता रवि करण ने थाना परिसर में पौधारोपण भी किया। रेवाड़ी रेंज एडीजीपी माता रवि करण ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि रेगुलर निरीक्षण थाने का किया गया है ताकि पुलिस के कामकाज में सुधार लाया जा सके। लंबित मुकदमों को लेकर पुलिस अधिकारी ने कहा कि मेवात जिले में स्टाफ की कमी है। इसे दूर करने के लिए विभाग समय - समय पर प्रयास करता रहता है।



एम माता रवि किरण एडीजीपी साउथ रेंज रेवाड़ी।

एडीजीपी एम माता रवि किरण ने कहा कि जिले के थाना परिसर में जो वाहन खड़े हुए हैं। उन्हें जल्दी ही कंडम की कार्रवाई को पूरा कर नीलाम करना चाहिए। एडीजीपी माता रवि किरण के दौरे के दौरान पिनगवां थाने में पूरी तरह से साफ सफाई की व्यवस्था देखने को मिली। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला तथा शमशेर सिंह डीएसपी पुनहाना के अलावा अजयवीर भड़ाना एसएचओ पिनगवां भी इस दौरान मौजूद रहे।

## देसी कट्टे सहित टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहित है। आरोपी एनआईटी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को एत्मादपुर के पुल के पास से देसी कट्टे सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भव्य रूप से मनाया जाएगा तीन दिवसीय गीता महोत्सव : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### महोत्सव की तैयारियां तैयारियां जोरों पर

### ज्यादा से ज्यादा जनभागीदारी के लिए चलाया जागरुकता अभियान

### दो से चार दिसंबर तक नूंह के पंचायत भवन डीआरडीए हॉल में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**जिला** स्तर पर तीन दिवसीय गीता महोत्सव जनभागीदारी के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय गीता महोत्सव कार्यक्रम दो दिसंबर से चार दिसंबर तक पंचायत भवन डीआरडीए हॉल नूंह में आयोजित होगा।

डीसी अजय कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव नूंह जिला मुख्यालय स्थित पंचायत भवन डीआरडीए में दो से चार दिसंबर तक गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया हुआ है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक गीता का संदेश पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर को सुबह दस बजे हवन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। प्रदर्शनी तीनों दिन रहेगी। तीन दिसंबर को सुबह आयोजन स्थल पर सेमिनार और शाम को दीपदान का कार्यक्रम होगा। चार दिसंबर को नगर शोभा यात्रा और समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। डीसी ने बताया कि गीता महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई स्टॉल लगाई जाएंगी। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं और साथ ही कार्यक्रम में सामाजिक और धार्मिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके। डीसी ने कहा कि इस बार का गीता महोत्सव पूर्ण रूप से गीता के 18 अध्यायों पर उनकी शिक्षाओं पर आधारित रहेगा, जिसमें आमजन को गीता से आधारित बेहतरीन प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के अलावा सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों और संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी, जो गीता महोत्सव को शानदार बनाते हुए दर्शकों का मन मोह लेंगे। उन्होंने कहा कि गीता श्रेष्ठ मानव जीवन का सार है एवं रोजमर्रा के जीवन में गीता पर आधारित संदेशों का महत्व इस गीता महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। गीता में ज्ञान योगए कर्म योग, भक्ति योग, राज योग का वर्णन है, जो आज के बदलते सांस्कृतिक मूल्यों में अपना एक विशेष महत्व रखते हैं।

**श्रीमद्भागवत गीता से मिलती है निःस्वार्थ भाव से काम की प्रेरणा** : डीसी अजय कुमार ने कहा कि गीता महोत्सव में जीवन जीने की सीख मिलेगी। गीता महोत्सव में धर्म-अधर्म, नारी सम्मान, इच्छाओं एवं कामनाओं पर नियंत्रण, कर्म की महत्वता, गुस्से पर काबू, देखने का नजरिया, ज्ञान और कर्म को एक रूप में देखना, मन पर नियंत्रण, स्वयं का आंकलन, अनुशासन, स्वयं का निर्माण, हर काम का फल मिलता है, व्यर्थ कुछ नहीं जाता, अभ्यास का महत्व, विश्वास के साथ विचार, पूर्णता से कार्य करना-काम में ढूंढ़े खुशी, अत्याधिक मोह पतन का कारण आदि पहलुओं पर समूह गान, राधाकृष्ण नृत्य, कृष्ण वंदना, समूह नृत्य, एकल अभिनय, एकल नृत्य, श्लोकाचारण, भजन, गीता सार नृत्य नाटिका, लघु नाटिका, गीता संवाद आदि के माध्यम से प्रकाश डाला जाएगा और जीवन जीने की सीख देते हुए मार्गदर्शन किया जाएगा।

## बिजली के तारों की चपेट में आए दो किसानों की मौत

**तावडू।** उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर में कृषि कार्य के दौरान बिजली तारों की चपेट में आने से दो किसानों की मौत होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों ने तावडू मार्केट कमेटी सचिव को लिखित प्रार्थना पत्र देकर मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीधर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत वित्तीय सहायता की मांग की है।

बिस्सर अकबरपुर निवासी परिजन सनी कुमार व ब्रह्मपाल ने बताया कि गत रविवार सुबह नौ बजे के करीब किसान हरिराम व धर्मेंद्र खेत में ट्रैक्टर ट्रॉली से खाद के कट्टों को उतार रहे थे, करीब से ही हाई वोल्टेज बिजली लाइन गुजर रही थी। जिनमें तेज करंट दौड़ रहा था, खाद के कट्टे उतारने के दौरान दोनों किसान बिजली तारों की चपेट में आ गए, जिनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को भी दी गई। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पीड़ित परिजनों ने मृतकों का अंतिम संस्कार करने के बाद मंगलवार को तावडू मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर मुख्यमंत्री किसान खेतीधर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत वित्तीय सहायता की मांग की है। वहीं तावडू मार्केट कमेटी सचिव सरीन कुमार का कहना है कि गांव बिस्सर अकबरपुर में दो किसानों की एक हादसे में मौत हुई है।

# एग्जाम देने को राजी नहीं एमबीबीएस छात्र बढ़ सकती है तारीख

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### पहले भी दो बार परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई

**बॉन्ड** पॉलिसी के विरोध में करीब 29 दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे एमबीबीएस के छात्र परीक्षा देने को तैयार नहीं हैं। छात्रों ने परीक्षा देने के लिए आवेदन नहीं किया है। परीक्षा में आवेदन करने का आज अंतिम दिन है। ऐसे में तीसरी बार एग्जाम देने की तारीखों में इजाफा होता दिख रहा है। इससे पहले भी दो बार परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में बैठे छात्र-छात्राओं ने दोनों बार परीक्षा देने के लिए आवेदन नहीं किया। इसलिए तारीख लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। परीक्षा नहीं देने के चलते छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है।

आपको बता दें कि बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में प्रदेश के चार मेडिकल कॉलेजों में तकरीबन 1200 से अधिक छात्र-छात्राएं पिछले 29 दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान उनकी आला अधिकारियों से लेकर सरकार से बातचीत हुई है, लेकिन अभी तक बात नहीं बनी है। बुधवार को एक बार फिर एमबीबीएस छात्रों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से करीब दो बजे चंडीगढ़ में मुलाकात के लिए रवाना होंगे। इस बार मुलाकात सफल रहे इसके लिए राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों ने नल्हडेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने का फैसला लिया है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि सरकार को उनकी मांगों को जल्द से जल्द मान लेना चाहिए ताकि किसी को भी कोई परेशानी ना हो। दूसरी तरफ अगर हम छात्रों के समर्थन में हड़ताल की बात करें तो कई डॉक्टरों के संगठन उनके हड़ताल में शामिल होने का ऐलान कर चुके हैं। छात्रों का दावा है कि कई छात्र संगठन, भारतीय किसान यूनियन सहित कई संगठन उनकी हड़ताल में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। कभी भी वह छात्रों की हड़ताल का समर्थन करने का ऐलान कर सकते हैं। कुल मिलाकर सरकार भले ही पिछले करीब 29 दिन से छात्रों की मांगों को अनदेखा कर रही हो, लेकिन अब छात्रों के समर्थन में जगह-जगह से आवाज बुलंद हो रही है। जिसके चलते सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नियमों का उल्लंघन करने पर 201 वाहनों के किए चालान



**मेवात।** पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला आईपीएस के निर्देशानुसार कार्य करते हुए प्रबंधक थाना यातायात नूंह निरीक्षक जगबीर सिंह ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लेन ड्राइविंग (बांई लेन) में चलने के नियमों का उल्लंघन करने वाले 201 वाहनों के चालान किए वहीं 45 वाहनों के चालान रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने पर भी किए हैं। पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन के लिए भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राइविंग (बांई लेन) निर्धारित करने व बांई लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन के लिए यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बांई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

### एचटेट परीक्षा के प्रवेश पत्र कर सकते हैं डाउनलोड


**मेवात।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2022 एचटेट लेवल-1ए 2 व 3 का आयोजन तीन व चार दिसंबर को करवाया जा रहा है उसके लिए पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, एडमिट कार्ड बोर्ड वेबसाइट बीएसईएच.ओआरजी.इन पर कल उपलब्ध करवा दिए गए हैं। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र दर्शाये गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर-समझकर उनका पालन करना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा शिक्षा अधिकारी रामफल धनखड़ ने बताया कि 3 दिसंबर को लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा संचालित करवाई जाएगी, जिसका समय सायं कालीन सत्र में 3 से 5.30 बजे तक तथा चार दिसंबर को लेवल-2 टीजीटी की परीक्षा प्रातः कालीन सत्र में 10 बजे से 12.30 बजे तक एवं लेवल-1 पीआरटी की परीक्षा सायं कालीन सत्र में 3 से 5.30 बजे तक संचालित करवाई जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनके हस्ताक्षर, अंगूठे के निशान, फोटो निर्धारित मानक स्थान अनुसार नहीं हैं, उनके प्रवेश-पत्र रोके गए हैं, का कारण पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। संबंधित अभ्यर्थी पोर्टल पर दर्शाई गई त्रुटि का 29 नवम्बर सायं 5 बजे तक ऑनलाइन निवारण कर सकते हैं। शुद्धि उपरान्त ही ऐसे अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

### उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नूंह कार्यक्रम की तैयारियां पूरी



**मेवात।** नौ दिसंबर को जजपा के स्थापना दिवस पर भिवानी में होने वाली रैली को जनसम्मान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके लिए न्योता देने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बुधवार नूंह में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला मेवात में जजपा जिला युवाध्यक्ष सरपंच वसीम अहमद ने भी जिला युवा कार्यकारिणी की मीटिंग ली। बैठक में युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद ने बताया कि मेवात के लोगों को भिवानी रैली के लिए न्योता देने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बुधवार 30 नवंबर को 11 बजे जिला नूंह की नई अनाज मंडी में जजपा कार्यकर्ताओं को संबंधित करेंगे। उन्होंने अपील की कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के विचार सुनने के लिए ज्यादा से ज्यादा युवा कार्यक्रम शामिल हों। बैठक में जजपा प्रवक्ता राहुल जैन, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन युवा प्रदेश महासचिव लुकमान खान, युवा प्रदेश सहसचिव जावेद सालाहेडी ने युवा कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सख्या में बुधवार नूंह अनाज मंडी में पहुंचने की अपील की। नगर परिषद चेयरमैन संजय मनोचा ने भी बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त है। अन्य कार्यक्रम की व्यवस्थाएं भी लगभग पूरी है। जजपा प्रवक्ता राहुल जैन ने बताया कि भिवानी रैली के लिए मेवात में पूर्व मंत्री हर्ष कुमार व सह प्रभारी योगेश हिलालपुरिया कार्यक्रम की कमान संभाले हुए हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन निरंतर कार्यक्रम व्यवस्था को संभाले हुए हैं। नूंह बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मेवात कार्यक्रम की तैयारियों के लिए युवा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जिम्मेदारी बांटी गई हैं।

### पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान नायब का लगातार बढ़ रहा है जनाधार



**नूंह।** पुन्हाना विधानसभा सीट से पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान नायब ने अपने ताल ठोकी हुई है और जनता में उनका लगातार जनाधार बढ़ रहा है जिससे अन्य नेताओं में बेचैनी देखने को मिल रही है आपको बता दें कि नायक एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने 2005 में नूंह यानी जिला मुख्यालय से विधानसभा का चुनाव लड़ा था जिसमें पूर्व मंत्री व सांसद मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद के बेटे आफताब अहमद को हराकर विधानसभा पहुंचे जबकि 2005 में कांग्रेस की भारी लहर चल रही थी उस समय कांग्रेस पार्टी की 67 सीटें विधानसभा में आई लेकिन नायब ने अपना अलग झंडा गाड़ कर निर्दलीय जीत दर्ज की। उन्होंने अपना समर्थन सत्ता की सरकार को ही दिया था। आपको बता दे कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य करवाये थे। आज भी विधानसभा क्षेत्र के लोग उनके विकास कार्यों की चर्चा करते रहते हैं। हबीबुर्रहमान उर्फ नायब का हम परिचय बता देते हैं। हरियाणा का जन्म 1966 में हुआ था और चुनाव 1967 में हुए थे उस समय हबीबुर्रहमान के पिताजी मरहूम चौधरी रहीम खां ने 1967 नूंह विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा पूर्व सांसद व मंत्री मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद को भारी मतों से हराकर विधायक बने। नायब के पिता नूंह से तीन बार विधाक व फरीदाबाद से सांसद बने, नायब के चाचा मरहूम चौधरी सरदार खां प्रदेश के गृह राज्यमंत्री बने, नायब के बड़े भाई मोहम्मद इलियास चार बार विधायक व दो बार मंत्री बने। पूर्व मोहम्मद इलियास का जिले में अलग ही इतिहास है वो जिले की तीनों विधानसभा सीटों से विधायक रह चुके हैं। आज भी काटपुरी खानदान का जिले की सभी सीटों पर भारी प्रभाव है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुन्हाना विधानसभा सीट से होने वाले चुनाव में पूर्व विधायक नायब भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। नायब मेवात के सभी नेताओं से बेहतर नेता है। उनके नूंह निवास स्थान पर आज भी लोगों का आना जाना रहता है और लोगों की खिदमत होती रहती है। नायब के खानदान में सखावत का अलग ही रुतबा देखने को मिलता है।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

Janki W/o Sohan Raj R/o 313, Sector-21D, Faridabad have changed my name to JANKI DEVI.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## चुनाव प्रचार

### दूसरों को उपदेश

**राजनेता** अपने भाषणों में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं, पर सुविधाजनक स्थितियों का चयन करते हैं। यह बात उनके प्रचार अभियानों से स्पष्ट होती है। जब कोई नेताजी मूल्यों, जिम्मेदारियों, आदि के बारे में उपदेश देते हैं या 'करो' अथवा 'न करो' की बातें करते हैं तो उनका अर्थ यही होता है कि विरोधियों को कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन वे वही करना जारी रखते हैं जिसे वे ठीक समझते हैं या वह उनके लिए व्यावहारिक होता है क्योंकि आखिरकार मुख्य उद्देश्य चुनाव जीतना होता है। दूसरों को उचित व्यवहार करना चाहिए, उनको लोकरंजकता में लिप्त नहीं होना चाहिए या 'रेवड़ी' संस्कृति नहीं प्रोत्साहित करनी चाहिए, उनकी भाषा सभ्य होनी चाहिए तथा उनको अपनी 'लक्ष्मण रेखा' के भीतर रहना चाहिए। लगभग सभी राजनेता इस बात से सहमत हैं कि उनके विरोधियों को इन नियमों का पालन करना चाहिए, लेकिन मैं वहीं करूंगा जो मैं करना चाहता हूं। यह बात एक बार फिर गुजरात व हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से स्पष्ट रूप से सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 जुलाई को राजनेता वर्ग को 'रेवड़ी संस्कृति' की विभीषिका के बारे में सावधान किया। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि खैरातें आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक हैं।' इससे ऐसा लगा कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक क्षेत्र से यह विभीषिका समाप्त करने का निर्णय कर लिया है। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्रार्थना की थी कि चुनावों के पहले पार्टियों द्वारा 'अनुचित खैरातें' बांटने पर रोक लगाई जाए। लेकिन दो राज्यों में विधानसभा चुनाव अभियान के गति पकड़ते ही इन



सारी अच्छी-अच्छी चीजों को भुला दिया गया। वैसे भी दूसरी गैर-भाजपा पार्टियों ने 'राजकोषीय व्यावहारिकता' का कोई वादा नहीं किया था। वास्तव में दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी-आप के नेता अरविंद केजरीवाल ने अपनी शैली में स्वयं को 'सर्वशुद्ध' घोषित करते हुए 'खैरातों' के बचाव का पूरा प्रयास किया।

हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने सरकारी स्कूलों में हर माह 5,000 लड़कियों को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने पर कक्षा 12 से लेकर स्नातक तक प्रति माह 2,500 रुपये देने का वादा किया। इसके साथ ही स्कूल जाने वाली सभी लड़कियों को साइकिलें व कालेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटी देने का वादा किया। हालांकि, महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना एक प्रशंसनीय कदम है, लेकिन पूछा जा सकता है कि क्या उसके लिए कोई और रास्ता नहीं हो सकता है। किसी को इस बात से आश्चर्य नहीं हुआ और इसकी उम्मीद भी थी कि गुजरात में भाजपा को सत्ता से हटाने का लक्ष्य लेकर चल रही आम आदमी पार्टी-आप ने मुफ्त बिजली, बेरोजगारी भत्ता तथा सभी वयस्क महिलाओं को मासिक नकद भत्ता जैसे वादों की झड़ी लगा दी। भारतीय जनता पार्टी का इस राज्य में पिछले 27 साल से शासन है। दौड़ में पीछे छूटने के भय से कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में भी वादों की झड़ी लगा दी गई जिनमें किसानों की कर्ज माफी, 500 रुपये में गैस सिलिंडर तथा 300 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल है। पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है, 'कांग्रेस स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा को बेलगाम निजीकरण रोकेगी।' इस प्रकार की शब्दावली एक समाजवादी सोच का नतीजा है। एक प्रकार से सभी पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणापत्रों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निराशा का प्रदर्शन किया है। भाजपा खासकर गुजरात में किसी कीमत पर चुनाव हारना नहीं चाहती है क्योंक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गृह राज्य है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सत्ता में वापस आना चाहती है और आम आदमी पार्टी सबको यह समझा देना चाहती है कि वह अपने सफल राजनीतिक विस्तार अभियान पर आगे बढ़ रही है। ऐसा खासकर उसे इस साल के प्रारम्भ में पंजाब में उसकी शानदार विजय के बाद लगने लगा है। माना जाता है कि सामान्य परिस्थितियों में राजनेता मानवजाति के सर्वोत्कृष्ट प्रतिनिधि होते हैं, पर निराशा में वे कई बार सभ्यता व चालाकी के मानक तोड़ देते हैं। संभवत: वर्तमान समय में अनेक राजनेता यही कर रहे हैं।

# छोटे शेयरधारकों की सुरक्षा जरूरी

**आईबीसी व्यवस्था की आत्मा समय पर किसी फर्म में बढ़ रहे तनाव का आंकलन तथा उसे बेचने की 'बढ़ती चिन्ता' का पता लगाना है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




सिक्यूरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया-सेबी ने एक ढांचे का प्रस्ताव किया है ताकि सार्वजनिक ईक्विटी में शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा की जा सके। यह सूचीबद्ध कंपनियों की दीवाला प्रक्रियाओं के दौरान महत्वपूर्ण है जो इन्सालवेंसी व बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी के अंतर्गत कार्पोरेट इन्सालवेंसी समाधान प्रक्रियाओं-सीआईआरपी के अंतर्गत होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2016 में आईबीसी लागू किया था। यह विधायन अन्य सभी तत्कालीन कानूनों पर वरीयता प्राप्त है और यह बैंकों को कर्जदारों के मामले में अपनी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए से निपटने का मजबूत आधार प्रदान करता है। 2017 में इसने बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट-बीआरए में संशोधन कर आरबीआई को शक्तियां प्रदान की जिससे वह बैंकों को उनके द्वारा स्वत: कार्रवाई न करने पर कार्रवाई के लिए बाध्य करता है। 12 फरवरी, 2018 को आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी कर एनपीए समाधान के मूलाधार परिभाषित किए हैं। इस सर्कुलर के अनुसार, 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के खाते में किसी कर्जदार के खाते में बकाया पैदा होने पर सभी कर्जदारों को अकेले या संयुक्त रूप से ऐसे कदम उठाने होते हैं जिनसे एक समाधान योजना-आरपी तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा सके। यह बकाये की तिथि से 180 दिन के भीतर करना होता है। यदि कर्जदार इस समयसीमा के भीतर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उनको अपना खाता नेशनल कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी के समक्ष पेश करना होता है जो आईबीसी के अंतर्गत कार्रवाई शुरू करता है। एनसीएलटी समाधान प्रक्रिया पूरी करने के लिए 180 दिन का समय देता है। असाधारण परिस्थितियों में 90 दिन का समय और दिया जाता है। इस प्रकार प्रक्रिया पूरी करने के लिए 270 दिन का समय होता है। यह समयसीमा लागू करने तथा आरबीआई को शामिल करने का उद्देश्य एनपीए प्रभावित उद्यम को बेचने की कार्रवाई पर निगरानी करना है क्योंकि 'वस्तुनिष्ठ' व 'पारदर्शी' तरीके से काम करने पर बिक्री से अधिकतम राशि प्राप्त हो सकती है। वर्तमान प्रक्रिया के अंतर्गत वर्तमान शेयरधारकों को परेशानी होती है क्योंकि सीआईआरपी के परिणामस्वरूप इक्विटी के मूल्यों में भारी कमी आती है और कंपनी सूची से बाहर हो सकती है। इस स्थिति के परिणामस्वरूप सीआईआरपी प्रक्रिया के अंतर्गत नए अधिग्रहणकर्ता के शेयर 100 प्रतिशत हो जाते हैं। आईबीसी के अंतर्गत इक्विटी धारकों को दीवालिया कंपनी के स्वामी माना जाता है और इस प्रकार वे एनसीएलटी की समाधान योजना-आरपी में आ जाते हैं ताकि कंपनी के दीवालिया होने के बाद उनको कोई बकाया मिल सके। उनको इसकी कोई पूर्व सूचना भी नहीं मिलती है, ऐसे में उनको अपने मामले कमेटी आफ क्रेडिटर्स-सीओसी के समक्ष रखने का मौका भी नहीं मिलता है जो दीवालिया प्रक्रिया की निगरानी करती है तथा कर्जदाताओं के हितों को वरीयता मिलती है।

सार्वजनिक ईक्विटी शेयरधारकों के सरोकारों को संबोधित करते हुए सेबी ने प्रस्ताव किया है कि उनको नए उद्यम में न्यूनतम पांच प्रतिशत व अधिकतम 25 प्रतिशत प्राप्त करने का अवसर दिया जाए। यह प्रस्ताव नए अधिग्रहणकर्ता को आरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप मिलने वाले शेयरों पर निर्भर करता है। यदि नए अधिग्रहणकर्ता की शेयरधारिता 100 प्रतिशत हो जाती है तो वर्तमान सार्वजनिक शेयरधारकों को न्यूनतम 25 प्रतिशत का प्रस्ताव दिया जाता है तथा न्यूनतम स्वीकार्यता पांच प्रतिशत होती है। यदि पांच प्रतिशत शेयरों के लिए भी दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है तो परिणामस्वरूप उद्यम को सूची से बाहर जाने की अनुमति दी जाती है। यदि अधिग्रहणकर्ता की शेयरधारित उद्यम में सीआईआरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 75 प्रतिशत हो जाती है तो सार्वजनिक निवेशकों को प्रस्ताव करने की जरूरत नहीं होती है क्योंकि उनकी धारिता पहले ही 25 प्रतिशत होती है।

सीआईआरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अधिग्रहण करने वाले उद्यम में शेयर सहयोगी कंपनियों, प्रमोटर ग्रुप कंपनियों के परिवारी सदस्यों, प्रमोटरों के प्रबंधन वाले ट्रस्टों, प्रमुख प्रबंधन कर्मियों तथा निदेशकों, आदि के लिए नहीं होते हैं क्योंकि ऐसा करने पर छोटे शेयरधारकों की सहायता का विचार ही पराजित हो जाएगा। इन शेयरधारकों को प्रस्तावित मूल्य समाधान प्रार्थी-नए अधिग्रहणकर्ता को प्रस्तावित मूल्य के समान होना चाहिए। सेबी का यह प्रस्ताव तार्किक है। इससे फर्म में छोटे शेयरधारकों को उचित अवसर मिलता है और वे सीआईआरपी प्रक्रिया के अंतर्गत साझीदार वाली भूमिका निभा कर अधिग्रहणकर्ता द्वारा मुनाफा कमाने की स्थिति में शेयर मूल्यों में किसी बढ़ोत्तरी का लाभ उठा सकते हैं। यह बाजार नियामक द्वारा किसी सूचीबद्ध कंपनी में न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरों की आवश्यकता को भी पूरा करता है। लेकिन जमीनी स्थिति बिल्कुल अलग है। अच्छी तरह संचालित व मुनाफे वाली कंपनियों में भी नियामक 25 प्रतिशत मानक लागू करने में विफल रहते हैं। केन्द्र सरकार भी इस मानक से किनारा कर लेती है। यह स्थिति सेबी द्वारा आईडीबीआई बैंक को सार्वजनिक शेयरधारिता मानक से अलग करने की प्रार्थना से स्पष्ट होती है। इसके उलट सीआईआरपी के अंतर्गत एनपीए प्रभावित फर्मों को अत्यधिक विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ता है। वे अपनी परिसंपत्तियों का मूल्य गिरने से बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

कुल 5,636 सीआईआरपी में से 3,637 बंद हो चुकी हैं। बंद मामलों में 1,703 कंपनियां दीवालिया हो चुकी हैं। अक्टूबर-दिसंबर, 2021 के दौरान स्वीकृत दावों में से वित्तीय कर्जदाताओं की वसूली केवल 13.4 प्रतिशत हुई है। इसके साथ ही 363 बड़े मामलों में बैंकों ने औसतन 80 प्रतिशत हेयरकट या रियायत दी है और वीडियोकान जैसे मामलों में यह 95 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जब परिसंपत्तियों में इतना अधिक क्षरण हो तथा 50 प्रतिशत से अधिक मामले दीवालियापन की सीमा तक पहुंचते हों तो छोटे शेयरधारकों को लाभ दिलाने की बात अर्थहीन हो जाती है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अंतर्गत आरबीआई को 7 जून, 2019 को एक सर्कुलर जारी करना पड़ा जिसे उसके 12 फरवरी, 2018 के आदेश पर वरीयता मिली। इससे बैंकों को आरपी के समक्ष आने के लिए 180 दिन का समय मिल गया। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनको 20 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता है। यदि वे 365 दिन में योजना को अंतिम रूप नहीं देते हैं तो उनको 15 प्रतिशत अतिरिक्त का प्राविधान करना होता है। 12 फरवरी, 2018 के आदेश से बैंकों को 180 दिन बीतने पर मामला एनसीएलटी को सौंपना होता था, पर संशोधित सर्कुलर में ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। दूसरे दृष्टिकोण से यदि आरपी का क्रियान्वयन एक साल में नहीं होता है तो बैंक को 50 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता है। 15 महीने के अंत में सामान्य एजिंग प्राविधान 40 प्रतिशत हो जाता है और इस प्रकार 35 प्रतिशत अतिरिक्त मिला कर कुल प्राविधान 75 प्रतिशत पहुंचता है। कर्ज की 75 प्रतिशत धनराशि को बैलेंसशीट में शामिल करने के बाद बैंक को आईबीसी के अंतर्गत पैसा वसूली प्रक्रिया शुरू करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है।

संक्षेप में आरबीआई की शक्तियां छीनने तथा सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से बैंकों को 7 जून, 2019 का सर्कुलर जारी करने पर आईबीसी की प्रक्रिया निरर्थक हो गई है। इसके साथ ही एनसीएलटी के अधिकांश फैसलों को उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाती है। इस कारण सीआईआरपी प्रक्रियायें समाप्त होने में असाधारण विलम्ब होता है तथा परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों का मूल्य गिरता है। आईबीसी व्यवस्था का उद्देश्य समय पर फर्म में तनाव का पता लगाना तथा उसकी बिक्री के प्रति 'बढ़ती चिन्ता' का आंकलन है ताकि अधिकतम मूल्य प्राप्त किया जा सके। सेबी का विचार छोटे शेयरधारकों को सुरक्षा देना है। यह तभी कारगर हो सकता है जब कानून की मूल आत्मा बचाये रखी जा सके।

वास्तव में सभी कर्जदाताओं के हितों की रक्षा के प्रति सरकार के सभी वित्तीय व आपरेशनल प्रयास कानून में अनेक संशोधनों के कारण निरर्थक हो गए हैं। यह स्थिति बदलनी जरूरी है।

# पर्यावरण संरक्षण जागरुकता बढ़ाने में लगा एक समूह

> **"पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में पहले कदम के रूप में, समूह जनता से कार्यों के प्रति अधिक जागरूक होने का आग्रह करता है।"**



**अलका गाडगिल**
(लेखिका विकास कार्यकत्री हैं)

एक मेडिकल स्टोर के मालिक मकरंद वैनगंकर और महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के ट्रेजरी ऑफिसर यशवंत भोसले ने कहा, जैसे ही मानसून शुरू होता है, हम आम, जामभूल और कटहल जैसे देशी फलों की बीज बमबारी के लिए जंगल की ओर जाते हैं। शुष्क क्षेत्रों में, सीड बॉल का आकार नमी को संरक्षित करने के लिए पर्याप्त छाया देता है। आखिरकार, बीज अंकुरित होने लगते हैं और गेंद टूट जाती है। टुकड़ों का छोटा ढेर एक रूटिंग सिस्टम की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि पौधे तब परिपक्व होते हैं और अपने स्वयं के बीज पैदा करते हैं और दूसरी पीढ़ी के बीज जमीन पर गिरने के बाद आश्रय प्रदान करते हैं।वैनगंकर और भोसले दोनों सात साल से कनक राइडर्स कंकावली नामक साइकिलिंग ग्रुप के सदस्य हैं। समूह साइकिलिंग के माध्यम से छात्रों और युवाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने में शामिल रहा है। 'हम जैव विविधता के विनाश के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। हम इन मुद्दों के बारे में कंकावली क्षेत्र के स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के साथ बैठकें करते हैं। मुझे चिंता है कि हम अपने पीछे बच्चों के लिए कैसी दुनिया छोड़कर जा रहे हैं।'

रविवार और छुट्टियों के दिन, समूह की योजना साइकिल पर एक दिन में 100 किमी की दूरी तय करने की है। कई छात्र, युवा और उनके माता-पिता उनके उद्यम में शामिल होते हैं। इसने आबादी के बीच साइकिल चलाने में नए सिरे से रुचि पैदा की है। साइकिल चलाने के दौरान अनुभव किए गए महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करते हुए, समूह ने कहा : 'हाल ही में हम कंकावली में व्रवडे बांध गए,



जो एक आरक्षित क्षेत्र है। हम बांध तक पहुंचने के लिए घने हरे आवरण से गुज़रते हैं। बादल उतर आए हैं और यह एक खूबसूरत पल था।' जब से समूह ने इस क्षेत्र में छिपे हुए स्थानों को उजागर करने का निर्णय लिया है, तब से साइकिल चलाने से न केवल लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है बल्कि उनके स्वास्थ्य में भी वृद्धि हुई है। 'एक व्यक्ति जिसे दमा था वह हमारे साथ घूमने आया था। हमारे रास्ते में एक तेज चढ़ाई थी। उसने कुछ देर साइकिल चलाई, रुका और अपने इन्हेलर का इस्तेमाल किया और फिर वह फिर से जुड़ गया। हम तनाव में थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। तब से छह महीने बीत चुके हैं। वह अब इनहेलर का उपयोग नहीं करते हैं और बिना किसी परेशानी के 100 किमी की सवारी करते हैं', भोसले ने कहा।

अपने अभियान को अंजाम देने के दौरान समूह को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जब वे खुली जगहों पर पेड़ लगाते हैं, तो आस-पड़ोस के लोग अक्सर बहुत असहयोगी होते हैं। लोग पूछते हैं कि हम उनके परिसर में क्या कर रहे हैं। कुछ लोगों का बहुत ही संकीर्ण दृष्टिकोण है और सोचते हैं कि पेड़ एक खतरा हैं क्योंकि वे रास्ते में आते हैं। समूह ने कहा कि यहां तक कि मंदिर के अधिकारियों ने भी अपने आसपास बीज बमबारी पर आपत्ति जताई।

अपनी भविष्य की योजनाओं पर विचार करते हुए, समूह ने साझा किया कि कैसे, चुनौतियों के बावजूद, वे एक संघ बनाने के लिए एक साथ आए और बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के समाधान खोजने के लिए प्रशासन से संपर्क किया। अपने अगले अभियान के बारे में बताते हुए, समूह ने कहा, मुर्देश्वर मंदिर घने जंगल के बीच है, और इसके चारों ओर जल निकाय हैं। लेकिन लोग कूड़ा करकट फेंककर वनस्पतियों और जीवों को दूषित कर रहे हैं। हम प्रशासन को इस पर ध्यान दिलाएंगे। हम सिंधुदुर्ग जिले के स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालयों में भी सत्र आयोजित करने जा रहे हैं। पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में पहले कदम के रूप में, समूह जनता से कार्यों के प्रति अधिक जागरूक होने का आग्रह करता है, जैसा कि वे कहते हैं, यदि आप मानसून में यात्रा कर रहे हैं, तो कृपया बीज गेंदों को अपने साथ ले जाएं। बीजों को फेंकना नहीं चाहिए, क्योंकि इनका उपयोग बीज के गोले बनाने के लिए किया जा सकता है।

देशी किस्मों के बीज बोने चाहिए, न कि विदेशी प्रजातियों के। यदि 10 बीज गेंदें फेंकी जाती हैं, तो कम से कम दो निश्चित रूप से जड़ें जमा लेंगी।

## आप की बात

### सराहनीय प्रयास

**संविधान** दिवस पर प्रधानमंत्री, न्याय मंत्री के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के मुख्य जज उपस्थित थे! और उन्होंने जिस मुखरता से न्यायपालिका और कार्यपालिका में संतुलन बनाए रखने और संविधान के सभी स्तंभों के बीच सामंजस्य बनाए रखने पर जोर दिया वह सराहनीय है! लंबे समय से देश के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम सिस्टम को लेकर न्यायपालिका व कार्यपालिका में मतभेद बना हुआ है! वही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है! यह अति संवेदनशील मुद्दे शीघ्रता से निपटाए जाने चाहिए!और देश में जब एक चपरासी की नियुक्ति तक के लिए गाइडलाइन बनी हुई है ,तो फिर मुख्य न्यायाधीश और मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे अति महत्वपूर्ण पदों के लिए एक गाइडलाइन का ना होना आश्चर्यजनक है! अब आजादी के अमृत महोत्सव के इस पुनीत अवसर पर इन पदों के लिए भी एक प्रक्रिया निश्चित की जाए और इन पर नियुक्त किए जाने वाले अधिकारी के कार्य प्रदर्शन और दृढ़ व्यक्तित्व के आधार पर ही नियुक्ति हो इनके कार्यों में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप ना हो! नियुक्ति पूर्ण पारदर्शिता पूर्ण हो तभी यह संस्थाएं अपनी साख बचाए रख सकेगी!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### राजनीति का अखाड़ा

**उत्तर** प्रदेश का मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव राजनैतिक दांवपेच का अखाड़ा बन चुका है। शाक्य वोटों के दम पर बीजेपी ने क्षेत्र के मजबूत शाक्य नेता रघुराज शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव 4.50 लाख यादव मतों के सहारे डिंपल यादव की राजनीतिक वैतरणी पार करने का बीड़ा संभाले हुए हैं। धुआंधार प्रचार के बीच योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैली को संबोधित किया है ताकि क्षत्रिय मतों को भी भाजपा के पाले में लाया जा सके। सामान्यत: विकास कार्य पर राजनीतिक दल वोट मांगते हैं लेकिन मैनपुरी उपचुनाव में जातिगत समीकरण पूरी तरह चुनाव पर हावी हो चुका है। ऐसा माना जा रहा है कि यादव वोट सपा को मिलेंगी और शाक्य वोट बीजेपी को जाएंगी एवम छत्रिय मतों का झुकाव भी बीजेपी की तरफ ही रहेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस चुनाव में डेढ़ लाख दलित वोट निर्णायक होंगे। यदि दलितों का झुकाव सपा की तरफ रहेगा तो जीत संभवत: सपा की होगी लेकिन यदि मतों का विभाजन होता है तो सपा को बड़ी चुनौती बीजेपी से मिलना तय है. इस बार शिवपाल यादव का पूरा समर्थन सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को है जिसका असर चुनाव पर पड़ेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### गहरी होती खाई

**गहलोत-पायलट** टकराव से संबंधित है। यह पहली बार नहीं हुआ है की राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट के विरुद्ध इस तरह का बयान दिया हो या ऐसे शब्दों का उपयोग किया हो। इन दोनों नेताओं के बीच की खाई बढ़ती ही जा रही है और अगले वर्ष राज्य में चुनाव होने हैं तो ऐसे में यह पार्टी के लिए अच्छी खबर नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे और गांधी परिवार दोनों को इस विषय में पहल करते हुए सुलह करनी चाहिए वरना यह कलह पार्टी के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। दोनों ही नेता अत्यंत महत्वकांक्षी हैं एक और जहां गहलोत जब उनका नाम पार्टी प्रमुख के लिए चल रहा था तो उन्होंने साफ़ कर दिया था की राज्य के मुख्यमंत्री का पद वह नहीं छोड़ेंगे और पायलट ने भी जिस तरह 2018 में पूरे राज्य में घूम कर पार्टी के लिए जो जमीन तैयार करि थी उसका सारा फायदा तो गहलोत उठा ले गए , सचिन भी मुख्यमंत्री से कम नहीं मानेंगे , तो पार्टी नेतृत्व के लिए इस अहम की लड़ाई को सुलझाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

– **बाल गोविंद**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**भारत** का इतिहास केवल गुलामी का नहीं, अनेक विजयों तथा असंख्य महान लोगों का इतिहास भी है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**चीन** क्षेत्रीय व विश्व शांति, स्थायित्व तथा समृद्धि के लिए उत्तर कोरिया के साथ मिल कर काम करना चाहता है।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति





**गुजरात** में कांग्रेस शासन में अक्सर सांप्रदायिक दंगे होते थे तथा वे विभिन्न समुदायों को एक दूसरे से लड़ाते थे।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री"

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नहीं बल्कि कांग्रेस तोड़ो यात्रा : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सम्बोधित करते हुए व जनसभा में कार्यकर्ता।

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नौ दिसंबर को जजपा के पांचवें स्थापना दिवस पर भिवानी में होने वाली रैली में जनसैलाब उमड़ेगा और यह रैली ऐतिहासिक होगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भिवानी रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से पांच साल में जजपा ने प्रदेश में मजबूत संगठन खड़ा किया है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा के अलावा दिल्ली, गुजरात, यूपी सहित अन्य राज्यों में भी जजपा अपने संगठन में निरंतर विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि जननायक चौ. देवीलाल की कमेरे को सशक्त करने की सोच पर हम आगे बढ़ रहे हैं और प्रदेश में बड़े बदलाव लाने का काम किया है। वे मंगलवार को जाट धर्मशाला करनाल में पत्रकारों से रूबरू हुए। दुष्यंत चौटाला ने यहां जेजेपी की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित भी किया और भिवानी रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाते हुए रैली का न्योता दिया।

**44 करोड़ का गेहूं हुआ खराब, जिम्मेदार अधिकारियों से होगी रिकवरी :** पत्रकारों द्वारा गोदामों में गेहूं खराब होने के मामले पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इससे 44 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और इसकी भरपाई की जाएगी। इस मामले की जांच को लेकर पहले से कमेटी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल और फतेहाबाद की एक महीने में कमेटी रिपोर्ट देगी जबकि फतेहाबाद में अधिकारी से नुकसान की भरपाई की जा चुकी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बाकी बचे तीन जिलों में रिपोर्ट के आधार पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह धान के मामले में भी सरकार सख्ती से निपट रही है।

### एमबीबीएस बॉन्ड पॉलिसी को लेकर निकाला जाएगा समाधान

एमबीबीएस बॉन्ड पॉलिसी के सवाल पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पॉलिसी को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर से उन्होंने चर्चा की है। उन्होंने कहा कि पॉलिसी का सरकार और स्टूडेंट दोनों को लाभ मिले, इसके लिए जल्द निष्कर्ष निकाला जाएगा। कांग्रेस की गुटबाजी के सवाल पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस का अंत आ चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नहीं बल्कि कांग्रेस तोड़ो यात्रा है। दुष्यंत ने कहा कि हर जगह कांग्रेसी नेताओं की आपसी गुत्थम गुथी जारी है।


गीता जयंती को लेकर दीवार पर की गई चित्रकारी।

## गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दीवारों पर की जा रही चित्रकारी

### श्लोकों को दीवारों पर लिखवाया ताकि हर राहगीर हो रूबरू

**सोनीपत।** जीवन की हर समस्या के समाधान के रूप में मौजूद ग्रंथ गीता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दीवारों को गीता के संदेश से सराबोर किया जा रहा है। यह कहना है उपायुक्त ललित सिवाच का।

उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि सोनीपत के सुभाष स्टेडियम में दो से चार दिसंबर को जिला स्तर पर गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। गीता जयंती समारोह को जनभागीदारी के साथ मनाने के लिए, लोगों में जागरूकता की अलख जगाई जा रही है। इसके तहत लगातार समारोह का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीवारों पर गीता के श्लोकों की रचना की शुरुआत भी की गई है।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि आयोजन स्थल के आसपास की दिवारों को विशेष रूप से गीता के रंग में रंगा जा रहा है। दीवारों पर गीता के श्लोकों को अंकित करवाया जा रहा है। बड़े-बड़े अक्षरों में चित्रों के साथ अनूठे रूप में यह चित्रकारी की जा रही है, ताकि आम जनमानस दूर से ही श्लोकों को पढ़ सके। मार्ग से गुजरने वाले हर व्यक्ति को यह चित्रकारी दिखाई देगी।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि यदि हम कुछ लिखते-पढ़ते हैं तो उसका असर दिमाग पर छाया रहता है। लंबे समय तक हम भूलते नहीं है।

## संक्षिप्त-समाचार

### वर्ल्ड चैंपियन वंशज चौहान का विद्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत


बॉक्सिंग चैंपियनशिप विजेता का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

**सोनीपत।** स्पेन में आयोजित यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के वंशज चौहान ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार विजय के साथ अपनी एकेडमी तथा भारत देश का नाम रोशन कर दिया। वर्ल्ड चैंपियन वंशज चौहान का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। उसकी इस विजय से विद्यालय में खुशी का माहौल था और छात्रों में जोश व उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल, उपप्रधानाचार्य गीता अरोड़ा, विद्यालय प्रशासन के सभी सदस्यों तथा सभी अध्यापकों ने वंशज चौहान का फूल मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। सभी ने उसकी खेल भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग और सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने बच्चों को वंशज चौहान की सफलता से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया और बच्चों को जीवन में कठोर परिश्रम और संयमित जीवन की शिक्षा दी। विद्यालय प्रशासन की ओर से वंशज चौहान की इस अपार सफलता पर 51 हजार रुपये की राशि व स्मृति चिह्न पुरस्कार स्वरूप दिए गए और उनके कोच रोहतास कुमार को शाल व स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया गया। वंशज चौहान की इस उपलब्धि से उसके माता-पिता बहुत खुश थे और उन्होंने अपने पुत्र की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रशासन व कोच को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा प्राप्त सुविधाओं के कारण ही उनका पुत्र वर्ल्ड चैंपियन बन सका है। वंशज चौहान इससे पहले भी एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। इस चैंपियनशिप के पहले बाउट में वंशज ने उज्बेकिस्तान के बॉलवेब शवकातों को 5-0 से हराकर एक तरफा जीत हासिल की। दूसरी बाउट में जापान के मष्तके को 5-0 से और प्री क्वार्टर में स्पेन के मामेडोवा को 5-0 से और चौथी फाइट में किर्गिजस्तान के लिवाजे उमर को 5-0 से हराया। वहीं सेमीफाइनल में यूएसए के क्रॉकलम डेड्रिक को 2-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल मुकाबले में जॉर्जिया के कजैया डेमूर को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर शानदार जीत हासिल की। कोच ने बताया कि वंशज बहुत ही मेहनती व कर्मठ खिलाड़ी है और भविष्य में ओलंपिकस खेलों में भी शानदार प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करेगा।

### विश्वास पब्लिक स्कूल में मनाया खेल दिवस


पारितोषिक वितरण समारोह में पहुंचने पर ऋषि विशुभ विश्वास का स्वागत करते प्राचार्य व अन्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** विश्वास पब्लिक स्कूल में 36वां खेल दिवस पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्यातिथि विश्वास फाउंडेशन के सचिव ऋषि विशुभ विश्वास ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उपस्थित जनसमूह ने मेडिटेशन का लाभ उठाते हुए परम पूज्य स्वामी विश्वासजी को याद किया। स्कूल की प्राचार्य स्नेह राजपाल ने आए हुए सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत कर कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम में विद्यार्थी संघ के नेतृत्व में स्कूल के चारों हाउस के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि ऋषि विशुभ विश्वास ने सलामी देकर झंडा फहराया। स्कूल के लगभग 150 विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक तथा अन्य उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनेक खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई गई और अभिभावकों की रस्साकशी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सहित अभिभावक, अतिथिगण व विद्यार्थी मौजूद थे।

### बिजली कर्मचारियों पर हमला, केस दर्ज

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव गोलनी निवासी रिंकू और दिग्विजय के केस दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ जेके आहूजा ने पुलिस को शिकायत दी है कि 29 नवंबर को सुबह विभाग की टीम चेकिंग पर गई थी। पुलिस की टीम भी साथ थी। उनकी टीम जब गांव गोलनी पहुंची तो वे खुद और एएफएम सतीश कुमार, एएलएम कर्मचंद, नरेश, बीर सिंह, मुकेश मीटरों की जांच कर रहे थे। तभी टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया। टीम के साथ हाथापाई की और गाली गलौज की। वहीं पिटबुल कुत्ते को टीम पर छोड़ दिया। एसडीओ के मोबाइल तक आरोपी रिंकू और दिग्विजय ने छीन लिए। बाद में पुलिस कर्मी रामकरण ने मोबाइल वापस दिलाए। इस शिकायत पर पुलिस ने धारा- 332, 353, 341, 504, 506, 34 में केस दर्ज कर किया है।

### दुकान के ताले तोड़कर की चोरी

**यमुनानगर।** गांव हाफिजपुर निवासी हरपाल सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसकी गांव में ही उसकी करियाना और फास्ट फूड की दुकान है। 23 नवंबर को किसी ने रात के समय उसकी दुकान के ताले और शीश तोड़कर चोरी की। चोर चार हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत

पायनियर सामचार सेवा। करनाल


पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मृतक के परिजन।

**संदिग्ध** परिस्थितियों में जहरीली प्रदार्थ पीने से एक दसवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही।

कुरुक्षेत्र जिले के गांव बिदसूजरा निवासी 16 वर्षीय विनीत अपने पिता के साथ ठेके पर जमीन लेकर फूलों की खेती करता था। उसने चार एकड़ जमीन ठेके पर ली हुई थी। विनीत बीती 18 नवंबर को खेत में काम करने गया था। इस दौरान उसने खेत में पड़े डिब्बे से पानी पी लिया। बताया जा रहा कि डिब्बे में कोई विषैली दवा थी। गंभीर हालत में विनीत को उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया। जहां दो दिन तक विनीत का इलाज चला। दो दिन बाद अस्पताल से विनीत को छुट्टी मिल गई। ताऊ विजेंद्र ने बताया कि उसका भतीजा विनीत 10वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। इसके साथ-साथ वह अपने पिता के साथ खेतीबाड़ी भी करता था। विनीत की 21 नवंबर को अचानक से तबीयत बिगड़ गई। करनाल जिले मधुबन अर्पणा अस्पताल में सोमवार देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिया।

पुलिस जांच अधिकारी वेदप्रकाश ने बताया कि विनीत ने खेत में गलती से दवाई के डिब्बे से पानी पी लिया।

## आदेश अस्पताल में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**आदेश** मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सकों एवं मैडिकल विद्यार्थियों के लिए पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन तरूण पुस्कालय दिल्ली की ओर से किया गया। जिसमें नवीनतम संस्करण पुस्तकों व नये प्रकाशनों के पुस्तक संग्रह दर्शाये गये।

पुस्तक प्रदर्शनी की शुरुआत आदेश ग्रुप के चेयरमेन डॉ. एचएस गिल ने की और चिकित्सकों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। डॉ. एचएस गिल ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का वह भंडार है जिससे मेडिकल स्टूडेंट दुनिया के हर देश में मेडिकल के क्षेत्र में आ रही नयी तकनीक, नवीनतम खोज व उपचार के बारे में जानकारी लेकर स्वयं को दक्ष बना सकता है। उन्होंने पुस्तक प्रदर्शनी के लिए आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी निश्चित तौर पर फेकेल्टी व स्टूडेंट्स के लाभदायक व ज्ञानवर्धक रहेगी। लॉयब्रेरी प्रभारी डॉ. मनजिन्द्र सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से एक ही छत के नीचे अंडर व पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल कोर्सिस की पुस्तकों को उनके लेखकों के साथ दिखाया गया है जोकि विद्यार्थियों के भविष्य के लिए लाभप्रद रहेंगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की प्रदर्शनियों का आयोजन होता रहेगा। इस अवसर पर कॉलेज के वाईज प्रिंसीपल डॉ. एनएस लांबा सहित चिकित्सक व मेडिकल स्टूडेंट्स आदि मौजूद रहे।

## महिला को किया दहेज के लिए प्रताड़ित

**यमुनानगर।** एक महिला ने शिकायत दी है कि उसके पति रविंद्र और सास महिंदो, अंजू, उषा ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया। एक गांव की रहने वाली सरला ने शिकायत दी है कि उसकी शादी रविंद्र के साथ हुई थी। ससुराल वाले शादी में कार चाहते थे। कार की मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया गया।

शादी के बाद बेटी पैदा हुई तो आरोपियों ने उसे और ज्यादा प्रताड़ित किया। वे कहते थे कि वे लड़का चाहते थे। आरोपियों को समझाने के लिए कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन वे नहीं माने। परेशान होकर उसने शिकायत पुलिस को दी थी। तब ससुराल वालों ने अपनी गलती मान ली थी। वहीं इसके बाद भी उसे प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। उसका पति सरकारी विभाग में नौकरी करता है।

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर में जांचा बच्चों को स्वास्थ्य


नबीपुर गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए डॉ. रीना।

**करनाल।** नबीपुर गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। कुंजपुरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. रीना के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने वजन, ऊंचाई, शारिरिक विकास, आंख, कान, नाक आदि की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया।

डॉ. रीना ने स्वास्थ्य जांच के बाद बच्चों व शिक्षकों से बातचीत की और कहा कि सर्दी के मौसम में जरा सी लापरवाही बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। इस मौसम में खासी, जुकाम, बुखार, ठंड व अन्य शिकायतें देखने को मिलती हैं। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को शुद्ध पौषक आहार दें। जिससे बच्चे का सही ढंग से शारिरिक व बौद्धिक विकास हो। एएनएम सुषमा रानी व फार्मासिस्ट रोहताश पाल ने बच्चों को नाखूनों की समय पर सफाई रखने, खाने से पहले तथा बाद में अच्छी तरह हाथ धोने के बारे में जागरूक किया। जिन बच्चों में ज्यादा कमी नजर आई उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए करनाल रेफर का कार्ड बनाया। विद्यालय के मुखिया मास्टर दलीप सिंह ने स्कूल में पहुंचने पर डाक्टरों की टीम का स्वागत किया और उनका आभार जताया।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, केस दर्ज

**यमुनानगर।** महिला की शिकायत पर पुलिस ने रामकुमार, रामकली, काला, मंदिर, निर्मल देवी, सुवकी निवासी जिंदर, परमजीत पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का केस दर्ज किया है। निलम ने शिकायत दी है कि उसकी शादी रामकुमार के साथ साल 2009 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद आरोपी पक्ष ने उसे दहेज के लिए ताने मारने शुरू कर दिए थे। शादी में उसके पिता ने दहेज में भैंस दी थी लेकिन ससुराल वाले चाहते थे कि बाइक देते। उसके पति ने भैंस बेचकर बाइक लेने की बात कही, लेकिन भैंस के पैसों को भी ऐसे ही खर्च कर दिया। उसने बच्चे को जन्म दिया तो आरोपी कई तरह की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की। साल 2021 में एक शिकायत पुलिस को दी थी। तब ससुराल वालों ने अपनी गलती मान ली थी, लेकिन कुछ दिनों के बाद फिर से उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया, उसे घर से निकाल दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने धारा- 323, 406, 498ए, 506, 34 में केस दर्ज किया है ।

## मेयर ने सिविल अस्पताल से किया निरोगी हरियाणा योजना का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मेयर** रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल करनाल में निरोगी हरियाणा योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत पात्र व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच और विभिन्न प्रकार के टेस्ट सरकार द्वारा निःशुल्क किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला करनाल में अभी दो जगह जिला नागरिक अस्पताल करनाल और एसडीएच असन्ध से इस योजना की शुरुआत की जा रही है बाकी सभी लाभार्थियों को अगले चरण में इस योजना में शामिल कर लिया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला भी उपस्थित रहे।

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य से संबंधित सुविधा के लिए निरोगी हरियाणा योजना को शुरू किया जा रहा। योजना के तहत नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच और विभिन्न प्रकार के टेस्ट सरकार द्वारा निःशुल्क रूप से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों तक निःशुल्क टेस्ट और जांच की सुविधा उपलब्ध कराना। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। हरियाणा में इस योजना के तहत 26 लाख 64257 परिवारों में से एक करोड़ छह लाख 475 नागरिकों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।


निरोगी योजना का शुभारंभ करतीं मेयर रेणु बाला गुप्ता।

### योजना को उम्र के हिसाब से 6 श्रेणियों में किया विभाजित

सिविल सर्जन योगेश कुमार ने कहा कि इस योजना को जिला के नागरिकों तक पंहुचाने के लिए उम्र के हिसाब से छह श्रेणियो में विभाजित किया गया है। प्रथम श्रेणी में जन्म से छह माह तक, द्वितीय श्रेणी में छह माह से 59 माह तक, तृतीय श्रेणी में पांच से 18 साल तक, चौथी श्रेणी में 18 से 40 साल तक, पांचवी श्रेणी में 40 से 60 साल तक और छठी श्रेणी में 60 साल से उपर की आयु वर्ग को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला करनाल में इस योजना के तहत 172474 परिवार 668442 नागरिकों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## सिविल इनिशिएटिव्स ऑफ द 60 पैरलल रीजन्स फोरम में रचनात्मक उद्योगों के आर्कटिक क्षेत्र की सामाजिक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने वाले के रूप में हुई चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली



**खांटी**-मानसी स्वायत्त जिले के कोगलिम में 21-22 नवंबर को सिविल इनिशिएटिव्स ऑफ द 60 पैरलल रीजन्स इंटरनेशनल ह्युमनेटेरियन फोरम में सोशल एंड कल्चरल इनिशिएटिव्स एंड बेस्ट नॉन-प्रॉफिट प्रोजेक्ट्स इन क्रिएटिव एंटरप्रेन्योरशिप ट्रैक के तहत आयोजित सत्रों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने उत्तरी क्षेत्रों की सांस्कृतिक उपलब्धियों और आर्कटिक क्षेत्रों के आर्थिक विकास के लिए रचनात्मक उद्योगों के इस्तेमाल पर चर्चा की 2021-23 के दौरान आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना के तहत ये चर्चाएं हुई जिसका प्रबंधन रॉसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। रॉसकांग्रेस फाउंडेशन के सोशल प्लेटफॉर्म इनोसोसियम फाउंडेशन द्वारा इन सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

रूस के राष्ट्रपति के सलाहकार और आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप से जुड़ी आयोजन समिति के कार्यकारी सचिव एंटन कोबिकोव ने कहा, उत्तरी क्षेत्रों के विकास से संबंधित मानवीय पहलू आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है और रूस के उत्तरी इलाकों के मूल निवासियों की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं आधुनिक संस्कृति में उसका एकीकरण आर्कटिक की मानव पूंजी में निवेश का एक अहम हिस्सा है। इन्हीं वजहों से सिविल इनिशिएटिव्स ऑफ द 60 पैरलल रीजन्स एंड ऑडियो-विजुअल प्रोजेक्ट सोल ऑफ रशिया। द नॉर्थ जैसे कार्यक्रम अहम हैं। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि इस तरह के कार्यक्रमों से प्रतिभागियों को उत्तरी क्षेत्र में ग्रोथ के नए बिंदुओं को चिह्नित करने और आर्कटिक के जनजातीय समूहों की संस्कृति के संरक्षण पर नए तरीके से सोचने का मौका मिलता है।

फोरम के बिजनेस प्रोग्राम के तहत इनोसोसियम फाउंडेशन ने पांच सत्रों का आयोजन किया जिनकी साझा थीम उत्तरी क्षेत्रों की कठोर प्राकृतिक एवं जलवायु परिस्थितियों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार को आर्कटिक को लेकर सरकार की नीतियों की अहम प्राथमिकताओं में शामिल करने से जुड़ा था। रूस के सुदूर पूर्व और आर्कटिक के विकास मामलों के मंत्री एलेक्सी चेकुनकोव ने कहा, 60 पैरलल क्षेत्र के लिए फोरम का बहुत अधिक व्यावहारिक महत्व है। इन सघन उत्तरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच संवाद कायम करने एवं तात्कालिक सामाजिक समस्याओं के समाधान के रचनात्मक तरीके का अर्थव्यवस्था एवं राजनीति, शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है।

## छह दिवसीय योग साधना शिविर का हुआ शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की कर्म स्थली धर्म नगरी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के सुयोग्य निर्देशन में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के सक्रिय मार्गदर्शन में हरियाणा योग आयोग द्वारा स्थानीय 15 योग संस्थाओं की सहभागिता से आयोजित छह दिवसीय योग साधना शिविर का शुभारंभ हुआ।

शिविर के प्रथम दिन योगाभ्यास करवाने का दायित्व पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति को दिया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, हरियाणा योग आयोग के ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के हरियाणा प्रभारी ईश आर्य, राष्ट्रीय सेवा योजना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयोजक डॉ. आनंद कुमार व मंचासीन अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुरुक्षेत्र विवि के प्रबुद्ध प्रोफेसर डॉ. रामचंद्र ने मंच संचालन किया। समारोह के मुख्य अतिथि मदन मोहन छाबड़ा ने मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए इस बात पर भी सुखद आश्चर्य व्यक्त किया कि हरियाणा योग आयोग के बैनर तले 15 स्थानीय योग संस्थाएं इकट्ठा होकर कार्यक्रम कर रही हैं।

## इंडियन टेरेन ने सर्दियों के लिए कई स्मार्ट गिलेट और जैकेट लॉन्च किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के प्रमुख पुरुषों के हाई-स्ट्रीट फैशन ब्रांडों में से एक, इंडियन टेरेन ने अपने ऑटम-विंटर 2022 कलेक्शन के हिस्से के रूप में नए जमाने के पुरुषों के लिए कई विंटर गिलेट्स और जैकेट लॉन्च किए हैं। नई लॉन्च की गई एक्सप्लोरर सीरीज में कई तरह के गिलेट्स और जैकेट हैं, जो आराम, सुविधा और स्टाइल का सही मिश्रण हैं।

इस नई लाइन-अप के तहत, ब्रांड ने गिलेट्स और जैकेट का एक शानदार संग्रह तैयार किया है - हेवी विंटर पारकास, हाईब्रिड 4-इन-1 रिवर्सिबल जैकेट, नमी रोधी 3W पार्का, जैकेट और कलर ब्लॉक्ड विंड चीटर्स जो सभी में उपलब्ध हैं। इंडियन टेरेन आउटलेट्स। भरपूर आराम और स्टाइल, भारी सर्दियों के के लिए हैं। हल्के वजन वाले

### विभिन्न रंगों में ये हल्के जैकेट सर्दियों के लिए एक आरामदायक जोड़ हैं

जैकेटों को शहर की सड़कों या पहाड़ों में उच्च तापमान को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। विभिन्न रंगों में ये हल्के जैकेट सर्दियों के लिए एक आरामदायक जोड़ हैं।

इनमें इंडियन टेरेन की एक्सप्लोरर सीरीज में अपनी तरह का एक अनूठा, हाईब्रिड 4-इन-1 रिवर्सिबल जैकेट भी शामिल है, जो अत्यधिक बहुमुखी है और कई अवसरों के लिए सबसे उपयुक्त है।

बॉम्बर जैकेट हो या क्विल्टेड पफर, इन जैकेट्स को किसी भी आउटफिट से मेल खाने वाले रंगों के साथ डिजाइन किया गया है। बाहर रहने के दौरान नमी का प्रतिरोध करने के लिए डिजाइन किया गया, एक्सप्लोरर सीरीज में इंडियन टेरियन के अभिनव 3W पार्का जैकेट मौसम, हवा और पानी के प्रतिरोध का वादा करते हैं। विशेष कपड़े से बने, जैकेट शरीर की गर्मी को बरकरार रखने में मदद करते हैं।

घूमने-फिरने के शौकीनों के लिए, तैयार किए गए इंडियन टेरेन पैकेबल्स जैकेट आराम और गति से भरे हुए हैं, जो चलते-फिरते पुरुषों के लिए उपयुक्त हैं। कुछ जीवंतता जोड़ते हुए, इंडियन टेरेन ने सर्दियों के दिनों को रोशन करने के लिए एक विशेष रंग ब्लॉक, हल्के गद्देदार जैकेट भी लॉन्च किए हैं। इंडियन टेरेन के गिलेट्स और जैकेट्स को एक्सप्लोरर सीरीज इंडियन टेरेन के सभी एक्सक्लूसिव स्टोर्स और मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

# मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने किया गीता पूजन

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**मंत्रोच्चारण** और शंखनाद के बीच कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 का आगाज हुआ। इस आगाज के साथ ही ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा ही गीतामय हो गई। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन कर पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन कर विधिवत रूप से 29 नवंबर से चार दिसंबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हेलीपैड पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह, सांसद नायब सिंह सैनी, सांसद रतन लाल कटारिया, विधायक सुभाष सुधा, हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने स्वागत किया। इसके उपरांत ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जैसे ही आगमन हुआ, उसी समय हरियाणवी परंपरागत वाद्य यंत्रों के बीच राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के नोडल अधिकारी एवं केडीबी सदस्य सचिव विजय दहिया, उपायुक्त शांतनु शर्मा ने स्वागत किया। यहां पर देश के विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की वेशभूषा में सुसज्जित होकर लोक नृत्यों पर झूमकर दूर-दराज से आए मेहमानों और पर्यटकों का कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंचने पर खुशी का इजहार किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रह्मसरोवर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग पवित्र तीर्थ स्थल पर पूजा-अर्चना करते हुए। साथ में हैं हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन कर की पूजा-अर्चना

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन कर पूजा-अर्चना की और पवित्र ग्रंथ गीता पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता पूजन के बाद वेद पाठशाला के आचार्य पंडित नरेश व 11 वेदपाठी विद्यार्थियों और विद्वानों द्वारा शंख और श्लोक उच्चारण के बीच गीता यज्ञ में पूणार्हूति डालकर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारम्भ किया। सभी मेहमानों ने सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इससे पहले सभी मेहमानों ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों के साथ एक ग्रुप स्मृति चित्र भी कराया। महोत्सव में 55 हजार विद्यार्थियों के साथ आनलाइन व ऑफलाइन वैश्विक गीता पाठ, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों के कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार, संत सम्मेलन, ब्रह्मसरोवर की महाआरती, दीपोत्सव, 48 कोस के 75 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इसके लिए प्रशासन और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से सुरक्षा और व्यवस्था के तमाम पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मौके पर हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, डीजीपी पीके अग्रवाल, एडीजीपी श्रीकांत जाधव, उपायुक्त शांतनु शर्मा, एसपी सुरेंद्र भौरिया, एडीसी अखिल पिलानी, केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, सूचना, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक कुलदीप सैनी, सीईओ केडीबी चंद्रकांत कटारिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. पवन सैनी, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, केडीबी सदस्य सुशील राणा, सौरभ चौधरी, उपेन्द्र सिंघल, विजय नरुला, केसी रंगा, श्याम बतरा, रणदीप कौल, महेन्द्र सिंगला, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा सहित केडीबी के सभी सदस्य और अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**यमुनानगर।** पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके बराड़ा निवासी पति, सास और ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का केस दर्ज किया है। एक कॉलोनी निवासी महिला ने शिकायत दी है कि उसकी शादी साल 2020 में हुई थी। शादी पर करीब 20 लाख रुपये मायके वालों ने खर्च किए थे। ससुराल वालों ने शादी की रिस्पेशन के बाद ही उसके मायके वालों को दहेज के लिए ताने मारे। ससुराल वाले चाहते थे कि दहेज में उन्हें कार मिलेगी या फिर कार की कीमत के अनुसार कैश मिलेगा। आरोपियों ने शादी के बाद दस लाख रुपए मांगने शुरू कर दिए। वह गर्भवती हुई तो आरोपी पक्ष के लोग उस पर भ्रूण लिंग जांच कराने का दबाव बनाने लगे गए। वे कहते थे कि उन्हें लड़का ही चाहिए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इससे उसका गर्भपात हो गया। ससुर ने उसके साथ अश्लील हरकत की। उसने यह बात अपने पति को बताई तो उस पर ही उंगली उठाई गई। कई बार पंचायत हुई तो आरोपियों ने अपनी गलती मानी। आरोपी उसे तांत्रिक के पास लेकर जाते थे कि ताकि बेटा पैदा हो। उसने बेटी को जन्म दिया तो उसे और ज्यादा प्रताड़ित किया गया। आरोपियों ने उसकी बच्ची को मारने की कोशिश की और उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है ।

### दहेज की मांग पूरी होने पर महिला को पीटा

**यमुनानगर।** पुलिस ने पूजा की शिकायत पर उसके पति प्रणव और ससुराल पक्ष से सविता, कर्मवीर, रिया, संगीता पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का केस दर्ज किया है। महिला ने शिकायत दी है कि उसकी शादी साल 2015 में हुई थी। शादी पर 15 लाख रुपए मायके वालों ने खर्च किए था। शादी के बाद उसे दहेज के लिए पताड़ित किया गया। ससुराल वाले मायके वालों से कार और पांच लाख रुपए कैश लेकर आने की बात उसे कहते थे। मांग पूरी न होने पर उसे पीटा जाता था। उसने बेटी को जन्म दिया तो उसे ताने मारे गए कि बेटी पैदा कर उन पर खर्च बढ़ा दिया। साल 2021 में उसने आरोपियों के खिलाफ शिकायत पुलिस को दी तो आरोपियों ने साजिश रचकर समझौता करा लिया।

# सरकार की विकासात्मक उपलब्धि देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा को दे रही अतुलनीय पहचान

एजेंसी। कुरुक्षेत्र

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हरियाणा प्रदेश गौरवशाली इतिहास के साथ विकासात्मक स्वरूप का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जहां गीता की जन्मस्थली पूरे विश्व में ज्ञान का प्रकाश दे रही है, वहीं हरियाणा सरकार की विकासात्मक उपलब्धि देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा को अतुलनीय पहचान दे रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रही थी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में राज्यस्तरीय प्रगतिशील हरियाणा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा तैयार प्रगतिशील हरियाणा राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में राष्ट्रपति ने गीता प्रसंग के साथ गीता उपदेशों के साक्ष्यों के कलाकृति को सजगता पूर्ण देखा।



### हरियाणा का खान-पान देखकर अभिभूत हुईं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ब्रह्मसरोवर स्थित हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व हरियाणा कला परिषद के हरियाणा मंडप का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले रॉयल पराठा जंक्शन का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विश्व के सबसे बड़े पराठे को देखा और देसी घी की जलेबी का स्वाद भी लिया। इसके पश्चात उन्होंने कुरुक्षेत्र के मशहूर शीशपाल हलवाई की रबड़ी जलेबी की भी सराहना की। गोहाना के मशहूर जलेबी को देखकर महामहिम राष्ट्रपति ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने हरियाणा मंडप में हरियाणा के ग्रामीण हस्तशिल्प कला का नमूना शहतूत की बनाई गई पुरानी टोकरी देखी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा को दीं तीन बड़ी परियोजनाओं की सौगात

## राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सिरसा की भी रखी आधारशिला

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के श्रीमद्भागवदगीता सदन में अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में भाग लिया। यहीं से राष्ट्रपति ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देते हुए हरियाणा सरकार की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का वर्चुअली शुभारंभ व शिलान्यास किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंत्योदय परिवारों के लिए निरोगी हरियाणा योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत अंत्योदय परिवारों की व्यापक स्वास्थ्य जांच मुफ्त की जाएगी। पहले चरण में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवारों को लाभार्थियों के रूप में शामिल किया जाएगा।



### सिरसा को मिली मेडिकल कॉलेज की सौगात, राष्ट्रपति ने रखी आधारशिला

हरियाणा सरकार नागरिकों को प्राथमिक, माध्यमिक एवं तृतीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉक्टरों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए और वांछित डाक्टर : रोगी अनुपात प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने हर जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में राष्ट्रपति ने जिला सिरसा में 21 एकड़ भूमि पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। इस पर लगभग 950 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस महाविद्यालय में 100 एमबीबीएस छात्रों का वार्षिक प्रवेश होगा और अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त 539 बिस्तरों का अस्पताल होगा।

### हरियाणा में ई-टिकटिंग प्रणाली शुरू, प्रथम चरण में छह डिपो में होगी लागू

सूचना प्रौद्योगिकी के युग में प्रदेशवासियों को निर्बाध और सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए एक कदम और आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार ने हरियाणा रोडवेज की बसों में ई-टिकटिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को इस प्रणाली का शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ ही राष्ट्रपति को पहली टिकट के रूप में नेशनल ई-मोबिलिटी कार्ड की प्रति कृति भेंट की गई। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार ओपन लूप टिकटिंग प्रणाली लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। प्रारंभिक चरण में छह डिपो अर्थात चंडीगढ़, करनाल, फरीदाबाद, सोनीपत, भिवानी और सिरसा में ई-टिकटिंग प्रणाली लागू होगी। इसी तरह हरियाणा रोडवेज के शेष 18 डिपो में जनवरी 2023 के अंत तक इस परियोजना को पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा। परियोजना के मुख्य उद्देश्य राजस्व लीकेज को बंद करना है। साथ ही ओपन लूप टिकटिंग के उपयोग को बढ़ावा देना, जिसे बाद में पूरे भारत में यात्रा के अन्य तरीकों के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, छूट पाने वालों की पहचान, फर्जी पास को खत्म करना, रियायत पाने वाले यात्रियों के लिए कागजी बचत, कॉमन मोबिलिटी कार्ड के उपयोग के माध्यम से यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना, यात्रियों की संख्या के अनुरूप रूट राशनलाइजेशन तथा बसों, सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि करना शामिल है। इस अवसर पर शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल, सांसद नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, विधायक सुभाष सुधा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# हरियाणा सरकार दोबारा से हड़ताल के लिए कर रही है मजबूर : रमेश टोडरपुर

राकेश भारतीय। यमुनानगर

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले नगर निगम व अग्निशमन विभाग कर्मचारियों ने जिला प्रधान प्रवेश परोचा की अध्यक्षता में हरियाणा सरकार की वायदाखिलाफी व सौतेले व्यवहार के चलते नगर निगम कार्यालय गेट पर जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए और एएमसी धीरज कुमार व एसडीएम सुशील कुमार को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया।

मंच संचालन कर रहे शाखा सह सचिव रमेश टोडरपुर ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल व सरकार के बीच 29 अक्टूबर 2022 को हुए समझौते में मानी गई मांगों के पत्र जारी करने व सिवानी बम विस्फोट में मृतक कर्मचारी के आश्रित को 50 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि पक्की नौकरी देने घायल कर्मचारियों को 20-20 लाख रूपए मुआवजा तथा इलाज का पूरा खर्च सरकार द्वारा उठाने विस्फोट कांड की न्यायिक जांच कर एफआईआर दर्ज कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने वेगार प्रथा पर रोक लगाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन दिया।



एसडीएम सुशील कुमार को ज्ञापन सोपते हुए।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की पालिकाओ, परिषदों, निगमों के नियमित,अनियमित,तृतीय व चतुर्थ श्रेणी तथा फायर विभाग,रात्रि सफाई कर्मचारियों ने 19 अक्टूबर 2022 से 29 अक्टूबर 2022 तक 11 दिन की राज्यव्यापी हड़ताल की थी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री की अध्यक्षता व मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव उमाशंकर की उपस्थिति में संघ व सरकार के बीच हरियाणा निवास सेक्टर 3 चंडीगढ़ में वार्ता हुई थी। जिसमें सरकार की तरफ से ठोस आश्वासन दिया गया की 6 नवंबर को आचार संहिता समाप्त होते ही मानी गई सभी मांगों के पत्र जारी कर दिए जाएंगे, लेकिन 1 महीने का समय होने के उपरांत भी सरकार की तरफ से मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए गए हैं। सरकार के इस दोहरे रवैया से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है इसके अलावा भिवानी जिला के सिवानी नगर पालिका से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी जिला प्रशासन द्वारा अवैध पटाखों को नष्ट करने के लिए 23 नवंबर को लगाई गई। जिसमें पटाखों को नष्ट करने के लिए ले जाते वक्त पटाखों में ब्लास्ट हो गया जिसमें एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और चार सफाई कर्मचारी घायल हो गए और चार-पांच दिन बाद भी प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार को कोई आश्वासन नहीं दिया गया।

# अखिल भारतीय साहित्य के महासचिव बने नरेश आकाश



बैठक के बाद मौजूद अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरियाणा के पदाधिकारी।

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**सेक्टर**-14 में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरियाणा के उपाध्यक्ष रामधन शर्मा ने नौ अक्टूबर को भिवानी में हुए प्रान्तीय अधिवेशन की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय साहित्य की सोनीपत की इकाई का कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव करवाने का प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में विकास मंगला ने आजीवन सदस्य नरेश आकाश को अखिल भारतीय साहित्य का महासचिव नियुक्त किये जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित करते हुए पास किया। पूर्णमल गौड ने नरेश आकाश को महासचिव चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा नरेश आकाश सोनीपत ही नहीं हरियाणा अपितु राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त व्यक्ति है, अखिल भारतीय साहित्य परिषद की कार्यकारिणी में उनके आने से निसन्देह हमारी परिषद और समृद्ध हुई है। इसी प्रकार डाक्टर गीतान्जली ग्रोवर को पुनः आगामी कार्यकाल के लिए अध्यक्ष, राजेन्द्र कौर को मीडिया प्रभारी, विकास मंगला को सहसचिव, अरूण गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा डाक्टर मन्जू शर्मा को साहित्य मन्त्री के रूप सर्वसम्मति से चुना गया। डाक्टर पूर्णमल गौड, रामधन शर्मा ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि सभी बुद्धिजीवी महानुभावों के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय साहित्य परिषद निसन्देह भारतीय साहित्य को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

# पुलिस ने नशे के 200 इंजेक्शन के साथ तस्कर दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने एक युवक को नशीले इंजेक्शन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस की मानें तो आरोपी के कब्जे से 200 नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं।

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों यूनिट करनाल के नवनियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी सहायक पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने बताया कि करनाल यूनिट की एक पुलिस टीम सहायक उप निरीक्षक संदीप के नेतृत्व तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अपनी पुलिस टीम के साथ गढ़ी झीझारा रोड पर शिव मंदिर गन्नौर के पास नाकाबंदी शुरू की। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल सवार युवक गन्नौर की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया, मोटरसाइकिल सवार को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में मोटरसाइकिल में लगी डिगी की तलाशी ली तो उसमे 200 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। यूनिट इंचार्ज ने



पुलिस की गिरफ्त में आया नशा तस्कर

### गन्नौर में प्रिंस नाम से चला रहा था मेडिकल स्टोर

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो शाखा के जांच अधिकारी चंदेश्वर ने बताया सोनीपत जिले के गांव झिझारा निवासी सुरेंद्र गन्नौर में प्रिंस नाम से पीछले आठ-दस साल से मेडिकल स्टोर चला रहा था, लेकिन डेढ़ साल से आरोपी नशीले इंजेक्शन की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी 40 से 45 रुपये के हिसाब से दिल्ली से नशे के इंजेक्शन खरीदकर लाता था और दोगुने दामों पर बेचता था। आरोपी नशे के इंजेक्शनों को खेत में बने एक कमरे के अंदर रखता था। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि कोई ओर तो इस मामले में शामिल नहीं है।

# सुपरस्टार कार्तिक आर्यन बने स्कायबैग्स के ब्रांड एम्बैसेडर, लॉन्च किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**युवाओं** के स्टाइल गेम को बढ़ाने के लिए स्कायबैग्स ने लिमिटेड एडिशन फीफा वर्ल्ड कप 2022 लगेज कलेक्शन को बाजार में उतारा

ट्रैवल गियर कैटगरी में सबसे प्रतिष्ठित और विश्वसनीय ब्रांड स्कायबैग्स ने भारत के पहले आधिकारिक फीफा लाइसेंस प्राप्त लगेज रेंज को बाजार में लॉन्च कर दिया है। भारत में हमेशा से ही फुटबॉल के प्रति जुनून रहा है। फीफा वर्ल्ड कप के करीब आने से फुटबॉल के लिए लोगों की जुनून में अनोखी वृद्धि देखी जा रही है। वर्ल्ड कप फीवर को देखते हुए स्कायबैग्स की ओर से फीफा लाइसेंस प्राप्त जिस रेंज को बाजार में लॉन्च किया गया है, उनमें तीन अनोखे आधुनिक और स्टाइलिश किस्म के डिजाइन उपलब्ध हैं।

ये सभी डिजाइन ट्रैवल एक्सेसरीज के तौर पर युवाओं को खूब लुभाएंगे। फीफा के इन एक्सक्लूसिव बैग्स पर होनेवाले फीफा वर्ल्ड कप लोगों की आकर्षक मेटालिक प्लेट लगाई गई हैं। इन्हें खरीदकर आज के युवा उन्हें यादगार चीज के तौर पर अपने पास रख सकते हैं। इस कलेक्शन का पहला डिजाइन गेम ऑन फुटबॉल के प्रति जुननी देश ब्राजील से प्रेरित है। कलेक्शन के दो अन्य डिजाइन - गोल और ट्रेबल फुटबॉल सीजन के प्रति लोगों में जुनून जताता है। स्कायबैग्स के इस ताजा कलेक्शन का लक्ष्य लोगों को स्टाइल और फैशन का खुलकर जश्न मनाने और फुटबॉल के लिए खुद के लिए जुनून जताने के लिए प्रेरित करना है। ऐसे में स्कायबैग्स ने लोकप्रिय बॉलीवुड सुपरस्टार और स्टाइल आइकन कार्तिक आर्यन को अपने ब्रांड एम्बैसेडर के रूप में चुना है और उन्हें अपने कैम्पेन लेट्स गेट लाउड का प्रमुख चेहरा बनाया है।

# भाजपा जनादेश का आदर कर जोड़-तोड़ से बाज आए : त्रिलोचन सिंह

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**जिला** कांग्रेस कमेटी के संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा है कि जिला परिषद के चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की करारी हार हुई है। भाजपा को जनमत का आदर करते हुए जोड़ तोड़ की राजनीति से बचते हुए जिला परिषद के सदस्यों को अपना चेयरमैन चुनने का अधिकार देना चाहिए। इसके अलावा ब्लाक समितियों में भी जनादेश भाजपा के खिलाफ मिला हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के 22 सदस्यों में अधिकतर टीम दीपेंद्र के सदस्य चुने गए हैं। इसके अलावा कांग्रेस के समर्थित प्रत्याशियों को भी जीत मिली है। जिला परिषद के चुनावों में कांग्रेस की रिकार्ड जीत हुई है। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार अधिक मतों से जीते हैं। जबकि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की करारी हार हुई है। इससे यह साफ हुआ है कि भाजपा सरकार के प्रति लोगों में असंतोष तेज हो रहा है और कांग्रेस के प्रति जनसमर्थन बढ़ रहा है। आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत निश्चित है और कांग्रेस की सरकार बनेगी।



उन्होंने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का पूरे देश में जन समर्थन मिल रहा है। उसके रहते केन्द्र में भाजपा का सफाया तय है और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

पायनियर

पायनियर समूह को आवश्यकता है

1 - अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (विज्ञापन प्रतिनिधि)- 8 प्रतिनिधि
एरिया - चंडीगढ़, रोहतक, सोनीपत, करनाल, यमुनानगर, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम (सैलरी रु- 25000-40000*)

2 - पायनियर हरियाणा वेब के लिए अनुभवी वेब पत्रकारों की आवश्यकता है।
(नोट - वेब पत्रकार, जो कंटेंट क्रिएटर हो, एंकरिंग और वॉयस ओवर कर सकता हो। खबरों के संकलन के अलावा वेब के सभी डिजिटल प्लेटफार्म हैंडिल कर सकता हो, मसलन फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, .कॉम को सुरक्षित तरीके से चला सकता हो। (सैलरी - अनुभव के आधार पर)

3 - पायनियर हरियाणा के लिए चंडीगढ़/पंचकुला ब्यूरो के लिए सब एडिटर की आवश्यकता।

4 - पायनियर हरियाणा के लिए डेस्क के लिए सब एडिटर, जो पेज बनाना जानता हो, जिसे प्रूफ रीडिंग भी आती हो।
सैलरी रु- 20000-25000, स्थान - कार्यालय फरीदाबाद

*मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव का टारगेट फिक्स रहेगा। टारगेट अचीवमेंट ही उनका अनुभव समझा जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा मेल कर दें।
sudhir.pioneer@sokkacreation.com, rakeshkapoorau@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 9582468441, 7838018038

# भारत के अभ्युदय में प्रौद्योगिकी का खास स्थान रहा : जयशंकर

### विदेश मंत्री ने वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन को संबोधित किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत के अभ्युदय में भारतीय प्रौद्योगिकी का खास स्थान रहा है तथा देश अब उन क्षेत्रों में विकास को लेकर संशयवादी नहीं रह सकता, जिनके मजबूत राजनीतिक निहितार्थ हों। वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत जी-20 समूह की अपनी अध्यक्षता का उपयोग वैश्विक दक्षिण से जुड़े अपने हितों एवं चिंताओं को रेखांकित करने के लिए करेगा, जो वर्षों से नजरंदाज रहे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा, भारत का अभ्युदय, भारतीय प्रौद्योगिकी के विकास से करीबी रूप से जुड़ा है। यह सेमीकंडक्टर क्षेत्र हो सकता है, 5जी या कृत्रिम बुद्धिमता का क्षेत्र हो सकता है। यह वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपण, उपग्रह तैयार करने का क्षेत्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का भू-राजनीतिक रुख तय करने में प्रौद्योगिकी का पर्याप्त महत्व दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह बहुध्रुवीय विश्व में गठबंधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जयशंकर ने कहा, हम प्रौद्योगिकी को लेकर संशयवादी नहीं रह सकते हैं। हमें यह सोचना बंद करना होगा कि प्रौद्योगिकी को लेकर कुछ निरपेक्ष है। अधिक से अधिक चीजें प्रौद्योगिकी संचालित हैं और हमें यह समझना होगा कि प्रौद्योगिकी से जुड़े मजबूत राजनीतिक निहितार्थ हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रणनीतिक स्वायत्तता का सिद्धांत वैश्विक पुन: संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण होगा और बड़े देश सतत रूप से अधिक प्रौद्योगिकी सक्षम होने को लेकर प्रयासरत होंगे।



#### दो सालों में देश ने विकसित और डिजिटल बनने में काफी रुचि दिखाई

**विदेश** मंत्री ने कहा, पिछले दो वर्षों में खासतौर पर भारत में हमने इस बात पर ध्यान दिया है कि हमारा डाय कहां है, इसका संचालन कौन करता है और इसके साथ वह क्या करता है और यह बेहतर महत्वपूर्ण प्रश्न है। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के अपने समकक्षों के साथ बातचीत का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत द्वारा विकसित डिजिटल रूप से सक्षम आपूर्ति प्लेटफॉर्म को लेकर उन्होंने काफी रुचि दिखाई। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी पहल खासतौर पर 80 करोड़ गरीबों को नि:शुल्क खाद्यान्न के वितरण की सरकार की पहल और प्रत्यक्ष नकद अंतरण से जुड़ी पहल का जिक्र किया।

#### इंडोनेशिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी, मानवाधिकार एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद से मुलाकात की। इस दौरान जी-20 से जुड़े विषयों, म्यांमा की स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग के बारे में चर्चा की गई। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी, मानवाधिकार एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद से मुलाकात सुखद रही। उन्होंने कहा कि जी-20 से जुड़े विषयों, म्यांमा की स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग के बारे में चर्चा हुई। ज्ञात हो कि इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद सोमवार से भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ 24 सदस्यीय एक शिष्टमंडल भी आया है जिसमें उलेमाओं के अलावा अन्य धार्मिक नेता भी शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर इंडोनेशिया के मंत्री मोहम्मद महफूद भारत आए हैं। उनके साथ आया शिष्टमंडल आज दिल्ली में एक कार्यक्रम में चर्चा सत्र में हिस्सा ले रहा है।

### भारत का आर्थिक इतिहास संकलित करेगा आईसीएचआर

**नई दिल्ली।** भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) ने आर्थिक क्षेत्र में प्राचीन काल से अब तक की भारत की यात्रा को संकलित करने के लिए भारत का आर्थिक इतिहास तैयार करने की योजना बनाई है। परिषद के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आईसीएचआर के सदस्य सचिव प्रो. उमेश अशोक कदम ने कहा कि भारत के इतिहास में सामाजिक, सांस्कृतिक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास के साथ आर्थिक क्षेत्र से जुड़ा विषय भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल और उसके बाद भी लम्बे समय तक भारत का दुनिया में आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रहा, लेकिन देश के इतिहास के संकलन में इस विषय को प्रमुखता नहीं दी गई। कदम ने कहा कि इतिहास में आर्थिक विषयों को भारतीय दृष्टिकोण से पेश नहीं किया गया।

### कट्टरपंथ से निपटने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका : डोभाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि इस्लाम के मूल सहिष्णु एवं उदारवादी सिद्धांतों के बारे में लोगों को शिक्षित करने तथा प्रगतिशील विचारों से कट्टरपंथ का मुकाबला करने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत और इंडोनेशिया में अंतर-धार्मिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द की संस्कृति को आगे बढ़ाने में उलेमा की भूमिका विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा, हमें कट्टरता से दूर होने के साझे विचारों को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद सोमवार से भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ 24 सदस्यीय एक शिष्टमंडल भी आया है, जिसमें उलेमा के अलावा अन्य धार्मिक नेता भी शामिल हैं। इंडिया इस्लामिक सेंटर में इंडोनेशिया से आए शिष्टमंडल ने यहां भारतीय समकक्षों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डोभाल ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि चरमपंथ और आतंकवाद इस्लाम के अर्थ के खिलाफ है।

अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

# भाजपा ने काम किया होता तो बड़े नेताओं को प्रचार में उतारने की जरूरत न पड़ती

### दिल्ली एमसीडी के लिए चार दिसंबर को होना है मतदान

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर पार्टी ने नगर निगम में अपने शासन के दौरान काम किया होता तो उसे प्रचार अभियान में अपने कई मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों की जरूरत नहीं पड़ती।

उन्होंने चार दिसंबर को होने वाले नगर निगम चुनाव से पहले चिराग दिल्ली इलाके में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए घर-घर जाकर प्रचार करने के दौरान स्थानीय निवासियों से चर्चा करते हुए यह बात कही। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए चार दिसंबर को मतदान होना है। आप और भाजपा दोनों पार्टियां चुनाव में अपनी-अपनी जीत का दावा कर रही हैं। केजरीवाल ने दावा किया, शहर में हर जगह कचरा है। सत्ता में आने पर मैं शहर को साफ कर दूंगा। भाजपा मुझे दिन-रात गाली देती है। हमने पानी की व्यवस्था की है, हम कचरा निपटान की भी जिम्मेदारी लेंगे। आप को एक मौका दें, हम शहर को पहले की तरह साफ बनाएंगे। केजरीवाल ने स्थानीय निवासियों से कहा, हम दिल्ली को चमका देंगे। प्रचार अभियान के दौरान कई मंत्री भी मुख्यमंत्री के साथ थे। नगर निगम चुनाव प्रचार अभियान में भाजपा की तरफ से कई मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री उतारे जाने पर केजरीवाल ने कहा, मैंने भाजपा को एक नगरपालिका के चुनाव में मुख्यमंत्रियों और कई केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारते देखा है। अगर वे (भाजपा) एमसीडी में काम करते तो उन्हें प्रचार के लिए इतने मंत्रियों की जरूरत नहीं पड़ती। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व पीयूष गोयल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पिछले कुछ दिन में यहां भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 24 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

एजेंसी। कोलंबो



**श्रीलंकाई** नौसेना ने देश के क्षेत्रीय जल में कथित रूप से मछलियां पकड़ने को लेकर 24 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी पांच नौकाओं को जब्त कर लिया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कौरनगर के तट पर नौसेना और श्रीलंका तटरक्षक बल के एक संयुक्त अभियान के दौरान सोमवार शाम मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने बताया कि बाद में उन्हें कांकेसंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस साल अब तक कुल 252 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछलियां पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने का मामला भारत और श्रीलंका के बीच विवाद का विषय रहा है। कई मामलों में पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी करते हैं और श्रीलंका के जल क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में उनकी नौकाओं को जब्त कर लेते हैं।

## मानवाधिकार आयोग ने असम-मेघालय सीमा पर हिंसा का लिया संज्ञान

एजेंसी। गुवाहाटी

**मानवाधिकार** आयोग (एनएचआरसी) ने असम-मेघालय सीमा पर विवादित क्षेत्र में पिछले दिनों हुई हिंसा का संज्ञान लिया है, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। आयोग ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आयोग ने कहा कि यह घटना दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से लंबित सीमा विवाद का परिणाम थी और अगर विवाद का पहले ही हल कर लिया गया होता तो इसे टाला जा सकता था। आयोग ने कहा कि विवाद चाहे कुछ भी हो, पुलिस को ऐसी स्थिति में संयम बरतने की आवश्यकता होती है। आयोग ने एक बयान में कहा, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मेघालय के मुख्यमंत्री (कॉनराड के संगमा) के ज्ञापन का संज्ञान लिया है कि 22 नवंबर, 2022 को मेघालय के पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिला के मुकरोह गांव में असम पुलिस और असम वन रक्षकों द्वारा की गई गोलीबारी में असम के एक वन अधिकारी सहित छह लोगों की मौत हो गई। आयोग ने कहा कि राज्यों के बीच विवादित क्षेत्रों में सशस्त्र बलों व पुलिस द्वारा गोलीबारी के संबंध में प्रचलित मानक संचालन प्रक्रिया, यदि कोई हो, की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

# सुनक ने भारत के साथ एफटीए को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ संबंधों को मजबूत करने पर अधिक ध्यान देने की योजना के तहत भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर अपने देश की प्रतिबद्धता को दोहराया है।

भारतीय मूल के नेता सुनक ने पिछले महीने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद से मुख्य विदेश नीति के संबंध में सोमवार रात को पहली बार भाषण दिया।

उन्होंने इस दौरान चीन के संदर्भ में चीजों को अलग तरह से करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि चीन ब्रिटेन के मूल्यों एवं हितों को प्रणालीगत चुनौती दे रहा है। सुनक ने कहा, राजनीति में आने से पहले मैंने दुनियाभर के कारोबार में निवेश किया और हिंद-प्रशांत में अवसर काफी अच्छे हैं। उन्होंने कहा, 2050 तक वैश्विक विकास में आधे से अधिक योगदान हिंद-प्रशांत का होगा, जबकि यूरोप और नॉर्थ अमेरिका का योगदान एक चौथाई ही होगी, इसी लिए हम सीपीटीपीपी (प्रशांत-पार साझेदारी के लिए वृहद और प्रगतिशील समझौते) में शामिल हो रहे हैं, भारत के साथ नया एफटीए कर रहे हैं और इंडोनेशिया के साथ भी हमारा एक समझौता है।



सुनक ने कहा, कई अन्य लोगों की तरह मेरे दादा-दादी, नाना-नानी पूर्वी अफ्रीका और भारतीय उपमहाद्वीप से ब्रिटेन आए और उन्होंने यहां अपना जीवन बनाया। हाल के वर्षों में, हमने हांगकांग, अफगानिस्तान और यूक्रेन से हजारों लोगों का स्वागत किया है।

### मध्य प्रदेश में सड़क हादसे में तीन पत्रकारों की मौत

**विदिशा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल पर सवार विदिशा के तीन पत्रकारों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सलामतपुर पुलिस थाना प्रभारी देवेंद्र पाल ने बताया कि हादसा सोमवार रात करीब नौ बजे लांबाखेड़ा के पास एक मोड़ पर हुआ। उन्होंने कहा कि इस हादसे में तीन पत्रकार राजेश शर्मा, सुनील शर्मा और नरेंद्र दीक्षित की मौके पर ही मौत हो गई।

## संक्षिप्त-समाचार

### मप्र में बदमाशों ने वन विभाग की चौकी से 17 बंदूक लूटीं

**बुरहानपुर (मप्र)।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में अज्ञात लोगों ने वन विभाग की एक चौकी से 17 बंदूकें लूट लीं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे नेपानगर तहसील के नावरा वन क्षेत्र की ग्राम बाकड़ी स्थित वन चौकी पर हुई। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया, सोमवार रात को नेपानगर क्षेत्र के बाकड़ी में बनी वन चौकी से हथियार लूटने की वारदात हुई है। बदमाशों ने 17 बंदूकें लूटी हैं। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त चौकी में एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तैनात था। लोढ़ा ने बताया कि इस कर्मचारी के मुताबिक करीब 15 से 20 लोग अचानक चौकी में आए और चौकी में तोड़फोड़ कर वहां रखे हथियारों को लूट लिया। घटना के बाद घटनास्थल का दौरा करने वाले पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने और चोरी किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए दो पुलिस दलों का गठन किया गया है।

### कुएं में भारी मात्रा में सरकारी दवाएं मिलीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के गुलौरी गांव में एक कुएं में भारी मात्रा में फेंकी गई सरकारी दवाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं और एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की है। उप मुख्यमंत्री पाठक ने सोमवार शाम को ट्वीट किया, मऊ जिला के ग्राम गुलौरी स्थित एक कुएं में सरकारी अस्पताल की दवाएं फेंके जाने संबंधी वीडियो का संज्ञान लेते हुए मैंने सीएमओ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) मऊ को जांच कर रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चीन के शहरों में प्रदर्शन थमा, पुलिस बल अभी भी तैनात

**हांगकांग।** चीन की राजधानी बीजिंग में पुलिस की तैनाती और तापमान के जमाव बिंदु से नीचे जाने के कारण कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू कड़ी पाबंदियों के खिलाफ जारी प्रदर्शन मंगलवार को थम गया। कोविड-19 पाबंदियों के खिलाफ जारी ये विरोध प्रदर्शन चीन के कई शहरों में फैल गए हैं। इन प्रदर्शनों ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। लोगों की नाराजगी कम करने के लिए अधिकारियों ने कुछ पाबंदियों में ढील दी है, लेकिन सरकार ने प्रतिबंधों को वापस लेने का कोई संकेत नहीं दिया है। मंगलवार को संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या थोड़ी कम 38,421 रही। इससे पहले बीते कुछ दिन में कोविड-19 के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे थे। इन 38,421 संक्रमितों में से 34,860 में संक्रमण का कोई लक्षण नहीं दिखा है। मध्य बीजिंग में जमा हुए करीब चार दर्जन प्रदर्शनकारियों ने कोविड-19 नीतियों के चलते जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के समूहों को अलग-अलग करने के लिए इलाके को घेर लिया। नियमों के अनुसार एक जगह पर 12 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के पहचान पत्रों की जांच की। हालांकि किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

### हवाई में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद सतर्कता की चेतावनी

**हवाई (अमेरिका)।** दुनिया के सबसे बड़े सक्रिय ज्वालामुखी से 38 साल में पहली बार नारंगी, चमकीला लावा निकला और राख का विशाल गुबार उठते देखा गया। अधिकारियों ने हवाई के बिग आईलैंड के निवासियों को हर तरह की प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए तैयार और सतर्क रहने की सलाह दी है। ज्वालामुखी मौना लोआ में विस्फोट से हालांकि तत्काल कोई खतरा नहीं है, लेकिन अमेरिकी भूगर्भीय विज्ञान सर्वेक्षण ने 2,00,000 लोगों की आबादी वाले बिग आइलैंड के निवासियों को चेतावनी दी है कि लावा निकलने की गति तथा स्थान तेजी से बदल सकता है। अधिकारियों ने निवासियों से कहा कि अगर लावा का प्रवाह आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगे तो उन्हें क्षेत्र को खाली करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हवाई ज्वालामुखी वेधशाला के प्रभारी वैज्ञानिक केन होन ने कहा कि काफी बड़े कई सिलसिलेवार भूकंपों के बाद रविवार देर रात ज्वालामुखी विस्फोट शुरू हुआ। अधिकारियों ने लावा से उत्पन्न खतरों को देखते हुए लोगों से ज्वालामुखी वाले क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया, जिसकी तीन अलग-अलग दरारों में से लावा फूटकर हवा में 100 से 200 फुट ऊंचाई तक उठ रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट से निकलने वाली सल्फरडाइऑक्साइड समेत अन्य गैस बेहद हानिकारक होती हैं।

## आफताब पर हमले के बाद एफएसएल रोहिणी के बाहर सुरक्षा और बढ़ाई

एजेंसी। नई दिल्ली



**अपनी** लिव-इन-पार्टनर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को लेकर जा रही एक पुलिस वैन पर सोमवार को रोहिणी स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के बाहर कुछ हथियारबंद लोगों द्वारा हमला किए जाने के मद्देनजर एफएसएल के पास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पूनावाला को पॉलिग्राफ जांच के लिए सोमवार को एफएसएल ले जाया गया था, तभी उस पर हमला हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रयोगशाला के बाहर अर्धसैन्य बल को तैनात किया गया है। पूनावाला को पॉलिग्राफ जांच के शेष सत्र के लिए मंगलवार को फिर से प्रयोगशाला लाया गया। एक कार ने सोमवार शाम को पुलिस वैन को ओवरटेक किया और उसे रुकने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद कुछ लोग कार से उतरे और पूनावाला को लेकर जा रही वैन पर हमला कर दिया।

#### अदालत ने दी नार्को जांच की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रोहिणी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में आफताब अमीन पूनावाला की नार्को जांच कराने की मंगलवार को अनुमति दे दी। पूनावाला के वकील अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को एक दिसंबर और पांच दिसंबर को रोहिणी स्थित प्रयोगशाला ले जाने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया था, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया।

## नदव लापिद की टिप्पणियों के लिए अनुपम खैर से माफी मांगी : इजराइली दूत

एजेंसी। मुंबई

**भारत** में इजराइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशनी ने द कश्मीर फाइल्स पर फिल्मकार नदव लापिद की टिप्पणियों से दूरी बनाते हुए मंगलवार को कहा कि इस फिल्म पर वाद-विवाद से भारत और इजराइल के बीच संबंध मजबूत होंगे।

शोशनी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अभिनेता अनुपम खेर के साथ मंच साझा करने वाले कहा कि द कश्मीर फाइल्स दुष्प्रचार नहीं है बल्कि एक मजबूत फिल्म है जो कश्मीरी लोगों की पीड़ा को दिखाती है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, सुबह सबसे पहले मैंने अपने मित्र अनुपम खेर से माफी मांगने के लिए उन्हें फोन किया। ऐसे भाषण के लिए माफी मांगी जो किसी की निजी राय है। लापिद की टिप्पणियों का इजराइल सरकार से आधिकारिक और अनाधिकारिक रूप से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सोमवार शाम को ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा था कि उनकी इस फिल्म पर लापिद से अलग राय है। गौरतलब है कि गोवा में 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख और इजराइली फिल्मकार नदव लापिद ने सोमवार को हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को दुष्प्रचार करने वाली और भद्दी फिल्म बताया था।



#### कांग्रेस ने इजराइली फिल्मकार की टिप्पणी को लेकर सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख नदव लापिद द्वारा हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को दुष्प्रचार करने वाली और भद्दी फिल्म बताए जाने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि नफरत को आखिरकार पहचान ही लिया जाता है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और भाजपा और उनके पूरे तंत्र ने द कश्मीर फाइल्स का प्रचार-प्रसार किया।

### अमेरिका ने चीन की आपत्तियों को किया खारिज

**बीजिंग।** अमेरिकी नौसेना ने दक्षिणी चीन सागर में चीन के कब्जे वाले एक द्वीप के पास आयोजित नौवहन की स्वतंत्रता संबंधी अभियान पर चीनी विरोध को मंगलवार को खारिज कर दिया। एक असामान्य कदम उठाते हुए, नौसेना के सातवें बेड़े ने मंगलवार के मिशन पर चीन की आपत्तियों का खंडन जारी किया। उसने चीन की आपत्तियों को अमेरिका के वैध समुद्री संचालन को गलत तरीके से प्रस्तुत करने के लिए (चीनी) कार्रवाई की लंबी श्रृंखला में एक नई घटना करार दिया। चीन लगभग पूरे क्षेत्र पर अपना दावा करता है। अमेरिकी नौसेना ने कहा कि चीन के व्यापक समुद्री दावे नौवहन और उस क्षेत्र में उड़ानों, मुक्त व्यापार और अबाधित वाणिज्य के साथ ही दक्षिण चीन सागर के तटीय देशों के आर्थिक अवसरों की स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। कहा कि जब तक कुछ देश ऐसे अधिकारों पर जोर देते रहेंगे जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत उनके अधिकारों से अधिक हैं।

# सोशल मीडिया पर आप ज्यादा सक्रिय, भाजपा और कांग्रेस पीछे

गुजरात चुनाव

एजेंसी। नई दिल्ली

**गुजरात** विधानसभा चुनाव की जंग खत्म होने में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। ऐसे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) ने फेसबुक और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहने वाले मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए ऑनलाइन प्रचार तेज कर दिया है।

वहीं, कांग्रेस के मुख्य सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव प्रचार से ज्यादा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में एक दिसंबर और दूसरे चरण में पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। पिछले सप्ताह (21 से 27 नवंबर तक) के तीनों दलों के फेसबुक और ट्विटर खातों के विश्लेषण से पता चलता है कि कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर ज्यादा सक्रिय है। पार्टी के 75 प्रतिशत से ज्यादा पोस्ट यात्रा को लेकर थे।

फेसबुक पेज और ट्विटर पर 20 प्रतिशत से कम पोस्ट गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान से संबंधित थे। दूसरी ओर, इसी अवधि के दौरान भाजपा के मुख्य फेसबुक पेज और इसके ट्विटर पर 40 प्रतिशत से अधिक पोस्ट गुजरात चुनाव से संबंधित थे। तीनों दल विधानसभा चुनाव से संबंधित पोस्ट करने के मामले में पिछले सप्ताह लगभग बराबरी पर थे। हालांकि शुक्रवार को भाजपा और अन्य दो दलों ने चुनाव के संबंध में सबसे कम पोस्ट किए। आम आदमी पार्टी अपने मुख्य सोशल मीडिया खातों से पोस्ट करने के मामले में भाजपा और कांग्रेस दोनों से आगे रही। पार्टी के मुख्य ट्विटर खाते से किया गया हर दूसरा पोस्ट गुजरात चुनाव से संबंधित था।





#### भारतीय जनता पार्टी

**भाजपा** के मुख्य ट्विटर हैंडल और फेसबुक पेज पर गुजरात में पार्टी की सार्वजनिक रैलियों से संबंधित ट्वीट और पोस्ट की भरमार देखने को मिली। 21 नवंबर से 27 नवंबर के बीच किए गए 40 प्रतिशत से अधिक ट्वीट और 35 प्रतिशत से अधिक फेसबुक पोस्ट गुजरात में पार्टी के प्रचार से संबंधित थे। भाजपा के मुख्य ट्विटर हैंडल से सोमवार को 32 ट्वीट किए गए, जिनमें से 23 गुजरात चुनाव से संबंधित थे। मंगलवार को 63 में से 38, बुधवार को 35 में से 20, बृहस्पतिवार को 46 में से 13, शुक्रवार को 43 में से चार, शनिवार को 40 में से 15 और रविवार को 51 में से 14 ट्वीट गुजरात चुनाव के बारे में थे। इसी तरह, पार्टी के आधिकारिक फेसबुक पेज पर 37 प्रतिशत पोस्ट गुजरात चुनाव से संबंधित थे।

#### कांग्रेस

21-27 नवंबर के दौरान कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर खातों से किए गए ट्वीट में से केवल 15 फीसदी गुजरात चुनाव से संबंधित थे। इन सात दिनों के दौरान किए गए 280 ट्वीट में से केवल 42 ट्वीट गुजरात में पार्टी के प्रचार और पार्टी नेताओं की रैलियों से संबंधित थे। कांग्रेस के मुख्य ट्विटर खाते से सोमवार (21 नवंबर) को किए गए 35 में से 14 ट्वीट गुजरात चुनाव पर थे। इसी तरह, मंगलवार को 23 में से पांच, बुधवार को 42 में से तीन, बृहस्पतिवार को 47 में से चार, शुक्रवार को 41 ट्वीट में से एक, शनिवार को तीन और रविवार (27 नवंबर) को 45 में से 12 ट्वीट गुजरात चुनाव से संबंधित थे।

#### आम आदमी पार्टी

**गुजरात** में आक्रामक रूप से प्रवेश करने वाली आप ने अपने मुख्य ट्विटर हैंडल और फेसबुक पेज से पार्टी के चुनाव प्रचार और पार्टी प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रैलियों का प्रचार किया। आप के मुख्य सोशल मीडिया हैंडल पर इस अवधि के दौरान गुजरात चुनाव पर 50 प्रतिशत ट्वीट और 52 प्रतिशत फेसबुक पोस्ट किए गए। आप के मुख्य ट्विटर हैंडल पर किए गए 260 में से 131 ट्वीट जबकि 156 में से 81 फेसबुक पोस्ट गुजरात में पार्टी नेताओं की सार्वजनिक रैलियों से संबंधित थे। मुख्य ट्विटर हैंडल पर सोमवार को किए गए 33 में से 25 ट्वीट गुजरात चुनाव को लेकर थे। मंगलवार को 40 में से 31, बुधवार को 30 में से 11, बृहस्पतिवार को 38 में से 13, शुक्रवार को 50 में से छह, शनिवार को 36 में से 13 और रविवार को 33 में से 32 ट्वीट गुजरात चुनाव के बारे में थे।

# लक्ष्मी सिंह नोएडा व अजय मिश्रा बने गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर

● पुलिस आयुक्त आलोक सिंह का तबादला लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक बनाये गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


लक्ष्मी सिंह


अजय मिश्रा

**गौतमबुद्ध** नगर के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह का तबादला अपर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय, लखनऊके पद पर हुआ है। उनके स्थान पर 2000 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी लक्ष्मी सिंह को गौतम बुद्ध नगर का नया आयुक्त बनाया गया है। वहीं गाजियाबाद को भी अपना नया पुलिस आयुक्त मिल गया है। अजय मिश्रा नए पुलिस कमिश्नर होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात को 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया।

उत्तर प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए प्रशासनिक बदलाव के तहत कई जिलों में आइपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह का ट्रांसफर कर मुख्यालय लखनऊ में जिम्मेदारी दी गई है तो तेज तर्रार आइपीएस लक्ष्मी सिंह को गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। कौन हैं आइपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह, जो प्रदेश के किसी जिले की पहली महिला पुलिस आयुक्त बनी हैं। लक्ष्मी सिंह को बेहद तर्रार पुलिस अधिकारियों में शुमार किया जाता है। अपने शानदार प्रदर्शन और जिम्मेदारी का इमानदारी से निर्वहन करने के लिए लक्ष्मी सिंह को कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस कड़ी में लक्ष्मी सिंह को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से भी सम्मानित किया गया है।

इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय पीटीएस मेरठ को भारत में नंबर वन संस्थान घोषित करते हुए 2 लाख रुपये का इनाम भी दे चुका है। सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस अकेडमी हैदराबाद में ट्रेनिंग के दौरान लक्ष्मी सिंह बेस्ट प्रोबेशनर घोषित की गई थी। 2000 बैच की आइपीएस लक्ष्मी सिंह को प्रधानमंत्री की ओर से सिल्वर बेटन मिल चुका है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से उन्हें पुरस्कार स्वरूप 9 एमएम की एक पिस्टल भी मिली है, जिसे उन्हें संभालकर रखा है। तेजतर्रार अधिकारी लक्ष्मी सिंह अब तक कार्यकाल के दौरान कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वह इससे पहले वाराणसी के साथ.साथ चित्रकूट, गोंडा, फर्रुखाबाद, बागपत और बुलंदशहर में बतौर एसपी और एसएसपी सेवा दे चुकी हैं। इसके साथ ही माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ जोरदार मुहिम चलाकर कई बार चर्चा में आईं। इसके अलावा, जनशिकायतों के निस्तारण और पुलिस कर्मियों की समस्याओं के निवारण में अहम भूमिका निभाई।

2003 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय मिश्रा गाजियाबाद के पहले पुलिस कमिश्नर होंगे। देर रात पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी हुए। गाजियाबाद, आगरा और प्रयागराज को कमिश्नरेट बनाने की घोषणा के बाद कमिश्नर के नाम पर कई कयास लगाए जा रहे थे सोमवार देर रात मुख्यालय ने इन कयासों पर विराम लगा दिया।

2003 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय मिश्रा को गाजियाबाद का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अजय मिश्रा पूर्व में एसएसपी कानपुर, एसएसपी बनारस, एसपी एटीएस, एसपी सुल्तानपुर, एसपी बागपत भी रह चुके हैं। उनकी गिनती प्रदेश के तेजतर्रार अफसरों में होती है। वह पुलिस परिवार से ही आते हैं। उनके पिता भी यूपी पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। गाजियाबाद में पहले कमिश्नर के तौर पर अपराध पर लगाम लगाना उनके लिए चुनौती होगी। लूट, डकैती जैसी वारदातों के अलावा साइबर क्राइम को रोकने के लिए भी उन्हें प्रभावी कदम उठाने होंगे। सरकार ने गाजियाबाद को कमिश्नरेट बनाने के साथ कमिश्नर की घोषणा तो कर दी लेकिन सीमित साधनों के साथ कमिश्नरेट को चलाने की जिम्मेदारी उनपर होगी।

### लक्ष्मी इनामी डकैत का कर चुकी हैं एनकाउंटर

**आइपीएस** लक्ष्मी सिंह विभिन्न जिलों में तैनात रहने के दौरान कई इनामी डकैत और दुर्दांत अपराधियों का एनकाउंटर भी कर चुकी हैं। दरअसल, लक्ष्मी सिंह एसटीएफमें भी बतौर डीआईजी तैनात रहीं और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इसके अलावा कंप्यूटराइजेशन के काम के लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरस्कृत किया था। 2000 बैच की महिला आइपीएस टॉपर लक्ष्मी सिंह ने मेकेनिकल इंजीनियरिंग और समाजशास्त्र में एमए की डिग्री हासिल करने के बाद पुलिस की खाकी वर्दी पहनी। ईमानदारी से और हिम्मत से अपनी ड्यूटी करती हैं। पुलिस महकमें में अपने करियर में लक्ष्मी सिंह 2014 में बतौर डीआईजी आगरा रहीं और बड़े.बड़े क्रिमिनल का सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# मेट्रो-एक्सप्रेसवे के बाद रेलवे नेटवर्क बिछाने की तैयारी

● हवाईअड्डे की कनेक्टिविटी होगी और बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पूरे देश में सबसे बेहतर होगी। आसमान और जमीन पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर दिया जा रहा है। जिसके लिए मेट्रो, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे, बुलेट ट्रेन और पॉड टैक्सी पर काम चल रहा है।

बीते दिनों मुख्य सचिव ने लखनऊ में एक बैठक की है। जिसमें बताया गया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल स्टेशन को मेट्रो पैसेंजर टर्मिनल से लिंक किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रेलवे नेटवर्क बिछाने का भी कार्य होगा।

योगी सरकार की मांग पर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड इस पर काम कर रही है। जिसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन में बनाया जाएगा। हालांकि अभी तक इसको मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि बहुत ही जल्द नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन और रेलवे लाइन बिछाने की मंजूरी मिल जाएगी। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार प्रयासरत है। दिल्ली, मुंबई और देश के अलग-अलग इलाकों से लोग आसानी से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंच सके। इसको लेकर जोरों से तैयारी चल रही है।

हम यूं कह सकते हैं कि कहीं से भी नोएडा एयरपोर्ट तक की यात्रा काफी आसान होगी। जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक यात्रियों को लाने और ले जाने के लिए भी प्रदेश सरकार मेट्रो, रेल और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रही है। इन माध्यमों के जरिए राजधानी दिल्ली समेत प्रदेश या देश के किसी भी हिस्से से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए बल्लभगढ़ हरियाणा से एयरपोर्ट तक 6 लेन की 31 किमी लंबी सड़क बनेगी। इसका 7 किमी का हिस्सा गौतमबुद्ध नगर और 24 किमी का हिस्सा हरियाणा में होगा। इसके लिए गौतमबुद्ध नगर में 69.36 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। यह भूमि जेवर क्षेत्र के बल्लभनगर, दयानतपुर, फलैंदा बांगर और करौली बांगर की होगी। एनएचएआई ने हरियाणा के हिस्से की जमीन खरीदने की सहमति दे दी है। जबकि उत्तर प्रदेश अपने हिस्से की जमीन खरीदकर देगा।

एनएचएआई अपने खर्च पर निर्माण कार्य पूरा करेगी इसके निर्माण पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसकी घोषणा कर दी है। केंद्र सरकार का दावा है कि आठ लेन वाला दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस.वे का निर्माण कार्य 2023 में पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में 350 किलोमीटर एक्सप्रेस.वे का काम पूरा कर लिया गया है और 825 किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है। नए एक्सप्रेस.वे के बनने से दिल्ली से मुंबई सड़क मार्ग की दूरी कम हो जाएगी। वर्तमान में दिल्ली-मुंबई की सड़क से 1450 किलोमीटर की दूरी है। नए एक्सप्रेसवे से यह दूरी घटकर 1350 रह जाएगी।

आपको बता दें कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट 6200 हेक्टेयर जमीन पर बनाया जा रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण 4 चरण में किया जाएगा। पहला चरण 2024 तक पूरा होगा। इसमें 1.334 हेक्टेयर जमीन का विकास होगा। पहले चरण में 12 मिलियन क्षमता पैसेंजर के साथ निर्माण कार्य शुरू होगा।

## संभव कार्यक्रम में नगर आयुक्त रहे मौजूद, सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में हर सप्ताह संभव कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई हुई है। आज इस जनसुनवाई में खुद नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त के अलावा अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, हेल्थ, निर्माण विभाग आदि विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ लंबे समय बाद संभव कार्यक्रम में शरीक हुए है। इस दौरान करीब आधा दर्जन शिकायतें दर्ज हुई है। सबसे अधिक शिकायतें कार्यक्रम में अतिक्रमण को लेकर दर्ज कराई गई है। इनके अलावा निर्माण विभाग, हेल्थ विभाग आदि विभागों से संबंधित शिकायतें भी दर्ज की गई है।

## ईस्टर्न पेरीफेरल के पास कार पलटी

● एक की मौत, तीन घायल

पायनियरस समाचारसेवा। नोएडा

**बुलंदशहर** जिला के पचौता गांव स्थित लाला जय सिंह मंदिर से प्रसाद चढ़ा कर नोएडा लौट रहे एक व्यक्ति की कार अनियंत्रित होकर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास पलट गई।

इस घटना में कार में सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि नोएडा के बहलोलपुर गांव के रहने वाले प्रदीप सिंह अपने पिता भूप सिंह तथा अपनी पत्नी एवं नौ वर्षीय बेटी के साथ पचौता गांव स्थित मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गए थे। मंगलवार सुबह नोएडा लौटते समय उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा। अधिकारी ने बताया कि पिता को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए प्रदीप तेजी से कार चलाते हुए नोएडा की तरफ आने लगे कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार सड़क से काफी नीचे जा गिरी। कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। भूप सिंह को अत्यंत नाजुक नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## एक ही परिवार के दो युवक सेना में बने अधिकारी

रितुराज को जल सेना में सब लेफ्टिनेंट पद मिला, ऋषभ का कैप्टन पद पर हुआ प्रमोशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**दनकौर** कोतवाली क्षेत्र के देवटा गांव निवासी एक ही परिवार के दो युवक सेना में अधिकारी बने हैं। जिसके चलते दोनों के घर पर खुशी का माहौल है। इन दोनों के घर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। दोनों के परिवार के लोगों का कहना है कि उन्होंने अधिकारी बनने के लिए काफी कठोर मेहनत की थी।

जिसकी बदौलत ही आज दोनों इस मुकाम पर पहुंचे हैं।देवटा गांव निवासी अजीत सिंह के बेटे रितुराज सिंह भाटी की जल सेना में सब लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्ति हुई। रितुराज काफी कम उम्र में सब लेफ्टिनेंट बने हैं। जिसके चलते उनके परिवार में खुशी छाई हुई है। रितुराज ने अपनी शिक्षा कैंब्रिज स्कूल ग्रेटर नोएडा से प्राप्त की है। रितुराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता.पिता व शिक्षकों को दिया है। रितुराज के परिवारिक सदस्य और पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेश योगेंद्र भाटी ने बताया कि काफी कठोर मेहनत के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। रितुराज का बचपन से ही सेना में जाने का सपना था। जिसकी तैयारी वह पिछले कई वर्षों से कर रहे थे। सोमवार को रिजल्ट आया तो उसमें रितुराज की सब लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति हुई। रितुराज के परिवार के ही ऋषभ भाटी, जो आर्मी में लेफ्टिनेंट थे। परीक्षा के बाद अब वह कैप्टन बने हैं। इससे दोनों के परिवार में खुशी का माहौल है। ऋषभ भाटी ने भी अपनी सफलता का श्रेय परिवार को दिया है। परिवार के लोगों का कहना है कि ऋषभ का भी बचपन से ही सेना में जाने का सपना था। कई वर्ष पहले तैयारी करके लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति पाई। दोबारा परीक्षा देने के बाद अब वह कैप्टन के पद पर नियुक्त हुए हैं। एक ही परिवार के दो युवकों के अधिकारी बनने के चलते परिवार, गांव और उनके रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।

## पुलिस वैन को टक्कर मारने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर डीजल चोरी कर रहे चोरों को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों के वाहन को टक्कर मारकर उन्हें घायल करने के मामले में फरार चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दनकौर के थाना प्रभारी निरीक्षक राधा रमन सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व दनकौर थाना क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर कुछ लोग सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी कर रहे थे, तभी वहां पर गश्त करती हुई पुलिस की वैन पहुंची। पुलिसकर्मियों ने डीजल चोरों को रोकने की कोशिश की लेकिन वे वाहन में टक्कर मार कर भाग गए। दरोगा सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मामले में चार आरोपियों शौकीन, नजाकत, मुस्ताक और रिजवान को गिरफ्तार कर लिया।

## प्राधिकरण के अधिसूचित जमीन कब्जाने वालों पर दर्ज होगा केस

● सीईओ ने नोएडा की तरह ग्रनो के गांवों में भी दिशा सूचक बोर्ड लगाने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


सीईओ ऋतु माहेश्वरी

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने और जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने नोएडा की तरह ग्रेटर नोएडा के गांवों में भी दिशा सूचक बोर्ड लगाने को कहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने मंगलवार को जनसुनवाई की। इस दौरान ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गांव बिसरख, पतवाड़ी, रोजा जलालपुर, ऐमनाबाद आदि के आसपास बड़े पैमाने पर प्राधिकरण की अधिसूचित, अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन अवैध कब्जों की शिकायत आई।

इस पर सीईओ ने पुलिस-प्रशासन की मदद से अतिक्रमण के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने के निर्देश दिए। सेक्टर दो में आवंटियों के भूखंडों पर कुछ लोगों के कब्जा कर लेने की भी शिकायत आई। सीईओ ने ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और पुलिस की मदद से अवैध निर्माण को तत्काल ढहाने के निर्देश दिए। साथ ही आवंटित भूखंडों पर आवंटियों को पजेशन दिलाने को कहा है। सीईओ ने चेताया है कि अधिसूचित एरिया में किसी को भी अवैध कब्जा करने की इजाजत नहीं है।

कोई भी व्यक्ति ऐसा करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में सीईओ ने परियोजना विभाग को नोएडा की तरह ही ग्रेटर नोएडा के गांवों में भी दिशा सूचक बोर्ड लगाने को कहा है। इसके लिए नोएडा की पॉलिसी का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने नियोजन विभाग, परियोजना व भूलेख विभाग से किसानों के आबादी प्लॉट से जुड़े सभी मसलों को शीघ्र निस्तारित कराने को कहा है। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी है।

### अवैध दुकानों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**नोएडा।** तुगलपुर मार्केट में मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने तुगलपुर में लग रहे अवैध अतिक्रमण को हटा दिया है। तुगलपुर में सड़क किनारे अवैध रूप से दुकाने चलाई जा रही थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने तुगलपुर गांव में पहुंच कर अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया है।

## बिजली का पोल हटाने पर विशेष कोर्ट ने लगाया 60 हजार रुपये का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**विशेष** विद्युत अदालत रोहिणी, ने अमन विहार के निवासी रमेश कुमार अग्रवाल को बिजली के एक खंभे को गैर-कानूनी रूप से हटाने का दोषी करार देते हुए उन्हें विद्युत अधिनियम की धारा 136/139 के तहत सजा सुनाई है। खंभा शिफ्ट करने के कारण बिजली के तारों और एबीसी केबलों को नुकसान पहुंचा था। अदालत ने उन पर 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है और साथ ही उन्हें तीन हजार रुपये टाटा पावर-दिल्ली को बतौर कार्रवाई खर्च के लिए अदा करने का आदेश भी दिया है। जितेंद्र सिंह, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत), उत्तर पश्चिमी डिस्ट्रिक्ट रोहिणी कोर्ट ने यह सजा सुनाई। अदालत ने दोषी को 25 हजार रुपये के पर्सनल बांड के बाद छह माह के प्रोबेशन पर रिहा किया गया है और इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में उपस्थित होने तथा अदालत के हर फैसले का निष्ठापूर्वक पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अदालत ने इस प्रकार के अपराध को रोकने के लिए ऐसी सख्त सजा सुनायी है। बिजली एक बुनियादी जरूरत है और बिजली चोरी की घटना से सरकार को आर्थिक नुकसान होता है और साथ ही, इसके कारण अन्य उपभोक्ताओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है जो असंतुष्टि बढ़ाता है।

## आरडब्ल्यूए को मिनी पार्षद बनाने का ऐलान चुनावी स्टंट : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भाजपा** की नगर निगम चुनाव समिति के संयोजक आशीष सूद ने कहा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा नगर निगम की कार्यप्रणाली से आरडब्ल्यूए को जोड़ने का ऐलान चुनावी घोषणा है। क्योंकि गत आठ साल के उनके शासन का अनुभव बताता है कि उन्हें आरडब्ल्यूए या मोहल्ला सभाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है।

भाजपा के संकल्प पत्र में आरडब्ल्यूए को निगम कार्य प्रणाली में भागीदारी देने की घोषणा का आरडब्ल्यूए के स्वागत करने से से बौखलाए केजरीवाल को आज फिर आरडब्ल्यूए एवं मोहल्ला साभाओं की याद आई है। यह कुछ ऐसे ही है जैसे कांग्रेस बार-बार राहुल गांधी को रिपैकेज कर जनता के बीच रखने की कोशिश करती है। सूद ने कहा है कि आठ साल पूर्व सत्ता में आते ही केजरीवाल ने सबसे पहले अपनी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आरडब्ल्यूए के साथ होने वाले भागीदारी संवाद को बंद किया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010-11 में केजरीवाल मोहल्ला सभाओं से पूछकर निर्णय लेने की बात करते थे, उन्होंने अपनी पुस्तक स्वराज में भी इसका जिक्र किया था पर गत आठ सालों में उन्होंने मोहल्ला सभाओं को किसी अन्य विषय में तो छोड़िए, शराब के ठेके खोलने की प्रक्रिया तक में कोई भूमिका नहीं दी। लोगों ने समय-समय पर देखा है कि अधिकांश आप विधायकों ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ अभद्रता से व्यवहार किया है। विधायकों की ही तरह आप के कई पार्षद वर्ष 2017 में जीते थे। उन्होंने भी अपने क्षेत्र में कभी आरडब्ल्यूए या मोहल्ला सभा के सात बात करना जरुरी नहीं समझा।

### 40 गांव के किसान टोल प्लाजा पर धरने पर बैठे

**नोएडा।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन ने लुहारली टोल प्लाजा पर धरना दे दिया। गौतमबुद्ध नगर में स्थित 40 गांव के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर लुहारली टोल प्लाजा पर धरना दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी। तब तक प्रदर्शन चलता रहेगा। किसानों का कहना है कि उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। किसानों के हंगामे की सूचना मिलने के बाद एसडीएम और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है। पिछले काफी दिनों से किसान अपनी मांगों को लेकर लुहारली टोल प्लाजा पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसान अपने हकों के लिए लड़ाई लड़ रहे है। किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। किसानों का कहना है

## नगर निगम में कर्मचारियों की हड़ताल, कामकाज ठप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**नगर** निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री नितिन भारद्वाज को दिए गए कारण बताओं नोटिस के वापिस नहीं लेने को लेकर विवाद आज से नए मोड़ पर पहुंच गया।

नगर निगम कर्मचारियों ने आज से निगम में कार्य का बहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया। सभी कर्मचारियों ने पार्क में बैठकर नगर निगम के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। अब संघ का कहना है कि उन्होंने नितिन भारद्वाज के मामले से पहले एक पन्द्रह सूत्रीय ज्ञापन नगर निगम प्रशासन को दिया था। उसमें बताई गई मांगे अगर पूरी नहीं होगी तो आंदोलन जारी रहेगा।

नगर निगम कर्मचारी संघ और नगर निगम प्रशासन के बीच तनातनी कई वर्ष बाद पहली बार हुई है।

इससे पहले नगर आयुक्त अब्दुल समद के दौरान सफाई कर्मचारियों ने धरना दिया था जिसको खुद तत्कालीन नगर आयुक्त अब्दुल समद ने हटा दिया था। तब से लेकर आज तक नगर निगम में कोई धरना प्रदर्शन नहीं हुआ।

# कैब कंपनियां सत्यापन के बाद रखें चालक

● दिल्ली पुलिस ने जारी किए दिशा निर्देश, शराब पीने की भी हो जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** पुलिस ने मंगलवार को कैब सेवा देने वाली कंपनी उबर से चालकों को सेवा पर रखने से पहले उनके पिछले रिकॉर्ड का सत्यापन करने को कहा और सुझाव दिया कि कंपनी को कैब में ऐसा तंत्र अपनाना चाहिए कि शराब के सेवन की जांच हो हो सके।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त महेश चंद्र भारद्वाज ने उबर के सुरक्षा उपायों को शुरू करने से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना नियमों के उल्लंघन के मामले में एक प्रमुख कारक रहा है।

भारद्वाज ने कहा कि यदि कोई ड्राइवर नशे में है तो आपके पास यह जानने के लिए किसी प्रकार का तंत्र होना चाहिए कि आपका ड्राइवर नशे में है। हम शराब के नशे के लिए अल्कोहल मीटर के माध्यम से चालकों की जांच करते हैं।

क्या उबर स्टीयरिंग के करीब ऐसा कोई उपकरण लगा सकती है ताकि अगर ड्राइवर नशे में हो तो आपको सूचना मिल सके। नशे में वाहन चलाने वालों की जांच के लिए कृपया कोई तंत्र खोजें। उन्होंने उबर से चालकों की सेवाएं लेने से पहले उनके पूर्व रिकॉर्ड के सत्यापन करने को भी कहा। भारद्वाज ने कहा कि उबर को अपने साझेदार चालक द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के बारे में अधिसूचित करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए, जिसे दिल्ली यातायात पुलिस के साथ साझा किया जा सकता है। भारत एवं दक्षिण एशिया के लिए उबर के सेफ्टी ऑपरेशन्स प्रमुख सूरज नायर ने कहा कि कंपनी ने फीडबैक नोट कर लिया है और सिस्टम में फीचर्स की व्यवहार्यता की जांच के लिए अध्ययन जारी रखेगी।

इस अवसर पर, उबर ने उपयोगकर्ताओं को अपनी यात्रा समाप्त करने के 30 मिनट बाद भी उनकी हेल्पलाइन पर कॉल करने के लिए विस्तारित समर्थन की घोषणा की।भारत और दक्षिण एशिया के लिए उबर की निदेशक, (ग्राहक अनुभव), मानसी चड्ढा ने कहा कि विस्तारित समय की सुविधा सिर्फ भारत में शुरू की गई है।

## नुक्कड नाटक के जरिये नोएडा यातायात पुलिस ने दी नियम की जानकारी

● 672 गाड़ियों के चालान किए गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**यातायात** पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा शेयर एनजीओ के सहयोग से लेबर चौक सेक्टर-58 पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑटो, ई.रिक्शा तथा आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा उनका पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा रजत बिहार सोसाइटी में आरडब्लूए के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सीनियर सिटिजन व आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा उनका पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा के कस्बा सूरजपुर एवं तिलपता, गोल.चक्कर पर एलईडी वैन पर शॉर्ट वीडियो दिखाकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को 672 गाड़ियों के चालान किए गए। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों को सीज किया गया।

जब कपड़े ट्रेंडी होते हैं, तो आप लिपस्टिक के रंगों को चुनने में पीछे कैसे हट सकते हैं। यदि आप लिपस्टिक के उन शेड्स को ढ़ूढ़ रही हैं, जो हमारे सेलेब्स लगाते हैं, तो आइए हम आपको बताते हैं इनके बारे में।

# लिपस्टिक के ये 5 ट्रेंडी शेड्स जीत लेंगे आपका दिल

लिपस्टिक के खूबसूरत शेड के साथ अपने लुक को और बेहतर बनाना किसे पसंद नहीं? आज लिपस्टिक का बाजार फलफूल रहा है और बाजार में आपके कपड़ों व लुक के हिसाब से हर रंग के लिपस्टिक हैं, लेकिन हमेशा कुछ शेड्स ऐसे होते हैं, जो दूसरों की तुलना में अधिक चलन में होते हैं यानी कि ट्रेंड में होते हैं। अगर आप अपने हर लुक के लिए ट्रेंडी फैशन को फॉलो करना चाहते हैं, आपको लिपस्टिक के ट्रेंड की सारी जानकारी होनी ही चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि आप जिस लिपस्टिक का शेड इस्तेमाल कर रही हैं, कहीं वो आउट-डेटेड तो नहीं हो गया! बाजार में लिपस्टिक के नए रंग तो नहीं आ गए और आपको पता ही नहीं चला। तो ऐसे में आपको आज हम बताने जा रहे हैं कुछ लिपस्टिक्स के शेड्स, जो अभी ट्रेंड में हैं। साथ ही इन लिपस्टिक की खास बात यह है कि बॉलिवुड की लगभग सभी अभिनेत्रियां आपको इन लिपस्टिक कलर्स में मिल जाएंगी।

> “ अगर आप अपने हर लुक के लिए ट्रेंडी फैशन को फॉलो करना चाहते हैं, आपको लिपस्टिक के ट्रेंड की सारी जानकारी होनी ही चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि आप जिस लिपस्टिक का शेड इस्तेमाल कर रही हैं, कहीं वो आउट-डेटेड तो नहीं हो गया!



## पिंक

लिपस्टिक के पिंक शेड्स की खास बात यह होती है कि ये कभी आॅउट-डेटेड नहीं होते। कोई भी टिमएज गर्ल हो या खूबसूरत महिला, लिपस्टिक का यह शेड सब पर फबता है। आप इस शेड की लिपस्टिक को किसी भी तरह के कपड़ों के साथ लगा सकती हैं। आपका ड्रेस इंडियन हो या वेस्टर्न पिंक लिपस्टिक हमेशा आपको परफेक्ट लुक देगी। अब जब कि सर्दियां करीब हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कुछ प्यारा और पेस्टल गुलाबी लिपस्टिक नहीं लगा सकती। आप बॉलीवुड की सभी अदाकारा मैजेंटा से लेकर बेबी पिंक लिपस्टिक लगाए नजर आते हैं। पिंक के दो शेड्स से होते हैं एक हॉट पिंक और दूसरा चमकदार पिंक। आपने यह रंग के लिपस्टिक में ज्यादातर प्रियंका चोपड़ा के सुंदर पाउट को देखा होगा। इसके अलावा आलिया भट्ट को आप अक्सर बेबी पिंक लिपस्टिक लगाए देख सकते हैं। इन्हीं की तरह आप भी इस लिपस्टिक के शेड को एक बार ट्राई कर के देखिए।

## प्लम

लिपस्टिक के इस शेड में आपने अक्सर सोनम कपूर को देखा होगा। हमारे बी-टाउन के फैशनिस्टा इस पेस्टल शेड को बहुत पसंद करतीं हैं। इस शेड्स की खास बात ये है कि इसमें आप क्लासी और अलग लगते हैं। इस रंग की लिपस्टिक को आप अपने आॅफिस लुक या मिटिंग लुक के साथ अप्लाई कर सकतीं हैं। साथ ही कुछ पेस्टल कलर्स के वेस्टर्न और इंडियन ड्रेसेज पर भी ये काफी फबती हैं। आप अगर अपने ऑफिस के किसी पार्टी में जा रहे हैं तो आप इस शेड को लगा सकते हैं। प्लम शेड में भी डार्क और लाइट शेड्स आते हैं, जिन्हें आप अपने लुक के हिसाब से चुन सकती हैं। आप चाहे जिस भी शेड को चुने आप इस रंग के लिपस्टिक को लगा कर अलग ही नजर आएंगी।

## न्यूड

करीना कपूर खान की लिपस्टिक का सबसे पसंदीदा शेड वास्तव में कभी भी ट्रेंड से बाहर नहीं जा सकता है और आप उन्हें इसे हर सीजन में न्यूड कलर की लिपस्टिक लगाए देख सकते हैं। इसी तरह लिपस्टिक के न्यूड शेज को आप भी किसी भी सीजन में लगाकर घुम सकती हैं। अगर आप मेटैलिक आउटफिट में तैयार हो रहे हैं तो इस कलर की लिपस्टिक लगाना तो बिल्कुल न भूलें। यह आपको बेहद गिलेमरस दिखने में मदद कर सकती है। न्यूड शेड्स को आप ऑफिस और घर में भी लगा कर रख सकती हैं। साथ ही अगर आपको कभी कोई रंग पसंद न आए तो भी आप इस रंग को बेहिचक पसंद कर सकती हैं।

## पीच

आलिया भट्ट, हिना खान, अनन्या पांडे और कई अन्य सितारे मामूली कोरल अंडरटोन के साथ पीच कलर की लिपस्टिक में नजर आ चुकी हैं। पीच कलर हर मौसम के लिए बिल्कुल परफेक्ट रंग होता है। आप इस कलर की लिपस्टिक को लगाकर हमेशा ही खूबसबरत दिख सकती हैं। अगर आप कोई पीच कलर की ड्रेस पहन रहे हैं तो इसे जरूर चुनें। पार्टी वाली रात आप दूर से चमकती नजर आएंगी।

## ब्राउन

सूक्ष्म ब्राउंस कलर के लिपस्टिक ने बाजार पर कब्जा कर रहे हैं। हमारे बॉलीवुड डीवाज भूरे रंग के कारमेल और कॉफी शेड्स लिपस्टिक को लगाकर एक नया ट्रेंड सेट कर रहे हैं। आपने मानुषी छिल्लर को कई बार इस कलर की लिपस्टिक लगाए देखा होगा। यह रंग अब उबाऊ पुराना रंग नहीं है बल्कि अब इस नए फैशन का ट्रेंड बन गया है।

# लिक्विड लिपस्टिक लगाते समय न करें यह गलतियां



अक्सर लड़कियां सीधे ही लिक्विड लिपस्टिक अप्लाई कर देती हैं, लेकिन अगर आप लिप्स को एक्सफोलिएट किए बिना लिक्विड लिपस्टिक लगाती हैं तो इससे आपके होंठ फ्लेकी और रूखे नजर आते हैं। इसलिए हमेशा पहले लिप्स की डेड स्किन सेल्स को निकालने के लिए एक्सफोलिएट करें।

**लिक्विड** लिपस्टिक यकीनन होंठों पर एक अलग ही लुक देती है और हर लड़की इसे लगाना पसंद करती हैं, लेकिन लिक्विड लिपस्टिक लगाते समय हमेशा एक ही समस्या होती है कि इसे लगाते समय हमेशा कुछ न कुछ गड़बड़ हो जाती है और इसलिए आपको एक परफेक्ट लुक नहीं मिल पाता। तो चलिए आज हम आपको ऐसी कुछ गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिसे अमूमन लड़कियां लिक्विड लिपस्टिक लगाते समय करती हैं।

**पहले करें एक्सफोलिएट :** अक्सर लड़कियां सीधे ही लिक्विड लिपस्टिक अप्लाई कर देती हैं, लेकिन अगर आप लिप्स को एक्सफोलिएट किए बिना लिक्विड लिपस्टिक लगाती हैं तो इससे आपके होंठ फ्लेकी और रूखे नजर आते हैं। इसलिए हमेशा पहले लिप्स की डेड स्किन सेल्स को निकालने के लिए एक्सफोलिएट करें। लिप्स को एक्सफोलिएट करने के लिए पहले होंठों पर पेट्रोलियम जेली लगाएं और फिर बच्चों के टूथब्रश की मदद से होंठों को हल्का सा रगड़ें। अंत में वाइप्स की मदद की होंठों को क्लीन करें।

**करें लिप्स को तैयार :** लिप्स को एक्सफोलिएट करने के बाद जरूरी है कि आप होंठों पर लिप बाम लगाएं। इससे आपकी लिक्विड लिपस्टिक को भी एक स्मूद टेक्सचर मिलता है। चूंकि लिक्विड लिपस्टिक आपके होंठों की नमी को सोख लेती है। इसलिए आप हमेशा हाई क्वालिटी के लिप बाम को लगाएं।

**लिपलाइनर से मिलेगा परफेक्ट लुक :** अगर आप चाहती हैं कि आपको लिक्विड लिपस्टिक लगाने पर एक परफेक्ट लुक मिले तो आप हमेशा पहले लिपलाइनर का इस्तेमाल करें। आप अपनी लिपस्टिक से मैच करता हुआ लिपलाइनर से पहले होंठों की आउटलाइन बनाएं। इसके बाद ही लिपस्टिक अप्लाई करें। इतना ही नहीं, जब आप लिपस्टिक लगा रही हैं, तो कोशिश करें कि आप लिपस्टिक ब्रश से ही उसे लगाएं। इससे लिपस्टिक होंठों पर एकसमान लगती है और इसका लुक भी काफी अच्छा आता है।

**चुनें सही प्रॉडक्ट :** यह नियम सिर्फ लिक्विड लिपस्टिक के लिए ही नहीं, बल्कि हर तरह के मेकअप प्रॉडक्ट के लिए लागू होता है। कभी भी सस्ते के चक्कर में हल्की क्वालिटी का सामान खरीदने की गलती न करें। अगर आप सस्ते के चक्कर में गलत लिक्विड लिपस्टिक खरीदतीं हैं तो इससे आपके होंठों को काफी नुकसान होता है। कई बार होंठ काले पड़ जाते हैं। यहां तक कि उनकी नेचुरल ब्यूटी भी खत्म हो जाती है। इसलिए कभी भी अपने स्किन केयर व मेकअप प्रॉडक्ट के साथ किसी तरह का समझौता न करें।

# टैटू बनवाने का है शौक, तो ख्याल भी रखें



**आज** के समय में हर किसी को टैटू बनवाना काफी पसंद होता है। चाहे लड़का हो या लड़की, हर कोई शरीर के विभिन्न अंगों पर टैटू बनवाते हैं। यकीनन यह देखने में काफी अच्छा लगता है, लेकिन अगर आप टैटू बनवा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप टैटू बनवाने के बाद अपनी स्किन का भी सही तरह से ख्याल रखें। अन्यथा इससे इंफेक्शन होने, स्किन में सूजन होने जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको बता रहे हैं कि टैटू बनवाने के बाद कैसे रखें अपनी स्किन का ख्याल?

**चुनें सही टैटू आर्टिस्ट :** टैटू बनवाने का सबसे पहला नियम है कि आप इसके लिए पहले कुछ होमवर्क करके जाएं। हमेशा एक सर्टिफाइड टैटू आर्टिस्ट से ही टैटू बनवाएं ताकि इस्तेमाल की जाने वाली सभी सामग्री इंफेक्शन फ्री हो। अगर आप किसी अच्छी जगह से टैटू बनवाती हैं तो इसमें आपका खर्चा भले ही थोड़ा अधिक आए लेकिन वह टैटू बनवाने के सभी रूल्स को फॉलो करते हैं, जिससे आपको स्किन को किसी तरह का नुकसान पहुंचने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।

**सुनें आर्टिस्ट की :** टैटू बनवाने के बाद उसे इंफेक्शन से बचाने के लिए उसके उपर बैंडेज लगाई जाती है और उसे दो से चार घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ना जरूरी होता है। कुछ मामलों में कम से कम आठ घंटों के लिए उस बैंडेज को लगाना पड़ता है। कुछ आर्टिस्ट प्लास्टिक शीट रैप का भी इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, हमेशा अपने टैटू आर्टिस्ट की सुनें और उतने समय में ही अपने बैंडेज को हटाएं। साथ ही बैंडेज हटाते समय भी थोड़ी सावधानी बरतें। मसलन, जब आप बैंडेज हटाएं तो पहले पानी की मदद से बैंडेज को हल्का सा गीला करें ताकि वह स्किन पर चिपके नहीं और इस तरह वह आसानी से उतर जाता है।

**यूं करें क्लीन :** बैंडेज हटाने के बाद टैटू को क्लीन भी सावधानीपूर्वक करें। जैसे आप टैटू को हल्के गुनगुने पानी व माइल्ड साबुन की मदद से धोएं। इसके बाद इसे आराम से सुखाएं। हमेशा टैटू आर्टिस्ट के कहे अनुसार ही टैटू को क्लीन करें। कभी भी तेज प्रेशर के पानी या लूफा की मदद से टैटू को साफ न करें, इससे आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है।

**एंटी बैक्टीरियल क्रीम :** टैटू बैंडेज उतारने के बाद जरूरी है कि आप कम से कम तीन से छह दिन तक कोई न कोई एंटी बैक्टीरियल क्रीम को अपने टैटू पर लगाएं। आप क्रीम की जानकारी टैटू आर्टिस्ट से ले सकती हैं। एक सप्ताह बाद आप रेग्युलर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल अपनी स्किन पर कर सकती हैं, हालांकि थिक क्रीम आदि का इस्तेमाल करने से बचें।

# हाथों की सुंदरता होते हैं आपके नाखून



**जब** आपकी सुंदरता या ब्यूटी की बात आती है, तो उसमें आपका चेहरा, बाल और हाथ-पैर भी शामिल हैं। आपके हाथ-पैर आपकी ब्यूटी का एक अहम हिस्सा होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने नेल केयर को भी अपने रूटीन में शामिल करें। जिससे आपके नाखून चमकदार रहें और आपके हाथ सुंदर दिखें। अक्सर नाखून गंदे और पीले होने पर आपको अपने हाथों को सबके सामने छिपाना पड़ता है। आइए हम आपको बताते हैं कि आपको कैसे अपने नाखूनों की देखभाल करनी है, जिससे आप भी स्वस्थ रहेंगे।

**नाखूनों को साफ रखें :** सबसे पहले नेल केयर में जरूरी हिस्सा है कि आप अपने नाखूनों और हाथों को साफ रखें। आपके नाखून और हाथ गंदगी रहित हो। इसके साथ ही आप नेल पेंट उतारने के लिए एसीटोन रहित नेल पॉलिश रिमूवर का इस्तेमाल करें। नाखूनों को साफ करने के लिए आप एक टूथब्रश पर साबुन लगाकर अपने नाखूनों और त्वचा को धीरे से साफ कर सकते हैं। इससे गंदगी को हटाने में मदद मिलेगी और यह डेड सेल्स को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

**नाखूनों को ट्रिम करें :** नाखूनों को अच्छा बनाए रखने के लिए आप हफ्ते में कम से कम एक बार नाखून को ट्रिम करने। क्यूटिकल्स को नहीं काटा जाना चाहिए क्योंकि अगर यह टूट गया है, तो नाखून में इंफेक्शन हो सकता है। आप नहाने के बाद अगर अपने नाखूनों की सफाई करते हैं, तो यह काफी आसान होता है।

**एक अच्छा नेल किट भी है जरूरी:** आपके नाखूनों का साफ होना न केवल आपकी सुंदरता से जुड़ा है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। इसलिए एक अच्छी नेलकिट होना जरूरी है। आप अपने नेल टूल्स को साबुन और पानी से धोकर साफ करें और फिर हर इस्तेमाल के बाद रबिंग अल्कोहल से पोंछ लें।

**नाखूनों को मॉइस्चराइज करें :** अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज करें और जब भी आप नेल पेंट लगाती हैं, तो हमेशा बेस कोट पहले लगाएं। बेस कोट नेल पेंट के रंग को बेहतर दिखाने में मदद करता है और साथ ही नेल को पॉलिश से पड़ने वाले दाग से बचाता है। हाइड्रेशन और ब्लड सर्कुलेशन के लिए रात में क्यूटिकल्स और नाखूनों पर बादाम का तेल लगाएं। इससे आपके नाखून स्वस्थ, मजबूत और सुंदर दिखेंगे।

**अच्छा नेल पेंट का इस्तेमाल करें :** हमेशा सुनिश्चित करें कि आप एक अच्छे नेल पॉलिश का इस्तेमाल कर रहे हों। क्योंकि कुछ नेल पेंट्स में जहरीले रसायन हो सकते हैं, जो नाखूनों के टूटने और नुकसान में योगदान कर सकते हैं।

**ऐक्रेलिक या जेल मैनीक्योर से बचें :** ऐक्रेलिक या जेल मैनीक्योर से जितना हो सके बचने की कोशिश करें। क्योंकि यह सुविधाजनक हो सकते हैं लेकिन नाखूनों के लिए कठोर होते हैं।

**बर्तन धोने या अन्य किसी काम के समय दस्ताने पहनें :** बर्तन धोने, गार्डन का कोई काम कर रहे हैं, जिसमें आपके हाथों को भिगोना या गंदा करना शामिल हो, तो ऐसे में आप दस्तानों का इस्तेमाल करें। रबर, विनाइल या प्लास्टिक के दस्ताने पहनें। डिशवॉशर के सीधे संपर्क में आने से नाखून सूख सकते हैं।

**स्वस्थ खाना खाएं :** आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और सुंदरता के लिए स्वस्थ आहार सबसे जरूरी होता है। इसलिए स्वस्थ नाखूनों को बनाए रखने के लिए एक संतुलित आहार महत्वपूर्ण है। ओमेगा -3 फैटी एसिड के साथ एक प्रोटीन युक्त आहार खाएं। बीन्स, मछली और नट्स जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करें। वहीं कैल्शियमयुक्त खाने से नाखूनों को मजबूत रखने में मदद मिलेगी। विटामिन ए और सी नाखूनों को चमकदार बनाए रखने में मदद करेंगे और इसके अलावा, हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं।

# अब बजट में होंगे ये पांच ब्यूटी टिप्स



**महीने** के आखिरी दिन आते आते पॉकेट में पैसे थोड़े कम हो जाते हैं। ऐसे में आप खुद की खूबसूरती को निखारने के लिये क्या कर सकती हैं? आज हम आपको बताएंगे कि आप बिना पैसे खर्च किये प्राकृतिक चीजों से अपनी देखभाल कर सकती हैं। आइये जानते हैं कैसे

## गरम-ठंडे पानी से नहाएं

अपने दिन की शुरुआत गरम और ठंडे पानी से नहा कर कीजिये। इस विधि से आपका ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा, आपके अंदर एनर्जी भरेगी, निगेटिविटी खतम होगी और शरीर शुद्ध होगा। सबसे पहले गरम पानी से नहाएं और फिर दो मिनट के बाद ठंडे पानी को शरीर पर डालें। ऐसा कई बार करें और इसी तरह से नहाएं।

## स्क्रब करने के लिये बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा से चेहरा एकदम साफ और मुलायम हो जाता है। अगर इसमें थोड़ा नींबू का रस और पानी भी मिला दिया जाए तो यह और भी असरदार बन जाता है। इस पेस्ट को चेहरे पर दो मिनट के लिये स्क्रब करें और फिर चेहरे को धो लें।

## मॉइस्चराजर की जगह तेल का प्रयोग

स्किन को स्क्रब करने के बाद उसको मॉइस्चराइज कीजिये। इसके लिये आपको तेल लगाना होगा। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आपके लिये जोजोबा ऑइल और जितनी स्किन तैलिय और पिंपल से भरी है उनके लिये बादाम का तेल अच्छा रहेगा। ये तेल त्वचा में अच्छी प्रकार से समा जाते हैं और चिपचिप भी नहीं करते।

## हेयर कंडीशनिंग के लिये शहद

अगर आपके बाल रूखे और डैमेज हैं, तो दो चम्मच शहद में एक चम्मच जैतून या नारियल तेल और एक चम्मच छाछ मिक्स कर के रैस पर रख कर थोड़ा गरम कर लीजिये। फिर बालों को धो कर उस पर इसे लगाइये और शावर कैप पहन लीजिये। 10 मिनट के बाद बालों को दुबारा धो लीजिये। ऐसा हर हफ्ते करें।

## मैनीक्योर और पैडीक्योर के लिये नींबू

पैडीक्योर करने के लिये एक टब में कुछ बूंद बेबी शैंपू, एक चम्मच रॉक सॉल्ट और एक नींबू निचोड़ें। नींबू में विटामिन सी होता है जो काली पड़ गई त्वचा को निखारता है। टब में गरम पानी डालें और उसमें अपने पैरों को 15 मिनट के लिये डुबोएं। फिर प्यूमिक स्टोन से पैरों को रगड़ें और फिर उसे पोछ लें। उसके बाद पैरों पर मॉइस्चराइजर लगा लें।

मैनीक्योर करने के लिये अपने हाथों को एक बड़े कटोरे में गरम पानी और नींबू का रस मिला कर 15 मिनट तक डुबोए रखें। फिर उन्हें बाहर निकाल कर नाखूनों को काटें और पोछ कर उस पर मॉइस्चराइजर लगाएं।

काले घेरों के लिये खीरा या ठंडा टी बैग रखें अगर आंखों के नीचे काले घेरे हो गए हैं, तो आप आलू की स्लाइस या खीरे की स्लाइस या फिर ठंडे टी बैग्स भी आंखों पर रख सकती हैं। इससे क्रीम जैसा ही फायदा होता है।

# सर्दियों में ऐसे करें स्किन की देखभाल

**त्वचा** की नियमित देखभाल करना मेकअप से ज्यादा जरूरी है। सर्दियों में त्वचा की देखभाल और जरूरी हो जाती है। अपनी कुछ आदतों को बदलकर आप इस मौसम में होने वाली त्वचा संबंधी परेशानियों से आसानी से निपट सकती हैं।

- चेहरे की सफाई पर नियमित ध्यान देना जरूरी है।
- सुबह-शाम फेसवाश से चेहरा धोएं और बाहर से लौटकर चेहरे की सफाई का खास ध्यान रखें क्योंकि बाहर का प्रदूषण चेहरे को नुकसान पहुंचा सकता है।
- चेहरा धोने के बाद चेहरे पर मॉइश्चराइजर लगाना न भूलें। मुलायम हाथों से चेहरे पर मसाज करें और अतिरिक्त मॉइश्चराइजर को कॉटन या टिश्यू पेपर से पोछ लें।
- क्लेंजिंग, टोनिंग व मॉइश्चराइजिंग का सिद्धांत कभी न भूलें। बाहर से घर लौटने पर चेहरा अवश्य साफ करें और सुबह-शाम त्वचा की अच्छे से सफाई करें।
- क्लेंजिंग के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल करें। कच्चे दूध में कॉटन डुबोकर चेहरे को साफ करने से भी त्वचा की बेहतर सफाई की जा सकती है।
- सप्ताह में कम से कम एक बार स्क्रब का इस्तेमाल करें।
- घर पर भी स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए चीनी में थोड़ा-सा शहद और बादाम का तेल डालकर स्क्रब बना लें। इसे चेहरे पर लगाएं और हल्के-नर्म हाथों से नीचे से ऊपर की ओर मसाज करें। इसके अलावा नमक और चीनी को जैतून के तेल साथ मिलाकर भी स्क्रब की तरह प्रयोग किया जा सकता है। इससे मृत त्वचा आसानी से हट जाती है।
- दिन भर में सात-आठ गिलास पानी अवश्य पिएं। जाड़ों में अक्सर लोग पानी पीना कम कर देते हैं। पानी से त्वचा को कुदरती चमक मिलती है।
- खूबसूरत और दमकती त्वचा के लिए खानपान पर भी ध्यान देना जरूरी है। फलों और हरी सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करें। जूस व दूध का प्रयोग भी भरपूर मात्रा में करें। इससे त्वचा और चेहरे में प्राकृतिक निखार बढ़ेगा।
- व्यायाम व योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इससे रक्त संचार तेज होता है और चेहरे की चमक बढ़ती है।
- खानपान में पर्याप्त फल और सब्जियों को शामिल करें। त्वचा व शरीर को भरपूर पोषण देने के लिए ओमेगा 3 फैटी एसिड युक्त आहार लें। मछली और बादाम विटामिन ई और ओमेगा-3 का अच्छा स्रोत हैं।
- घर से बाहर निकलते वक्त एसपीएफ युक्त सनस्क्रीन का प्रयोग करें।



# आखिरी वनडे पर बारिश की गाज न गिरने की दुआ करेगा भारत

## आज न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान में बराबरी करने उतरेगी टीम

**एजेंसी।** क्राइस्टचर्च

**खराब** मौसम से आजिज आ चुकी भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को आखिरी वनडे में दुआ करेगी कि बारिश न हो ताकि उसे बराबरी का मौका मिल सके। क्राइस्टचर्च में कल बारिश का अनुमान है और अगर ऐसा हुआ तो भारतीय टीम के युवा क्रिकेटरों के लिए इससे निराशाजनक कुछ नहीं होगा।

सीमित ओवरों के पांच मैचों में से एक वनडे और एक टी-20 बेनतीजा रहे और एक टी-20 मैच बारिश के कारण डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर टाई हो गया। शिखर धवन की टीम आखिरी वनडे जीतकर श्रृंखला में बराबरी करना चाहेगी। हेगले ओवल मैदान पारंपरिक तौर पर सीम गेंदबाजों का मददगार रहा है और यहां पिछले कुछ साल में औसत स्कोर 230 रहा है। पहले पावरप्ले (पहले दस ओवर) में भारतीय बल्लेबाजी चर्चा का विषय रही है। वनडे क्रिकेट में शानदार सलामी बल्लेबाज धवन खुद समझते हैं कि अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अपने खेल में काफी बदलाव करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने दो मैचों में 50 और नाबाद 45 रन बनाए हैं। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा सुपरस्टार सूर्यकुमार यादव ने सेडोन पार्क पर 12.5 ओवर के खेल में तीन छक्के जड़े। भारत को बड़ा स्कोर बनाना है तो सूर्य और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों को अच्छी पारियां खेलनी होगी।

पंत का वनडे रिकॉर्ड काफी प्रभावी है लेकिन इंग्लैंड दौरे के बाद से वह रन नहीं बना सके। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने मध्यक्रम को स्थिरता देने के लिए उनके बल्ले से रन निकलना जरूरी है। पंत के खेलने और विशेषज्ञ बल्लेबाजों में गेंदबाजी विकल्पों के अभाव के मायने हैं कि संजू सैमसन को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ेगा। पिछले मैच में हरफनमौला होने के कारण दीपक हुड्डा को उन पर तरजीह दी गई थी।



### पिछला मैच बारिश के चलते धुल गया था

**पिछला** मैच बारिश में धुल गया था। अब देखना होगा कि अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण अंतिम एकादश में कोई बदलाव करते हैं या नहीं। स्पिनर कुलदीप यादव को भी अभी तक मौका नहीं मिला है। वैसे युजवेंद्र चहल या वाशिंगटन सुंदर को बाहर करना उनके साथ ज्यादती होगी। शार्दुल ठाकुर पहले वनडे में कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर और उमरान मलिक ही तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, टिम साउदी और लॉकी फर्ग्युसन के सामने यह भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने का सुनहरा मौका है।

### दोनों टीमें इस प्रकार

**भारत:** शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह, शार्दुल ठाकुर और उमरान मलिक।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, डेविन कॉनवे, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, टिम साउदी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, जिमी नीशाम, मिशेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्युसन।

मैच सुबह सात बजे शुरू होगा।



## आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा टेस्ट आज

# भारतीय हॉकी टीम की निगाहें मैदान में डिफेंस पर होंगी

### हाल ही में टीम ने दो बार पराजय झेली है

**पायनियर समाचार सेवा।** एडीलेड

**लगातार** दो पराजय झेलने के बाद भारतीय हॉकी टीम बुधवार को तीसरे टेस्ट से पहले दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ डिफेंस की अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। रक्षापंक्ति की लगातार चूक के कारण दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत को पहले दो टेस्ट में शुरूआती बढ़त बनाने के बावजूद पराजय झेलनी पड़ी। टीम को तीसरे मैच में इससे उबरना होगा।

पहले टेस्ट में आखिरी मिनट में गोल गंवाने के कारण भारत को 4-5 से पराजय मिली। दूसरे मैच में तीसरे मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी क्वार्टर में गोल गंवाकर 4-7 से हार गई। दोनों टीमों के लिए यह श्रृंखला भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी से शुरू हो रहे विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा, हमने पहले दो मैचों में काफी गलतियां कीं। आस्ट्रेलिया मौकों को भुनाने में माहिर है लिहाजा हमें अपना डिफेंस बेहतर करना होगा। दोनों मैचों में पेनल्टी कॉर्नर की बरसात हुई और भारत को पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से भी बचना होगा। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत की आस्ट्रेलिया के हाथों सात गोल से हार के बाद दोनों टीमों का यह पहला मुकाबला है। हरमनप्रीत ने कहा, रफ्तार और फिटनेस के मामले में हम आस्ट्रेलिया से कम नहीं हैं। युवा खिलाड़ियों ने दबाव का बखूबी सामना किया है। इस तरह की मजबूत टीम के खिलाफ खेलने का अनुभव विश्व कप में काफी काम आएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### उन्नति हुड्डा और छह अन्य भारतीयों ने जीत दर्ज की



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा सहित सात भारतीयों ने थाइलैंड के नोंथबुरी में खेली जा रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में मंगलवार को जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। ओडिशा ओपन की चैंपियन उन्नति ने महिलाओं के अंडर-17 वर्ग में जापान की मिसाटो सासाकी को केवल 24 मिनट में 21-11 21-5 से हराया। वह अगले दौर में इंडोनेशिया की डिया नूर फडिला से भिड़ेंगी। महिलाओं के अंडर-17 वर्ग में अनमोल खरब ने अपने दोनों मैच जीते। पहले उन्होंने सिंगापुर की चुजइ जेनिफर को 21-11 21-14 से और फिर इंडोनेशिया की वेनिंग सबरीना को 21-19 21-10 से हराया। अनमोल अब थाईलैंड के रत्नाचा सोमपोच से भिड़ेगी। संप्रीति पाल को महिलाओं के अंडर-15 वर्ग में इंडोनेशिया की कीरा इंद्रियान के खिलाफ जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा जबकि जिया रावत महिलाओं के अंडर-17 एकल में थाईलैंड की पीरया वेचावोंग से 21-11 14-21 10-21 से हार गईं। पुरुष वर्ग के अंडर-15 के एकल में भारत के तीन खिलाड़ियों अभिनव गर्ग, अनीश थोप्पानी और मोहम्मद अली मीर ने अपने-अपने मैच जीते।पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में ध्रुव नेगी ने सिंगापुर के नगे जू जिन को 43 मिनट तक चले करीबी मुकाबले में 21-19 19-21 21-17 से हराया लेकिन अंश नेगी सिंगापुर के शोता नत्सुका से 20-22 21-16 12-21 से हार गए।

### रंग-बिरंगा ध्वज लिए एक दर्शक विश्व कप मैदान में दौड़ा



**लुसैल (कतर)।** पुर्तगाल और उरूग्वे के बीच विश्व कप फुटबॉल मैच के दौरान एक दर्शक रंग-बिरंगा ध्वज लिए मैदान पर उतर पड़ा जिसने सुपरमैन वाली नीली टीशर्ट पहन रखी थी जिस पर लिखा था, सेव यूक्रेन। सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इससे पहले उसने झंडा जमीन पर रख दिया था। रैफरी ने बाद में झंडा उठाकर साइड में रखा जहां से कर्मचारी उसे उठाकर ले गए। उस व्यक्ति की टीशर्ट के पीछे लिखा था, ईरानी महिलाओं के लिए सम्मान। टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में सात यूरोपीय टीमों को रंग-बिरंगा वन लव आर्मबैंड पहनने की अनुमति नहीं दी गई। कुछ प्रशंसकों ने शिकायत की कि उन्हें एलजीबीटीक्यू अधिकारों की परिचायक रंग बिरंगी चीजें मैदान में ले जाने की अनुमति नहीं मिल रही है।

### पाकिस्तान में 17 साल बाद खेलने को लेकर एंडरसन उत्साहित




**रावलपिंडी।** इंग्लैंड के पिछले पाकिस्तान दौरे पर 17 साल पहले खेलने वाले मौजूदा टीम के एकमात्र सदस्य तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन एक बार फिर इस देश में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।एंडरसन ने पिछले पांच से छह साल में अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत की है और वह 40 बरस की उम्र में अब भी इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे हैं। उन्होंने 2003 में लार्ड्स में जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट पदार्पण किया था।एंडरसन ने मंगलवार को कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं प्राकृतिक रूप से फिट हूं। मैं भाग्यशाली महसूस करता हूं कि अब भी टीम का हिस्सा हूं, बेहद भाग्यशाली हूं कि इतने लंबे समय बाद दोबारा पाकिस्तान आया हूं। यह तेज गेंदबाज 2005 के दौरे पर तीन टेस्ट की श्रृंखला के एक भी मैच में नहीं खेला था जिसे पाकिस्तान ने 2-0 से जीता। गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला में एंडरसन के लंबे समय से अपने तेज गेंदबाजी जोड़ीदार रहे स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। एंडरसन ने कहा, हमारा यहां शानदार स्वागत हुआ। सभी खिलाड़ी यहां वापस आकर उत्साहित हैं, जो खिलाड़ी 17 साल पहले यहां नहीं थे उन्हें भी पता है कि विश्व क्रिकेट के लिहाज से यह दौरा कितना बड़ा है। वर्ष 2009 में श्रीलंका की टीम बस पर आतंकी हमले के बाद से विदेशी टीम पाकिस्तान का दौरा करने से बचती रहीं। पाकिस्तान ने इस दौरान दो बार इंग्लैंड की मेजबानी यूएई में की।

# लक्ष्य सेन फिर छठे स्थान पर गायत्री-त्रीशा शीर्ष 20 में पहुंची

### लक्ष्य ने 23 टूर्नामेंट से 75,024 अंक जुटाए

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से दोबारा करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए। मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले अल्मोड़ा के 21 साल के लक्ष्य ने 23 टूर्नामेंट से 75,024 अंक जुटाए हैं।

किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय 11वें और 12वें स्थान पर बरकरार हैं। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी दो स्थान के फायदे से शीर्ष 20 में जगह बनाने में सफल रही है। यह जोड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की इस कांस्य पदक विजेता जोड़ी के 17 टूर्नामेंट में 46,020 अंक हैं। फ्रेंच ओपन और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पुरुष युगल में सातवें स्थान पर बनी हुई है। इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी भी 24वें स्थान पर बरकरार है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के बाद किसी भी टूर्नामेंट में नहीं खेलने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर कायम हैं।

# दीक्षा डागर स्पेन में 41वें स्थान पर रहीं

**बेहनाविस।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने डालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक ओवर 74 का कार्ड खेला लेकिन वह लेडीज यूरोपीय टूर में अगले सत्र के लिए अपना टिकट पक्का करने में सफल रही। दीक्षा ने इस तरह से लगातार पांचवें वर्ष लेडीज जी यूरोपीय टूर में जगह बनाई। वह इस टूर में जगह बनाने वाली दूसरी भारतीय है।

दीक्षा डालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डी एस्पाना में संयुक्त 41वें स्थान पर रही।वाणी कपूर ने भी एक ओवर 74 का कार्ड खेला और वह भी संयुक्त 41वें स्थान पर रही। एक अन्य भारतीय अमनदीप द्राल ने संयुक्त 45वां स्थान हासिल किया। लेडीज यूरोपीय टूर के आर्डर ऑफ मेरिट में दीक्षा 54वें जबकि वाणी कपूर 63वें और अमनदीप 66वें स्थान पर रही।

## पैट कमिंस ने लैंगर को दिया जवाब, कहा

# आस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नहीं

**एजेंसी।** पर्थ

**टेस्ट** कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पूर्व कोच जस्टिन लैंगर को करारा जवाब देते हुए कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नहीं है और उनके इस तरह के बयान से वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ध्यान नहीं भटकेगा।

लैंगर ने पिछले सप्ताह आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कायर बताया और कहा था कि कुछ खिलाड़ियों ने उनकी पीठ के पीछे जो किया और ड्रेसिंग रूम की बातें सार्वजनिक की, उससे उन्हें नफरत है। कमिंस ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा, आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में कोई कायर नहीं है। कभी नहीं था। उन्होंने कहा, मैं निजी संवाद को कभी सार्वजनिक नहीं करता। कई बार मैदान से बाहर के मसलों पर फोकस होना निराशाजनक होता है लेकिन इससे हमारी टीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लैंगर ने इस साल फरवरी में मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था क्योंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनके अनुबंध में दीर्घकालिन विस्तार से इनकार कर दिया था। लैंगर ने बाद में अपना बयान वापिस लेते हुए कहा था कि खिलाड़ी उनके छोटे भाई जैसे है।



# टी-20 लीगों के लिए और खिलाड़ी छोड़ सकते हैं केंद्रीय अनुबंध : साउदी

### टी-20 लीग के आने से क्रिकेट का परिदृश्य बदल गया

**एजेंसी।** क्राइस्टचर्च



**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज टिम साउदी का मानना है कि आईपीएल समेत दुनिया भर में लुभावनी टी-20 लीग के आने से क्रिकेट का परिदृश्य बदल गया है और अब अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय अनुबंध छोड़ सकते हैं।

न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ी ट्रेंट बोल्ट, मार्टिन गुप्टिल और जिम्मी नीशाम अभी तक अलग अलग लीग में खेलने के लिए अपने केंद्रीय अनुबंध छोड़ चुके हैं। साउदी ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले कहा, पिछले कुछ महीने में क्रिकेट का परिदृश्य बदल चुका है। मेरा न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंध है और मैं आईपीएल खेलूंगा। देखते हैं कि आगे क्या होता है लेकिन दो तीन साल पहले की तुलना में अब बहुत कुछ बदल चुका है।

# उच्च न्यायालय का पुरस्कार समारोह पर रोक लगाने से इनकार

### एथलीट मनजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया निर्णय

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने धावक मनजीत सिंह का नाम पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं किए जाने को लेकर राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह के दौरान दिए जाने वाले अर्जुन पुरस्कारों पर मंगलवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एमसिंह ने एशियाई खेल 2018 में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट मनजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, मैं पुरस्कार समारोह को नहीं रोकने जा रही हूं जो कि कल (बुधवार) आयोजित किए जाएंगे। मनजीत ने अपनी याचिका में कहा था कि उन्होंने जकार्ता में आयोजित 18वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और इसलिए उन्होंने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार देने पर विचार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब देने के लिए कहा है।

# उमरान की गति से बल्लेबाजों को चकमा देने में मदद मिलती है : अर्शदीप

### अर्शदीप 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करते हैं

**एजेंसी।** क्राइस्टचर्च



**उनकी** गेंदबाजी शैली में जमीन आसमान का अंतर है लेकिन अर्शदीप सिंह को उमरान मलिक की तेज रफ्तार से फायदा मिलता है क्योंकि उनकी गति में अंतर से बल्लेबाजों को सामंजस्य बिठाने में दिक्कत होती है। जम्मू के तेज गंदबाज उमरान विश्व क्रिकेट में इंग्लैंड के मार्क वुड और दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्किया के साथ सबसे तेज गेंदबाज हैं जो 150 किलोमीटर की रफ्तार से लगातार गेंद डाल सकते हैं।

अर्शदीप स्विंग गेंदबाज हैं जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करते हैं। दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आकलैंड में पहले मैच में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और अर्शदीप चाहते हैं कि यह जोड़ी बनी रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले कहा, उमरान के साथ गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा लगता है।

वह खुशदिल इंसान है और ड्रेसिंग रूम का माहौल भी अच्छा रहता है। उन्होंने कहा, जहां तक गेंदबाजी का सवाल है तो उमरान की गेंदबाजी से मुझे काफी फायदा होता है क्योंकि बल्लेबाज को 155 से 135 की रफ्तार में ढलने में दिक्कत आती है। वे गति से चकमा खा जाते हैं। उम्मीद है कि आगे भी हम इस तरह एक दूसरे के साथ गेंदबाजी करते रहेंगे।

# पोलैंड के खिलाफ अर्जेन्टीना की नजरें एक बार फिर मेस्सी पर

### टीम आज पोलैंड के खिलाफ खेलेगी

**एजेंसी।** दोहा



**लियोनल** मेस्सी मौजूदा विश्व कप मं पहले ही एक बार अर्जेन्टीना के खेवनहार की भूमिका निभा चुके हैं और टीम को बुधवार को पोलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में भी उसने इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिससे कि टीम की नॉकआउट में जगह बनाने की राह आसान हो जाए।

अर्जेन्टीना में पूजे जाने वाले मेस्सी संभवत: अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे हैं और वह अपनी ट्रॉफियों के कैबिनेट में इस प्रतिष्ठित खिताब को भी शामिल करना चाहेंगे। मेस्सी विश्व कप के अलावा कर बड़ा खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रोबर्ट लेवानदोवस्की के लिए भी यह संभवत: अंतिम विश्व कप होगा। ग्रुप सी में टीम की संभावनाओं पर बात करें तो पोलैंड के खिलाफ जीत अर्जेन्टीना की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित करेगी। मुकाबला ड्रॉ होने की स्थिति में अर्जेन्टीना की टीम या तो पोलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहेगी या फिर सउद्दी अरब और मैक्सिको की टीम उसे बाहर कर सकती हैं। अर्जेन्टीना की टीम हार के बावजूद नॉकआउट की दौड़ में बनी रह सकती है लेकिन इस शर्मनाक स्थिति का सामना करना टीम के लिए आसान नहीं होगा। अर्जेन्टीना को अपने पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ 1-2 की उलटफेर भरी हार का सामना करना पड़ा था और टीम अब 2002 के बाद पहली बार ग्रुप चरण से ही बाहर होने से बचने के लिए चुनौती पेश कर रही है। सऊदी अरब और मैक्सिको के बीच मुकाबला भी अर्जेन्टीना और पोलैंड के बीच होने वाले मुकाबले के साथ ही खेला।

### सऊदी अरब के खिलाफ मेक्सिको के लिए करो या मरो का मुकाबला

**कतर।** पिछले 44 साल में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए मेक्सिको को विश्व कप फुटबॉल में ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में बुधवार को सउदी अरब को हर हालत में हराना होगा और दूसरे मैच का नतीजा भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार ग्रुप सी में अंकतालिका में सबसे नीचे है। उसे लुसैल स्टेडियम पर कल होने वाला मैच हर हालत में जीतना होगा। मेक्सिको आखिरी बार 1978 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हुआ था। उसे जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि लियोनेल मेस्सी की अर्जेटीना टीम पोलैंड से हार जाए। अगर मेक्सिको जीत जाता है और अर्जेटीना भी अपना मैच जीत जाता है तो फैसला गोल औसत के आधार पर होगा। मेक्सिको ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं किया है।

# बीसीसीआई ने अपने अध्यक्ष को हितों के टकराव का नोटिस जारी किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली,

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आचरण अधिकारी विनीत सरन ने बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी को हितों के टकराव का नोटिस भेजा है।

सरन ने बिन्नी को उनके खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों के मामले में 20 दिसंबर तक लिखित जवाब देने को कहा है।शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता ने आरोप लगाया है कि बिन्नी का हितों का टकराव है क्योंकि उनकी बहू स्टार स्पोर्ट्स के लिए काम करती है जिसे भारतीय क्रिकेट के घरेलू सत्र के मीडिया अधिकार हासिल हैं।सरन ने 21 नवंबर को जारी नोटिस में कहा, आपको सूचित किया जाता है कि बीसीसीआई के आचरण अधिकारी को बीसीसीआई के नियम 38 (1) (एक) और नियम 38 (2) के उल्लंघन को लेकर शिकायत मिली है जो आपके हितों के टकराव से जुड़े हैं। इसके अनुसार, आपको निर्देश दिया जाता है कि शिकायत पर अपनी लिखित प्रतिक्रिया 20 दिसंबर 2022 को या इससे पहले दें। इस प्रतिक्रिया के समर्थन में हलफनामा भी दायर किया जाना चाहिए। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बिन्नी अक्टूबर में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष बने। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली। बिन्नी भारत के लिए 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।